दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



सबसे प्यारा अनमोल........ राखी का तोहफा.......

वर्ष : 11 | अंक : 227 | लखनऊ, 04 अगस्त, सोमवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए


# सीएम योगी ने 1494 युवाओं को दिया नियुक्ति पत्र

## पुलिस में 30 हजार कार्मिकों की और होगी भर्ती

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का उत्तर प्रदेश पुलिस को हर प्रकार से समृद्ध करने का अभियान जारी है। उत्तर प्रदेश की सुदृढ़ कानून व्यवस्था मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शीर्ष वरीयता में है और इसी को अधिक मजबूत करने के क्रम में 60,244 सिपाहियों की भर्ती के बाद यूपी पुलिस दूरसंचार विभाग के लिए चयनित 1494 युवाओं को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में नियुक्ति-पत्र वितरित किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस बल में जल्द ही 30 हजार और कार्मिकों की भर्ती की जाएगी। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड जल्दी भर्ती की प्रक्रिया शुरू करेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस में भर्ती होने वाले कार्मिकों में 20 प्रतिशत अग्नि वीरों को भी शामिल किया जाएगा। इससे हमें प्रशिक्षित कार्मिक मिल सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में पुलिस भर्ती में भाई भतीजावाद चलता था। हर पद की बोली लगती थी। पूरा प्रदेश दंगों की चपेट में था। अयोध्या और काशी जैसे धार्मिक स्थलों पर भी आतंकी हमले होते थे। उस दौर में गुंडाराज, आतंकी हमले, और युवाओं का पलायन आम बात थी, लेकिन आज की यूपी एक निवेश का केंद्र बन चुका है। आज पूरे देश में कानून व्यवस्था को लेकर उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है। कानून व्यवस्था के मामले में उत्तर प्रदेश में अपनी अलग पहचान बनाई है। 2017 से लेकर अभी तक प्रदेश 8.5 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है। सबसे ज्यादा 2,17,500 नौकरियां उत्तर प्रदेश पुलिस में युवाओं को दी गई हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस को संवेदनशील होना पड़ेगा साथ ही अपराधियों के प्रति सख्त भी। सीएम ने भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार कानून व्यवस्था, रोजगार और विकास के हर मोर्चे पर युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर दे रही है।

### योगी सरकार बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार से जोड़ रही

कार्यक्रम में मौजूद प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बयाया कि योगी आदित्यनाथ सरकार इस वर्ष अब तक दो लाख 16 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दे चुकी है। योगी सरकार बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार से जोड़ रही है। अब तक प्रदेश में 8.50 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां, 3.75 लाख संविदा नियुक्तियां और मिशन रोजगार के तहत 2 करोड़ से अधिक निजी क्षेत्र व एमएसएमऊ में रोजगार के अवसर सृजित किए जा चुके हैं। सरकार का लक्ष्य है कि गांव और हर शहर में रोजगार उपलब्ध हो और प्रदेश का हर युवा सशक्त और स्वावलंबी बने। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि 2017 के बाद से 8.50 लाख से ज्यादा युवाओं को नौकरी दी गई है। डीजीपी राजीव कृष्ण ने कहा कि दूरसंचार विभाग पुलिस की रीड की हड्डी है। अभी तक 63 जिलों में पुलिस की डिजिटल केंद्रों की स्थापना की जा चुकी है, शेष 12 जिलों में जल्द ही पुलिस के डिजिटल केंद्रों की स्थापना पूरी कर ली जाएगी।

### सहायक परिचालक पद पर 274 महिला अभ्यर्थियों

चयनित अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण पूरा हो गया है। सहायक परिचालक के कुल पदों में 274 महिला अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। कर्मशाला कर्मचारी के 120 पदों पर चयनित अभ्यर्थियों में 23 महिला अभ्यर्थी शामिल हैं। सहायक परिचालक के 1,374 पदों पर भर्ती-2022 के तहत 3,89,711 अभ्यर्थियों ने आनलाइन आवेदन किया था। भर्ती बोर्ड ने एक फरवरी से आठ फरवरी, 2024 के मध्य 16 पालियों में आनलाइन लिखित परीक्षा कराई थी। 11 जिलों में हुई परीक्षा में 4,216 अभ्यर्थियों को अभिलेखों की जांच व शारीरिक मानक परीक्षण के लिए बुलाया गया था। इसके उपरांत सात से 12 मार्च, 2025 के मध्य शारीरिक दक्षता परीक्षा (दौड़) हुई थी। भर्ती बोर्ड ने प्रसामान्यीकृत अंकों (नार्मलाइज्ड स्कोर) के श्रेष्ठताक्रम के आधार पर अंतिम परीक्षा परिणाम घोषित किया था। ऐसे ही कर्मशाला कर्मचारी के पदों पर आनलाइन लिखित परीक्षा के उपरांत अभ्यर्थियों का चयन हुआ था।

# दिल्ली सरकार का प्रशासनिक फेरबदल

## करीब 24 आईएएस, दानिक्स अधिकारियों का तबादला

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, दिल्ली सरकार ने बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और दिल्ली, अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, दमन एवं दीव तथा दादरा और नगर हवेली सिविल सेवा (दानिक्स) के लगभग 24 अधिकारियों के अंतर-विभागीय तबादले और नियुक्तियां की हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

सरकार के सेवा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, 1997 बैच के अरुणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम और केंद्र शासित प्रदेश (एजीएमयूटी) कैडर के आईएएस अधिकारी संदीप कुमार को प्रमुख सचिव (आईटी) का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वह पहले से ही सतर्कता, पर्यावरण और प्रशासनिक सुधार विभागों के प्रधान सचिव का कार्यभार संभाल रहे हैं।

सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) की प्रधान सचिव एवं 2000 बैच की आईएएस अधिकारी दिलराज कौर का जीएडी से तबादला कर दिया गया है। उनके पास समाज कल्याण, अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा विभाग ओबीसी विभागों का अतिरिक्त प्रभार है। वह अब समाज कल्याण विभाग की प्रमुख सचिव होंगी तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग का भी कार्यभार संभालेंगी।

आदेश में कहा गया है कि 2004 बैच के आईएएस अधिकारी शूरबीर सिंह को वित्त विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है तथा उन्हें सचिव (जीएडी) और सचिव (ऊर्जा) का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। अब तक वह ऊर्जा विभाग के सचिव थे और वित्त विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे।

दिल्ली के मुख्यमंत्री के सचिव विकास आनंद (2002 बैच के आईएएस अधिकारी) को सूचना एवं प्रचार सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। आदेश में कहा गया है कि वर्तमान में दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के प्रबंध निदेशक हैं और विशेष आयुक्त (परिवहन) का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे 2012 बैच के आईएएस अधिकारी प्रिंस धवन विशेष सचिव (सूचना प्रौद्योगिकी) और जियोस्पेशियल दिल्ली लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगे।

### मौसम



| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 42.c |
| न्यूनतम तापमान | 29.c |

### बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| सेंसेक्स | 82,530.74 |
| निफटी | 25,062.10 |

# श्रीनगर एयरपोर्ट पर 9 किलो अतिरिक्त सामान को लेकर बवाल

### सैन्य अधिकारी ने कर्मचारियों को बेरहमी से पीटा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, श्रीनगर हवाई अड्डे पर एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक सैन्य अधिकारी पर स्पाइसजेट के चार कर्मचारियों पर जानलेवा हमला करने का आरोप है। इस हमले में कर्मचारियों को रीढ की हड्डी में फ्रैक्चर और अन्य गंभीर चोटें आई हैं। यह घटना अतिरिक्त सामान को लेकर हुए विवाद के बाद हुई।

### क्या है पूरा मामला?

यह घटना 26 जुलाई, 2025 को श्रीनगर से दिल्ली जाने वाली उड़ान रऋ-386 के बोर्डिंग गेट पर हुई। विवाद की वजह जो सामने आई है, वो यह कि सैन्य अधिकारी दो हैंड बैगेज ले जा रहे थे, जिनका कुल वजन 16 किलो था, जबकि नियम के अनुसार केवल 7 किलो की अनुमति है। जब एयरलाइन कर्मचारियों ने उन्हें अतिरिक्त सामान के बारे में बताया और शुल्क भरने को कहा, तो वे भडक गए। अधिकारी ने न सिर्फ शुल्क देने से इनकार किया, बल्कि कर्मचारियों पर बार-बार घूंसे और लातें बरसाईं। एक कर्मचारी को इतनी बुरी तरह पीटा गया कि वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गया, लेकिन अधिकारी उसे लगातार मारता रहा। एक अन्य कर्मचारी को भी जबडे पर लात लगी, जिससे उसकी नाक और मुंह से खून बहने लगा।

# गोंडा सड़क दुर्घटना में 11 लोगों की मौत

## पीड़ितों के लिए पीएम मोदी का ऐलान, मृतकों के परिजनों को मिलेगा 2 लाख का मुआवजा

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में एक भयानक सड़क दुर्घटना में 11 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा इटिया थोक थाना क्षेत्र में हुआ, जहां एक ओवरलोड बोलेरो अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरा। बोलेरो में कुल 15 लोग सवार थे, जो मोतीगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले थे और पृथ्वीनाथ मंदिर में पूजा करने जा रहे थे।

### बचाव और राहत कार्य

हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस ने तुरंत बचाव अभियान शुरू किया। गोंडा के SP विनीत जायसवाल ने बताया, 'बचाव दल ने 4 लोगों को, जिसमें 2 बच्चे और ड्राइवर शामिल हैं, सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।' पुलिस ने नहर से 11 शव बरामद किए हैं, जिन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शुरूआती जांच में हादसे की मुख्य वजह ओवरलोडिंग बताई जा रही है।

### मुख्यमंत्री ने जताया दुख और की सहायता की घोषणा

इस दुखद घटना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने पीडित परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं और अधिकारियों को तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने घायलों के बेहतर इलाज के भी निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही, उन्होंने हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने चिकित्सा सुविधाओं और तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

### प्रधानमंत्री राहत कोष से मिलेगी मदद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोंडा हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के लिए आर्थिक सहायता की घोषणा की है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिवार को 2 लाख रुपये दिए जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### अमरनाथ गुफा मंदिर में इस साल 4.14 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए

एक सप्ताह पहले यात्रा स्थगित

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, वार्षिक अमरनाथ यात्रा के अंतिम दिन 6,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने दक्षिण कश्मीर हिमालय स्थित पवित्र गुफा मंदिर में हिम शिवलिंग के दर्शन किए, जिससे कुल यात्रियों की संख्या 4.14 लाख हो गई। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। पिछले वर्ष 5.10 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने इस गुफा मंदिर में दर्शन किए थे। अमरनाथ यात्रा का समापन आम तौर पर रक्षा बंधन के दिन होता है। इस साल यह यात्रा 9 अगस्त को समाप्त होने वाला था। अधिकारियों ने भारी बारिश के मद्देनजर महत्वपूर्ण मरम्मत और रखरखाव कार्यों का हवाला देते हुए यात्रा को एक सप्ताह छोटा करने का निर्णय किया।

# महाराष्ट्र सरकार राज्य से मराठी भाषा को खत्म करने की कोशिश कर रही है : उद्धव ठाकरे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत महाराष्ट्र सरकार पर राज्य से मराठी को खत्म करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। ठाकरे ने इसके साथ ही भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे मंत्रियों को बर्खास्त नहीं करने के लिए देवेंद्र फडणवीस को असहाय मुख्यमंत्री करार दिया। मुंबई के बांद्रा स्थित अपने आवास मातोश्री में ठाकरे ने कहा कि हालांकि विपक्ष ने मंत्रियों के भ्रष्टाचार का सबूत दिया था, लेकिन उन्हें केवल चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। ठाकरे के आवास मातोश्री में शेतकरी क्रांति संगठन का शिवसेना (उबाठा) में विलय हुआ। ठाकरे ने कहा, मैंने पहले कभी इतना असहाय मुख्यमंत्री नहीं देखा। कोई किसी से जवाब नहीं मांग सकता। विपक्षी दल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के मंत्री माणिकराव कोकाटे के इस्तीफे की मांग कर रहे थे, जिन्हें उस कथित वीडियो के सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद आलोचना का सामना करना पड़ा जिसमें उन्हें विधान परिषद में ऑनलाइनरमी खेलते दिखया गया है। इसके बाद कोकाटे को किसानों के बारे में असंवेदनशील टिप्पणी के लिए भी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। बृहस्पतिवार रात कोकाटे को कृषि मंत्रालय से खेल एवं युवा कल्याण विभाग में स्थानांतरित कर दिया गया। शिवसेना (यूबीटी) खासतौर पर अपने प्रतिद्वंद्वी शिवसेना के मंत्रियों संजय शिरसाट, संजय राठौड़ और योगेश कदम पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उनके इस्तीफे की मांग कर रही है। ठाकरे ने कहा कि उनकी पार्टी मंत्रियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के मुद्दे पर राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन करेगी। विवाद पर, पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे ने कहा, सरकार महाराष्ट्र से मराठी को खत्म करने की कोशिश कर रही है।

# भाजपा ने सामूहिक दुर्गा पूजा के लिए 1.1 लाख रुपये के अनुदान पर ममता की आलोचना की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा सामूहिक दुर्गा पूजा के लिए 1.1 लाख रुपये का सरकारी अनुदान देने की घोषणा को लेकर उनकी आलोचना की तथा उन (ममता बनर्जी) पर धर्म की राजनीति में लिप्त होने का आरोप लगाया। भाजपा की राज्य इकाई की महासचिव अग्निमित्र पॉल ने शनिवार को आरोप लगाया कि बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार विकास की अनदेखी कर रही है और सिर्फ खैरात बांट रही है। आसनसोल दक्षिण निर्वाचन क्षेत्र से विधायक पॉल ने कहा कि सरकार का उद्देश्य मंदिर बनाना और पूजा के लिए अनुदान देना भर नहीं हो सकता। उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कहा, इससे पता चलता है कि सरकार अपनी प्राथमिकताएं बदल रही है। सड़कें बनाने और रोजगार उपलब्ध कराने के बजाय ममता बनर्जी धर्म की राजनीति करने में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि अब अन्य समुदायों के लोग भी सरकार से मांग करेंगे कि दीघा के जगन्नाथ मंदिर की तरह उनके पूजा स्थलों का भी निर्माण कराया जाए। फैशन डिजाइनर से नेता बनीं पॉल ने कहा कि भाजपा शिक्षा क्षेत्र के विकास, रोजगार उपलब्ध कराने और हर भारतीय नागरिक के उत्थान के पक्ष में है चाहे उनका धर्म कुछ भी हो।

# किसान सम्मान निधि के तहत उत्तराखंड के किसानों को 3,300 करोड़ रुपये का भुगतान: धामी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी होने के साथ ही राज्य के किसानों को अब तक 3,300 करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्रदान की जा चुकी है। वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को योजना की 20वीं किस्त के तहत देश के 9.70 करोड़ किसानों के खातों में कुल 20,500 करोड़ रुपये से अधिक की राशि डिजिटल रूप से अंतरित की। इस कार्यक्रम से डिजिटल तरीके से जुड़े धामी ने कहा कि इसके साथ ही उत्तराखंड के आठ लाख से अधिक लाभार्थी किसान परिवारों को 184.25 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की गई। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत अब तक उत्तराखंड के किसानों को कुल 3,300 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। वर्ष 2014 के बाद, देश भर में किसानों के कल्याण के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसानों की आय दोगुनी करने और उनके जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। धामी ने कहा कि कहा कि प्रमुख फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाकर किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य दिलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के माध्यम से किसानों को प्राकृतिक आपदाओं, फसल को रोगों और कीटों से होने वाले नुकसान के लिए भी सुरक्षा कवच प्रदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के माध्यम से खेतों की मिट्टी की वैज्ञानिक जांच कर किसानों को पोषक तत्वों और आवश्यक उर्वरकों की कमी के बारे में भी जानकारी दी जा रही है, जिससे उनकी उपज की गुणवत्ता और भूमि की उर्वरता दोनों में सुधार हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार प्रदेश के किसानों के उत्थान और समृद्धि के लिए निरन्तर कार्य कर रही है। धामी ने कहा कि प्रदेश में किसानों को बिना ब्याज के तीन लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि यंत्रों की खरीद के लिए फार्म मशीनरी बैंक योजना के माध्यम से 80 प्रतिशत तक की सब्सिडी भी दी जा रही है।

# भीड़ ने चोरी के शक में नेपाली महिला को पीटा, चार गिरफ्तार

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

बरेली ,उत्तर प्रदेश के बरेली में नौकरी की तलाश मेंएक नेपाली महिला को भीड़ ने कथित तौर पर चोरी के शक में पीट दिया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि नेपाल के पोखरा जिले की रहने वाली सुष्मिता सारू मागर उर्फ काजल नाम की महिला को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, महिला बारादरी में अपने एक परिचित विनय गंगवार के घर पर थी। शनिवार रात करीब एक बजे जब फोन पर बात करते हुए वह छत पर, तब कुछ लोगों ने उसे चोर समझ लिया। किला थाने के अधिकारियों ने बताया कि लोगों ने शोर मचाया, टॉर्च की रोशनी में उसे देखा और उसका पीछा किया। उन्होंने कहा कि डरकर उसने छत का दरवाजा खोलने की कोशिश की, ऐसा न कर पाने पर वह घबराहट में छत से कूद गई और जमीन पर गिर गई। अधिकारियों ने कहा कि इसके बाद भीड़ ने उसे लाठियों से पीट दिया। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें महिला हाथ जोड़कर विनती करती दिख रही है और बार-बार कह रही है, मैं चोर नहीं हूं, लेकिन भीड़ उस पर हमला करती रही। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (नगर) मानुष पारीक ने कहा कि वीडियो और पीड़िता की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और चार आरोपियों गौरव सक्सेना, शिवम सक्सेना, अमन सक्सेना और अरुण सैनी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि बाकी आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह नोएडा में काम करती थी, लेकिन उसकी नौकरी छूट गई थी और वह काम की तलाश में एक परिचित के माध्यम से बरेली आई थी।

# 32 साल बाद मिला न्याय, 7 लोगों के फर्जी एनकाउंटर केस में 5 पुलिसवाले दोषी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार




नई दिल्ली, मोहाली की एक सीबीआई अदालत ने 1993 में तरनतारन जिले में हुई दो फर्जी मुठभेड़ों में शामिल होने के आरोप में एक पूर्व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) और एक पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) सहित पंजाब पुलिस के पांच सेवानिवृत्त अधिकारियों को दोषी ठहराया है। जिन लोगों को दोषी ठहराया गया है उनमें पूर्व पुलिस उपाधीक्षक भूपिंदरजीत सिंह (जो बाद में एसएसपी के पद से सेवानिवृत्त हुए), पूर्व सहायक उप-निरीक्षक दविंदर सिंह (जो डीएसपी के पद से सेवानिवृत्त हुए), पूर्व सहायक उप-निरीक्षक गुलबर्ग सिंह, पूर्व निरीक्षक सूबा सिंह और पूर्व एएसआई रघबीर सिंह शामिल हैं। रानी वल्लाह गांव के सात लोगों, जिनमें चार विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) भी शामिल थे, को पुलिस ने अवैध रूप से उठा लिया, उन पर अत्याचार किया और उनकी हत्या कर दी। इन अधिकारियों को आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत आपराधिक षड्यंत्र, हत्या, सबूत नष्ट करने और रिकॉर्ड में हेराफेरी करने का दोषी पाया गया। फैसले के बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया और जल्द ही सजा सुनाई जाएगी।

सीबीआई की जाँच से पता चला कि सरहाली पुलिस स्टेशन के तत्कालीन स्टेशन हाउस ऑफिसर गुरदेव सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस दल ने 27 जून, 1993 को एक सरकारी ठेकेदार के घर से विशेष पुलिस अधिकारी शिंदर सिंह, देसा सिंह, सुखदेव सिंह और बलकार सिंह तथा दलजीत सिंह नामक दो अन्य लोगों को हिरासत में लिया था। सीबीआई की जाँच से पता चला कि इन लोगों को डकैती के एक झूठे मामले में फँसाया गया था। इसके बाद, 2 जुलाई, 1993 को सरहाली पुलिस ने शिंदर सिंह, देसा सिंह और सुखदेव सिंह के खिलाफ सरकारी हथियारों के साथ फरार होने का मामला दर्ज किया।

## टैक्सी चालक ने की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। निगोहां थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव के रहने वाले पैंतीस वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मृतक की पहचान पंकज यादव पुत्र भगौती यादव के रूप में हुई है जो मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था घटना बीते शुक्रवार सुबह की है घटना की सूचना मिलते ही निगोहां पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक पंकज यादव अपने पीछे पत्नी आरती यादव और दो छोटे बच्चों को छोड़ गया है परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है मृतक पंकज के छोटे भाई जितेंद्र यादव ने पुलिस को घटना की जानकारी दी और लिखित तहरीर भी दी है आत्महत्या के कारणों का फिलहाल स्पष्ट पता नहीं चल सका है लेकिन पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और जांच के आधार पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## बेखौफ चोरों ने निजी स्कूल से एलइडी टीवी और दो कंप्यूटर सेट किया चोरी

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात चोरों ने एक निजी स्कूल से एक एलईडी टीवी और दो कंप्यूटर सेट चोरी कर लिए। जानकारी होने के बाद पीड़ित स्कूल मालिक ने सरोजनी नगर थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुरानी चुंगी, कानपुर रोड के बजरंग नगर निवासी उमाकांत के मुताबिक बीती 1 अगस्त की रात करीब 11 बजे सरोजनी नगर के न्यू रहीमाबाद स्थित उनके यूनिवर्सल सिटी कान्वेंट स्कूल के कमरे से दो अज्ञात लोगों ने एक एलइडी टीवी और दो कंप्यूटर सेट चोरी कर लिए। घटना स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जिसमें दो अज्ञात युवक घटना अंजाम देते नजर आ रहे हैं। फिलहाल जानकारी होने के बाद स्कूल मलिक उमाकांत की तहरीर पर सरोजनी नगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों के सहारे चोरों का सुराग लगाने में जुट गयी है।

# रियल एस्टेट सेक्टर के लिए ऐतिहासिक पहल

**राष्ट्रीय रियल एस्टेट विकास परिषद उत्तर प्रदेश इकाई का भव्य शुभारंभ, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक समेत कई दिग्गज हुए शामिल........**




अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। उत्तर प्रदेश के रियल एस्टेट सेक्टर को नई दिशा देने और सरकार उद्योग तथा आम नागरिकों के बीच सेतु की भूमिका निभाने वाली संस्था राष्ट्रीय रियल एस्टेट विकास परिषद की उत्तर प्रदेश इकाई का भव्य शुभारंभ राजधानी लखनऊ पिकैडली होटल में हुआ यह कार्यक्रम न केवल एक संगठन के आरंभ की घोषणा थी बल्कि प्रदेश में रियल एस्टेट की पारदर्शिता प्रगति और समृद्धि की ओर एक निर्णायक कदम भी था इस विशेष अवसर पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक लखनऊ की महापौर सुषमा खर्गवाल पूर्व विधायक अरविंद त्रिपाठी गुड्डू पूर्व राज्य मंत्री वीरेंद्र तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर उत्तर प्रदेश चैप्टर की औपचारिक शुरूआत की। कार्यकारिणी अनुभवी और ऊर्जावान नेतृत्व को मिली जिम्मेदारी शुभारंभ समारोह में राष्ट्रीय रियल एस्टेट विकास परिषद उत्तर प्रदेश इकाई की प्रदेश कार्यकारिणी की भी घोषणा की गई जिसमें युवा अनुभवी और प्रगतिशील नेतृत्व को जिम्मेदारी सौंपी गई डॉ.आदित्य शुक्ला को प्रदेश अध्यक्ष सौरभ सिंह (मोनू )प्रदेश महासचिव डॉ.अजय पांडे सत्यम उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया इसके अतिरिक्त अंकित श्रीवास्तव, अमित कुमार तिवारी और घनश्याम भट्ट को उपाध्यक्ष अमितेश पांडे व अभिषेक गांगुली को सचिव आदर्श भट्ट को कोषाध्यक्ष डॉ. प्रांशुल पाठक प्रदेश कार्यकारिणी के महानिदेशक अधिवक्ता आशीष कुमार शुक्ला विधिक सदस्य के पद पर मनोनीत किया गया राष्ट्रीय रियल एस्टेट विकास परिषद की स्थापना भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के अधीन वर्ष 1998 में की गई थी इसका उद्देश्य देश के रियल एस्टेट सेक्टर को संगठित करना उद्योग से जुड़े हितधारकों को एक मंच पर लाना और नीति निर्धारण से लेकर कार्यान्वयन तक सरकार के साथ समन्वय स्थापित करना है यह एक गैर लाभकारी संस्था है जो सरकार उद्योग और आम जनता को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है कार्यकम में सहभागी वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे जिसमें डॉ.आदित्य शुक्ला प्रदेश अध्यक्ष ने कहा यह न केवल एक संगठन का गठन है बल्कि प्रदेश के रियल एस्टेट सेक्टर के भविष्य को नया आकार देने की शुरूआत है हमारा प्रयास रहेगा कि प्रत्येक नागरिक को पारदर्शी विश्वसनीय और नियमन आधारित रियल एस्टेट सेवाएं प्राप्त हों साथ ही सरकार और उद्योग के बीच एक मजबूत संवाद सुनिश्चित किया जाएगा।डॉ.अजय पांडे सत्यम उपाध्यक्ष ने इस पहल को क्रांतिकारी कदम बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में यह संगठन रियल एस्टेट क्षेत्र से जुड़े लाखों लोगों के लिए मार्गदर्शक बनेगा राष्ट्रीय रियल एस्टेट विकास परिषद न केवल निर्माण क्षेत्र हितों की रक्षा करेगा बल्कि उपभोक्ताओं की समस्याओं को भी समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने में मदद करेगा उपाध्यक्ष डॉ.अजय पांडे सत्यम ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय रियल एस्टेट विकास परिषद की सक्रियता उत्तर प्रदेश में रियल एस्टेट सेक्टर को नई ऊर्जा प्रदान करेगी इससे निवेशकों का विश्वास बढ़ेगा और नीतिगत स्थिरता आएगी। अधिवक्ता आशीष कुमार शुक्ला विधिक सदस्य ने कहा राष्ट्रीय रियल एस्टेट विकास परिषद उत्तर प्रदेश चैप्टर के गठन से रियल एस्टेट से संबंधित कानूनी प्रक्रियाएं अधिक सुचारु, पारदर्शी और प्रभावी होंगी।समाज, सरकार और उद्योग के बीच संवाद की नींव कार्यक्रम में वक्ताओं ने राष्ट्रीय रियल एस्टेट विकास परिषद को ऐसा मंच बताया जो न केवल बिल्डरों डेवलपर्स और सरकारी एजेंसियों को जोड़ता है बल्कि आम नागरिकों को भी विश्वास पारदर्शिता और सुरक्षा की भावना प्रदान करता है यह संस्था रियल एस्टेट सेक्टर के विकास के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने में भी अग्रणी भूमिका निभाएगी राष्ट्रीय रियल एस्टेट विकास परिषद उत्तर प्रदेश इकाई का गठन न केवल एक औपचारिक पहल है बल्कि यह प्रदेश के रियल एस्टेट क्षेत्र को संगठित और सुव्यवस्थित करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है इस नई शुरूआत से न सिर्फ डेवलपर्स और व्यवसायी लाभान्वित होंगे बल्कि आम जनता को भी पारदर्शी और भरोसेमंद सेवा का लाभ मिलेगा यह आयोजन अपने आप में यह संकेत देता है कि उत्तर प्रदेश अब रियल एस्टेट के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ने को तैयार है संगठित पारदर्शी और सरकार-संयोजित दृष्टिकोण के साथ रियल एस्टेट क्षेत्र में ये निर्णायक कदम है।

## डॉ. अंबेडकर से जुड़े स्थलों की यात्रा के लिए अंबेडकर तीर्थ-स्थल यात्रा योजना' शुरू करने की मांग

**जयंत चौधरी ने मुख्यमंत्री योगी को भेजा पत्र....**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। भारत सरकार में कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय स्वतंत्र प्रभार एवं शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर प्रदेश में 'अंबेडकर तीर्थ-स्थल यात्रा योजना' शुरू करने का आग्रह किया है। यह योजना डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन और विचारों से आम जनमानस, विशेषकर युवाओं को जोड़ने का प्रयास होगी।जयंत चौधरी ने पत्र में लिखा कि डॉ. अंबेडकर ने भारत के संविधान निर्माण और वंचित तबकों के उत्थान के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनका जीवन आज भी प्रेरणा का स्रोत है, और ऐसे महान विचारक से जुड़ी स्थलों की यात्रा के माध्यम से प्रदेश के युवाओं और वंचित समाज को सशक्तिकरण की दिशा में प्रेरित किया जा सकता है।उन्होंने योजना के अंतर्गत डॉ. अंबेडकर से जुड़े पांच प्रमुख तीर्थ-स्थलों महू जन्मस्थली नाशिक सत्याग्रह भूमि नागपुर-दीक्षा भूमि, दिल्ली महापरिनिर्वाण स्थल और मुंबई की यात्रा को शामिल करने का प्रस्ताव रखा है। यह यात्रा सरकार की ओर से निःशुल्क आयोजित की जाए, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग इसका लाभ उठा सकें।पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि उत्तर प्रदेश की बड़ी जनसंख्या और सामाजिक-राजनीतिक चेतना को देखते हुए यह योजना राज्य के लिए ऐतिहासिक और प्रेरणादायक साबित हो सकती है। जयंत चौधरी ने मुख्यमंत्री से इस प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार करने की अपील की है। जयंत चौधरी ने विश्वास जताया कि अंबेडकर तीर्थ-स्थल यात्रा योजना को अमल में लाने से प्रदेश के लोग डॉ. अंबेडकर के विचारों और संघर्षों से गहराई से जुड़ सकेंगे और सामाजिक समरसता की दिशा में एक ठोस कदम बढ़ाया जा सकेगा।

## न्यायालय से गैर जमानती वारंट में तीन वांछित अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




मोहनलालगंज। निगोहां पुलिस को शनिवार को बड़ी सफलता हाथ लगी माननीय न्यायालय से वांछित चल रहे तीन आरोपियों को उनके गांव से गिरफ्तार कर लिया मोहनलालगंज एसीपी रजनीश कुमार वर्मा के निर्देशन पर निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी की टीम ने की।पुलिस से मिली।निगोहां थानाध्यक्ष अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि तीनों अभियुक्तों के खिलाफ माननीय न्यायालय द्वारा गैर-जमानती वारंट जारी था और ये काफी समय से फरार चल रहे थे पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर सभी को उनके घरों से गिरफ्तार किया गिरफ्तार किए अभियुक्त फूलचंद्र पुत्र माता प्रसाद, निवासी ग्राम शेरपुर लवल थाना निगोहां व सत्यनारायण यादव पुत्र राम प्रसाद यादव कांटा थाना निगोहां , संतराम पुत्र स्व. छेदा शेरपुर लवल थाना निगोहां के निवासी है गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम मे मुख्य रूप से उप निरीक्षक मनीष कुमार आरक्षी अरविंद कुमार पटेल, आरक्षी मनीष सिंह और चालक अरविंद कुमार मौजूद रहे तीनों आरोपियों के खिलाफ माननीय न्यायालय से वारंट जारी था और सभी को पकड़कर संबंधित न्यायालय में पेश किया गया है।

## पर्यावरण प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ ग्रामीण अंचलों में भी पहुंचेगी पर्यावरणीय चेतना.....

**●डॉ.अजय पांडेय 'सत्यम' ने किया पोस्टर लोकार्पण, इकोमित्रंम ऐप पर 21 अगस्त तक चलेगी प्रतियोगिता.**

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। रविवार को नगर पंचायत मोहनलालगंज में चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ.अजय पांडेय 'सत्यम' ने पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के प्रतिनिधि डॉ. आशीष मिश्रा और राजेश के साथ संयुक्त रूप से पोस्टर का लोकार्पण कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की इस मौके पर डॉ.अजय पांडेय ने कहा कि यह प्रतियोगिता न केवल बच्चों में पर्यावरण के प्रति समझ विकसित करेगी बल्कि उनके भीतर पर्यावरणीय उत्तरदायित्व का बोध भी कराएगी उन्होंने आश्वासन दिया कि मोहनलालगंज क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में इस प्रतियोगिता को प्रोत्साहित किया जाएगा जिससे ज्यादा से ज्यादा छात्र इसमें भाग लें।डॉ. आशीष मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि पर्यावरण प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पंजीकरण के उपरांत बीस पर्यावरणीय प्रश्नों के उत्तर ऑनलाइन देने होते हैं सफलतापूर्वक उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर का प्रमाण-पत्र तत्काल प्रदान किया जाता है। यह प्रतियोगिता इकोमित्रंम ऐप के माध्यम से इक्कीस अगस्त तक चल रही है उन्होंने यह भी बताया कि अब तक लखनऊ जिला उत्तर प्रदेश में पांचवें तथा देशभर में सत्रहवें स्थान पर पहुंच चुका है यह आंकड़ा दशार्ता है कि जिले के छात्र पर्यावरणीय विषयों में बढ़-चढ़कर भागीदारी कर रहे हैं।कार्यक्रम का उद्देश्य साफ है पर्यावरणीय चेतना को जन-जन तक पहुंचाना और आने वाली पीढ़ियों को प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरित करना।कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नागरिकों, अभिभावकों और शिक्षकों ने भी सहभागिता दिखाई और इस तरह की पहलों की सराहना की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आवश्यक लिंक व जानकारी इकोमित्रंम ऐप पर उपलब्ध है।

## बारिश भी नहीं रोक सकी भक्ति की धार शिवपुराण कथा के सातवें दिन उमड़े श्रद्धालु



अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। निगोहां क्षेत्र के दखिना गांव में चल रही शिवपुराण कथा में सातवें दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी दिनभर रुक-रुक कर बारिश होती रही लेकिन भक्तों की आस्था डिगी नही ग्रामीण अंचल से आए सैकड़ों श्रद्धालु भीगते हुए कथा स्थल पर पहुंचे और शिवकथा का आनंद लिया शिवपुराण कथा का आयोजन वरिष्ठ समाजसेवी अनमोल तिवारी के द्वारा कराया जा रहा है शनिवार को आचार्य पंडित जय शंकर शुक्ला ने भगवान शिव की महिमा का विस्तृत वर्णन करते हुए कहा कि शिव की उपासना से ही संसार का कल्याण संभव है कथा के दौरान शिवपुराण की महत्वपूर्ण चौपाइयों ने श्रद्धालुओं को भक्ति में सराबोर कर दिया जिनमें– शिव पूजन से संकट टरते भवसागर सब पार उतरते ₹जग में जो शिव नाम न ध्याए जन्म मरण के बंधन पाए ₹जैसी पंक्तियों ने विशेष प्रभाव छोड़ा कथा के दौरान निगोहां प्रेस क्लब के अध्यक्ष विमल सिंह चौहान भी अपने पत्रकार साथियों के साथ पहुंचे और आयोजन में सम्मिलित होकर शिवकथा का रसपान किया उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं कार्यक्रम का समापन रुद्राभिषेक और शिव आरती के साथ हुआ आयोजक अनमोल तिवारी ने बताया कि अगले दिन कथा में शिव-पार्वती विवाह और तारकासुर वध जैसे प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा।

## वृंदावन कॉलोनी में बारिश के बावजूद भव्य चिकित्सा एवं रक्तदान शिविर संपन्न

**●रक्तदान, नेत्र परीक्षण और ब्लड शुगर जांच शिविर में कॉलोनीवासियों ने दिखाया उत्साह.....**

**समिति अध्यक्ष इंजीनियर लाल बहादुर पांडेय सहित कई गणमान्य लोग रहे उपस्थित......**

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। जनकल्याण महासमिति के तत्वावधान और लोकबंधु राजनारायण संयुक्त चिकित्सालय के ब्लड बैंक के सहयोग से एक दिवसीय भव्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया पीजीआई क्षेत्र के वृंदावन कॉलोनी में वृंदावन आवासीय में इस शिविर रक्तदान शिविर ब्लड शुगर जांच और नेत्र परीक्षण की सुविधाएं प्रदान की गई इस कार्यक्रम की अध्यक्षता इंजीनियर लाल बहादुर पांडेय ने की और आयोजन में भारी बारिश और मौसम की प्रतिकूलता के बावजूद कॉलोनी वासियों का उत्साह अद्वितीय था वृंदावन कॉलोनी वासियों ने यह साबित कर दिया कि सेवा का जज्बा मौसम की चुनौतियों से परे होता है इस आयोजन में कॉलोनी के नागरिकों ने न केवल बढ़-चढ़कर भाग लिया बल्कि अपनी सहभागिता से इस कार्यक्रम को सफलता की ऊंचाइयों तक पहुँचाया।इस शिविर को सफल बनाने में समिति के सक्रिय सदस्य जैसे रामशंकर दुबे जयदीप शुक्ला भोलेनाथ दुबे राजकुमार प्रजापति रामप्रकाश उपाध्याय अतुल श्रीवास्तव सुनीता सिंह शशि द्विवेदी और कॉलोनी के जागरूक नागरिक जैसे समीर राउत, इंद्रजीत पांडेय, शिव बहादुर पांडेय, मनोज आनंद, पंकज सिंह, आशीष तिवारी, हरिद्वार यादव, इंजीनियर सुरेश कुमार ने अपनी प्रमुख भूमिका निभाई।महिलाओं में दिव्या गर्ग आशा चौधरी सुधा गुप्ता अर्चना पाल और सरोज द्विवेदी का योगदान विशेष रूप से सराहनीय रहा शिविर के दौरान चिकित्सा सेवा प्रदान करने हेतु ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. पी.सी. तिवारी, डॉ. विनय वर्मा, एस.पी. उपाध्याय, राजकुमार पांडेय, धनंजय प्रजापति, विपिन प्रजापति, उपेंद्र यादव, नीतू भारती, आर.के. सिंह, राज बहादुर, सुनील दास, अमित यादव और शोभित त्रिपाठी जैसे विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहे। शिविर में कुल 10 लोगों ने रक्तदान हेतु पंजीकरण कराया, जिनमें से 7 लोगों ने रक्तदान किया। इसके अतिरिक्त 35 लोगों की ब्लड शुगर जांच की गई और 32 लोगों ने नेत्र परीक्षण के लिए पंजीकरण कराया रक्तदान की शुरूआत दिव्या गर्ग ने की जिन्होंने पहले रक्तदान करने का साहसिक कार्य किया इसके बाद जयदीप शुक्ला अर्चना पाल जितेंद्र कुमार सिंह आशीष तिवारी और विवेक अवस्थी जैसे जागरूक नागरिकों ने भी रक्तदान किया शिविर के समापन पर सभी रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया समिति के अध्यक्ष इंजीनियर लाल बहादुर पांडेय ने भी स्वयं रक्तदान किया और लोगों को प्रेरित किया उन्होंने कहा कि यह शिविर न केवल स्वास्थ्य लाभ का एक माध्यम है, बल्कि सामाजिक एकजुटता और जनसेवा की भावना को भी प्रोत्साहित करता है पांडेय ने सभी चिकित्सकों समिति सदस्यों कॉलोनी वासियों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में ऐसे आयोजनों को लगातार जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई।यह शिविर एक सकारात्मक संदेश लेकर आया कि समाज में सामाजिक कार्यों के प्रति जागरूकता और भागीदारी से ही कोई भी आयोजन सफल हो सकता है।इस आयोजन ने लोगों में सेवा और सहयोग की भावना को और भी प्रगाढ़ किया।

# लेखपाल के घर में घुसा बारिश का पानी, लोग परेशान

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कई दिनों से लगातार हो रही बारिश और पानी निकासी की समस्या ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। मलिहाबाद के नजरनगर गांव में घरों के अंदर करीब एक फीट पानी भर गया है। लोग बर्तनों से पानी बाहर निकालने में जुटे हैं।

लखनऊ हरदोई हाईवे किनारे बनी पुलिया से पानी निकासी न होने के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है। लखनऊ सदर तहसील में कार्यरत लेखपाल विजय के मकान सहित आसपास कई घरों में पानी भर गया है। रविवार सुबह से यहां के लोग परेशान हैं।

घरों में पानी भरने से लोग बीती रात से सो भी नहीं पाए। पानी भरने से गृहस्थी का सामान भी खराब हो गया है। जिससे लोगों का काफी नुकसान हुआ है।लेखपाल विजय ने बताया कि लखनऊ-हरदोई राजमार्ग के किनारे बनी पुलिया से पानी निकासी नहीं हो पा रही है। जिससे घरों में भर रहा पानी।


घर में जमा बारिश का पानी – फोटो

किसी के द्वारा पुलिया को एक तरफ से मिट्टी डालकर बंद कर दिया गया गया। जिससे गांव में पानी निकासी की समस्या बनी हुई है। लगातार बारिश के बाद गांव में खाली प्लाटों में पानी भर गया है। अब मकानों में भी पानी प्रवेश कर रहा है। अधिक बारिश होने पर मोहल्ले के सभी मकानों में पानी पहुंच सकता है। इस समस्या के समाधान के लिए पहले नाली का निर्माण कराया गया था। इसके बावजूद कोई सुधार नहीं हुआ है। पूर्व में संपूर्ण समाधान दिवस मलिहाबाद में पानी निकासी को लेकर शिकायती पत्र भी दिया गया था। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। समस्या और भी गहराती जा रही है। जिससे लोग काफी आक्रोशित हैं। अगर जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ। तो उग्र लोग आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# 17 जिलों के 402 गांव बाढ़ की चपेट में, लाखों की आबादी प्रभावित

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। प्रदेश के 17 जिलों की 37 तहसीलें और 402 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। राज्य में 4,015 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल बाढ़ की चपेट में है। बाढ़ प्रभावित जिलों में कानपुर नगर, लखीमपुर खीरी, आगरा, औरैया, चित्रकूट, बलिया, बांदा, गाजीपुर, मीरजापुर, प्रयागराज, वाराणसी, चंदौली, जालौन, कानपुर देहात, हमीरपुर, इटावा और फतेहपुर शामिल हैं। राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी के जवान लगातार बचाव और राहत कार्यों में लगे हुए हैं। इन प्रभावित क्षेत्रों में 493 नावों और मोटरबोट की सहायता से राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। अब तक 6,536 खाद्यान्न पैकेट और 76,632 लंच पैकेट बांटे गए हैं। 29 लंगर के जरिये पीड़ितों को भोजन की सुविधा दी जा रही है। 905 बाढ़ शरणालयों में 11,248 लोगों को रखा गया है। 2,759 मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है। साथ ही 500 क्विंटल भूसा भी बांटा गया है। बाढ़ की चपेट में आने से 343 लोगों के मकानों को नुकसान पहुंचा है। इनमें से 327 लोगों को सहायता राशि दी जा चुकी है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जलजनित संक्रामक रोगों से बचाव के लिए 1,29,571 क्लोरीन टेबलेट और 37,089 ओआरएस पैकेट भी बांटे गए हैं। अब तक बाढ़ से प्रभावित 84,392 लोगों में से 47,906 लोगों तक सरकार ने सहायता पहुंचाई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकार के 11 मंत्रियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में उतार दिया है। मंत्री प्रभावित क्षेत्रों में जाकर राहत कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री स्वयं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे राहत कार्यों की निगरानी कर रहे हैं।

### मंत्रियों ने किया निरीक्षण

मुख्यमंत्री के निर्देश पर 11 मंत्रियों की टीम बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों के निरीक्षण के लिए पहुंच गई है। आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र दयालु ने बलिया, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने जालौन और हमीरपुर में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया।

राज्य मंत्री संजय गंगवार भी जालौन में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे। मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने इटावा में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर राहत सामग्री बांटी। प्रयागराज में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता """"नंदी"""" ने बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात की और उन्हें राहत सामग्री बांटी। मंत्री ने नाव से बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया। वाराणसी शहर दक्षिणी के विधायक व पूर्व मंत्री डा. नीलकंठ तिवारी ने कोनिया और राजघाट में बाढ़ग्रस्त घरों तक राहत सामग्री पहुंचाई। इसके अलावा मीरजापुर व बांदा, स्वतंत्र देव सिंह और प्रतिभा शुक्ला को औरैया, रामकेश निषाद को हमीरपुर, जयवीर सिंह को आगरा, सुरेश खन्ना को वाराणसी, संजय निषाद को कानपुर देहात, अजीत पाल को फतेहपुर में बाढ़ राहत कार्यों के निरीक्षण की जिम्मेदारी दी गई है।

## उत्तर प्रदेश के 19 डिप्टी एसपी को जल्द मिलेगी प्रमोशन, एएसपी बनाए जाएंगे

लखनऊ। प्रदेश के विभिन्न जिलों में तैनात 19 डिप्टी एसपी को जल्द ही अपर पुलिस अधीक्षक के पद पदोन्नत किया जाएगा। इसके लिए बीते दिनों हुई डीपीसी की बैठक में 29 डिप्टी एसपी के नामों पर विचार किया गया था। फिलहाल बैठक में वर्ष 2006 से 2010 बैच के 19 डिप्टी एसपी को पदोन्नत करने का निर्णय लिया गया है। इनके नाम अनुमोदन के लिए मुख्यमंत्री के पास भेजे जाएंगे। वहीं कई पीपीएस अफसरों में रोष है जो डिप्टी एसपी है लेकिन उनकी नौकरी के 12 वर्ष पूरा न होने पर उन्हें प्रोन्नति नहीं दी जा रही है। एक अधिकारी ने बताया कि पहले आठ वर्ष की सेवा के बाद एएसपी का पद मिल जाता था। विभाग ने पदोन्नति के लिए आठ वर्ष की सेवा शर्त को बढ़ाकर 12 वर्ष कर दिया है।

## तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार बुजुर्ग को मारी टक्कर, दर्दनाक मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में रविवार को खेत में खाद डालकर बाइक से वापस लौट रहे बुजुर्ग किसान को तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से जोरदार ठोकर मार दी। ठोकर लगने से वह ट्रक के पहिए में फंस गया और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बिजनौर के माती निवासी किसान रफीक खान उर्फ रफीके (67) रविवार दोपहर करीब 12:30 बजे खेत में खाद डालकर बाइक से वापस घर लौट रहे थे। तभी माती गांव पहुंचने से पहले ही बिजनौर से मोहनलालगंज की तरफ जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से उनकी बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। ठोकर लगने से रफीक ट्रक के पहिए में फंस गए और काफी दूर तक घिसटते चले गए। इस घटना में रफीक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घटना के बाद ट्रक चालक अपना वाहन छोड़कर मौके से भाग निकला। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी मीना के अलावा दो बेटे शाहिद, सलमान और दो बेटी रजिया व राबिया है।

## संक्षेप

### जमीनी विवाद को लेकर दो भाइयों के बीच मारपीट, एक घायल

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में दो भाइयों के बीच लंबे समय से चल रहा भूमि विवाद रविवार को हिंसक हो गया. जिसमें एक भाई गंभीर रूप से घायल हो गया. पुलिस के अनुसार घटना रविवार को सह सराय गांव में हुई, जहां से 25 वर्षीय राज सिंह और उनके बड़े भाई की बची हुई जमीन के बंटवारे को लेकर भिड़ गए, देखते ही देखते दोनों के बीच लाठी डंडे चलने लगे. जिसमें छोटा भाई राज सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया. जिसे परिजनों ने बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है ।मिली जानकारी के अनुसार बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सह सराय गांव निवासी राजसिंह पुत्र रामपाल सिंह का अपने भाई से जमीन बंटवारे को लेकर खूनी संघर्ष हो गया. इस खूनी संघर्ष में राज सिंह घायल हो गए. जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया है ।वही पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी हुई है ।कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है ।जो भी दोषी होगा उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी.

### दो बाईकों की आमने सामने जोरदार भिड़ंत , एक घायल

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कलवारी महमदाबाद रोड स्थित नहर पुल के ऊपर आमने सामने दो बाईकों की जोरदार टक्कर हो गई.टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक के परखच्चे उड़ गए.सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया.वही दूसरा चालक बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गया.ग्रामीणों की मदद से घायल युवक को सीएचसी बांगरमऊ में भर्ती कराया गया है ।जहां पर मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है ।मिली जानकारी अनुसार जनपद हरदोई के थाना मल्लावां क्षेत्र अंतर्गत इब्राहिमपुर गांव निवासी कैलाश चौरसिया पुत्र ज्ञानेंद्र चौरसिया उम्र 25 वर्ष किसी काम से नातेदारी आया था.जहां से वापस घर लौट रहा था.इसी दौरान नगर पुल पर दोनों बाइक बुरी तरह से टकरा गई.हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया.वही दूसरा मौके से फरार हो गया ।थाना प्रभारी बेहटा मुजाबर मुन्ना कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है जांच की जा रही है।

### किशोरी हुई लापता पिता ने एक युवक पर दर्ज कराया मुकदमा

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र में नाबालिग बेटी को बहला फुसला कर भगा के जाने वाले युवक पर पुलिस ने अभियोग दर्ज कर उसकी खोजबीन चालू कर दी है फतेहपुर जनपद केएक गांवनिवासिनी सोलह वर्षीय मुस्लिम किशोरी जो कि थाना क्षेत्र के बंथर में रहकर पिता के साथ एक फैक्ट्री ने मजदूरी करती थी। 10 मार्च को फैक्ट्री से घर वापस नहीं आई।पिता लगातार खोज बीन करता रहा। पता न लगने पर रविवार को पुलिस में तहरीर दी। जिसके आधार पर उन्नाव कोतवाली के सौसीन खेड़ा निवासी शैलेन्द्र के विरुद्ध पुलिस ने किशोरी की बहला फुसला कर अपहृत कर ले जाने का मुकदमा दर्ज किया है।एस ओ राजेश पाठक ने बताया कि किशोरी का पता लगाया जा रहा

# सब इंस्पेक्टर ने बच्चों को वृक्ष रक्षा का दिलाया संकल्प

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और वनों की कटाई के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए अपनाई जाने वाली परम्परा 'तरु बंधन' या 'वृक्ष रक्षा बंधन' के नाम से जानी जाती है। कुछ ऐसे ही प्रयासों को लेकर औरास के यूपीएस रामपुर गढ़ौवा से रक्षाबंधन के पर्व के पूर्व से ही, रोपित किए गए पौधों और पेड़ो को राखी बांधकर उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया गया।

ट्री मैन के नाम से मशहूर उन्नाव पुलिस कंट्रोल रूम में तैनात कंट्रोल रूम प्रभारी सीनियर सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्र ने बच्चों के साथ विद्यालय में अपना जन्मदिन मनाया। बच्चों ने बड़ी बड़ी राखियों का निर्माण कर पेड़ो पर बांधी। पांच श्रेष्ठ राखी निर्माण करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम में बरगद रोपित करने के साथ ही नाटक और गीतों का गायन किया गया। शिक्षक प्रदीप वर्मा ने अनूप मिश्र के साथ मिलकर जनपद उन्नाव के साथ ही प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण के इस अनोखे अभियान को शुरू करने की बात कही। सब इंस्पेक्टर औरास ने इस कार्यक्रम में पहुंचकर पेड़ो की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। अनूप मिश्रा ने कहा कि पेड़ पौधों के प्रति जितना पुस्तकों में पढ़ाया जाता है वह सिर्फ काफी नहीं है प्रैक्टिकल रूप में पेड़ पौधों के साथ आत्मीय रिश्ता बना के रखना बहुत जरूरी है। इसके लिए रक्षाबंधन के अवसर पर पेड़ों को बचाने की मुहिम वर्षो से आगे बढ़ रही है। स्कूल के विद्यार्थी पौधा रोपण करते हैं। उन पौधों पर बड़े उत्साह के साथ राखी बांधकर दिल में एहसास और अनुभव कर सकते हैं कि जंगल उन्हें हर रोज जो जीवन दे रहा है। उसे बचा के रखना बहुत आवश्यक है। इसी को देखते हुए ये मुहिम शुरू की। प्रदीप ने कहा कि पेड़ों को राखी बांधना पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण के प्रति लोगों की प्रतिबद्धता का एक अनूठा तरीका है, खासकर रक्षाबंधन जैसे त्योहारों पर। यह पहल पर्यावरण संरक्षण को धार्मिक आस्था और परंपरा से जोड़ती है, जिससे पेड़-पौधों की सुरक्षा और देखभाल का संकल्प लिया जाता है। साथ ही बताया कि गत वर्ष से अब तक ग्रीन एंड क्लीन उत्तर प्रदेश अभियान के अंतर्गत शिक्षकों और बच्चों ने मिलकर 17000 से भी अधिक पौधों को रोपित और जियो टैगिंग कर उनकी सुरक्षा कर रहे हैं। विद्यालय ने सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा और उनकी धर्मपत्नी सब इंस्पेक्टर रीना पांडे को अंगवस्त्र ओढ़ा कर सम्मानित किया। विद्यालय स्टाफ में शशि देवी, रमनजीत कौर, शाहे खुबा, इंद्रपाल और सभी बच्चे उपस्थित रहे।

# नगर पालिका में नए कार्यालय भवन के निर्माण कार्य में तेजी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। मुख्यमंत्री वैश्विक नगर योजना के तहत नगर पालिका परिषद गंगाघाट में नए कार्यालय भवन के निर्माण की प्रक्रिया तेज हो गई है। नगर निकाय निदेशालय लखनऊ की प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट (पीएमयू) की तीन सदस्यीय टीम ने मरहला चौराहे के समीप स्थित प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया। टीम ने सबसे पहले जामा मस्जिद क्षेत्र में स्थित वर्तमान पालिका कार्यालय का अवलोकन किया। वहां अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा, अवर अभियंता घनश्याम मौर्या और एसवीएम प्रभारी अनूप शुक्ला से मुलाकात की। टीम ने मौजूदा कार्यालय की भौतिक स्थिति और उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की। निरीक्षण में पाया गया कि वर्तमान भवन जर्जर स्थिति में है और भविष्य की जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ है।इसके बाद टीम मरहला चौराहे के पास नगर पालिका की खाली भूमि पर पहुंची। यहां नए कार्यालय भवन का निर्माण प्रस्तावित है। टीम ने जमीन का सर्वेक्षण करते हुए उसकी बनावट और स्थान की उपयुक्तता का मूल्यांकन किया। आसपास की यातायात व्यवस्था और सार्वजनिक पहुंच जैसे पहलुओं पर भी विचार किया गया। टीम के अनुसार, प्रस्तावित स्थल भवन निर्माण के लिए उपयुक्त है। प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट की टीम ने बताया कि नए भवन का निर्माण लगभग तेरह करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित है। भवन पूरी तरह तकनीकी मानकों और पर्यावरणीय दृष्टिकोण से सुसज्जित होगा। इसमें कर्मचारियों और आम नागरिकों के लिए बेहतर बैठने की व्यवस्था होगी। विभागों के लिए अलग-अलग अनुभाग, ई-गवर्नेंस कक्ष, बैठक हॉल, रिकॉर्ड कक्ष और स्वच्छता सुविधाएं भी शामिल होंगी। अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि निरीक्षण के बाद निदेशालय की टीम एक आख्या रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजेगी। इस रिपोर्ट के अनुमोदन के बाद ही भवन निर्माण को अंतिम स्वीकृति मिलेगी। उन्होंने कहा कि नया भवन कार्यालय संचालनमिलेगी। उन्होंने कहा कि नया भवन कार्यालय संचालन में सहूलियत देगा और नागरिकों को एक ही स्थान पर सभी सेवाएं उपलब्ध कराएगा।

# तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर रविवार को एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सरम्बा के मजरा जरुआ खेड़ा निवासी सूरज 25 वर्ष दोपहर करीब तीन बजे मल्हौली सरदार नगर स्थित एक ढाबे से अपने निजी कार्य निपटाकर घर लौट रहा था। बाबा खेड़ा के समीप तेज रफ्तार बेकाबू ट्रक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि सूरज गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गया। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। परिजन घायल सूरज को तत्काल निजी साधन से मियागंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों को विश्वास नहीं हुआ और वे उसे एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां भी डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। सूचना पर चौकी हैदराबाद प्रभारी रामऔतार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया हादसे की जांच शुरू कर दी गई है और ट्रक की तलाश की जा रही है ।मृतक सूरज परिवार का सबसे बड़ा बेटा था। वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। करीब तीन साल पहले उसका विवाह पूनम से हुआ था। उसके घर में 9 माह की बेटी सिया है। सूरज चार भाइयों और छह बहनों में सबसे बड़ा था। बेटे की मौत से मां रामदेवी, पत्नी पूनम और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में शोक का माहौल है। परिजनों ने प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है।

# स्वास्थ्य कर्मी के सेवानिवृत पर विदाई समारोह का आयोजन

अमन लेखनी समाचार




बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के ग्राम जगत नगर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात प्रयोगशाला प्रविधिज्ञ शरद कुमार तिवारी के सेवानिवृत्त होने पर बीते शनिवार की शाम विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांगरमऊ के चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील राठौर ने कहा कि बेदाग सेवा पूरी करने वाले सभी सरकारी कर्मचारी अत्यंत भाग्यशाली हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जगत नगर परिसर में आयोजित विदाई समारोह की अध्यक्षता कर रहे राज्य कर्मचारी परिषद के जिलाध्यक्ष उमा निवास बाजपेई ने कहा कि सरकारी कर्मचारी वस्तुतः लोक सेवक है और उसका एकमात्र धर्म और कर्तव्य आम जनमानस की सेवा करना है। किंतु सेवा के दौरान तमाम तरह की बाधाएं आती रहती है। इन सभी विघ्न-बाधाओं को पार करते हुए जो कर्मचारी अपनी सरकारी नौकरी का कार्यकाल पूरा कर ले, वह वास्तव में बहुत ही भाग्यशाली है। पूर्व चिकित्सा अधिकारी डॉ नीरजा दुबे ने कहा कि प्रयोगशाला प्रविधिज्ञ श्री तिवारी ने अपने संपूर्ण जीवन में सेवा से ही आम जनता का दिल जीता है। समारोह में स्वास्थ्य विभाग के वीर सिंह और फारूक अहमद ने कविताएं प्रस्तुत कर जमकर तालियां बटोरी । समारोह में पप्पू त्रिवेदी, पूनम सिंह फार्मासिस्ट, जे एन सिंह, डॉ आदित्य गौड़, डॉ विमलेश मिश्रा, राजीव द्विवेदी, मुन्नूलाल, शिवाधार, दीप तिवारी, अजय तिवारी, सतीश मौर्या व नूर आलम अंसारी आदि सहित तमाम जनप्रतिनिधि और अस्पताल कर्मी शामिल रहे।

# अवैध असलहा व कारतूस समेत युवक हुआ गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियो के विरुद्ध चलाई जा रही मुहिम के तहत रविवार को एक हिस्ट्रीशीटर पुलिस के हत्थे चढ़ा है। जिसके कब्जे से तमंचा कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया शातिर आपराधिक कृत्य करने की फिराक में था। बदरका चौकी प्रभारी लक्ष्मी नारायण व उपनिरीक्षक जीतेन्द्र पांडेय ने शनिवार देर रात हाइवे गस्त के दौरान आजाद मार्ग से गुजर रहे थे तभी बन्दू खेडा के निकट पुलिस को आता देख कर एक युवक तेजी से भाग निकला। आशंका होने पर उसका पीछा कर पकड़ा गया। पूंछने ने युवक ने पुलिस को बताया कि उसके पास तमंचा कारतूस होने के कारण डर कर भागा था। एस ओ राजेश पाठक ने पकड़े गए युवक पर चार मामले बांगरमऊ कोतवाली व एक अचलगंज थाने में दर्ज होना बताया है।

# पति-पत्नी के 33 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर साथ रहने को हुए राजी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। दीपक भूकर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में सभी थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया, परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त परिवार परामर्श केन्द्र से 07 महिला थाना से 06,थाना गंगाघाट, थाना हसनगंज से 04-04, थाना अचलगंज, थाना औरास से 03-03, थाना फतेहपुर चौरासी से 02, थाना बिहार, थाना माखी, थाना पुरवा तथा महिला रिपोटिंग पुलिस चौकी बीघापुर से 01-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में शिल्पी श्रीवास्तव पत्नी डा0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति एवं सलाहकारों में तबुस्सुम नफीस, शबीहा उमर, डॉ0 शशी रंजना अगनिहोत्री,डॉ0 एस के पाण्डेय, प्रभा यादव रामस्नेही यादव, डॉ0 मनीष सिंह सेंगर, संजय चौरसिया राजेन्द्र सेंगर एवं सहयोगी सलाहकार अंकित सिंह शिवेन्द्र सिंह, स्वास्तिक मिश्रा तथा पुलिस टीम में हेल्पडेस्क प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमारी, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना रेखा सिंह,उप निरीक्षक मिथिलेश वर्मा, चिंतन, अंशु, प्रीति राठौर शीलू, अल्का यादव, लक्ष्मी, सोनम, मुस्तकीन, पूनम, निक्की अर्चना, पूजा चौधरी, पूजा यादव, प्राची का विशेष योगदान रहा।

# विद्युत कटौती से ग्रामीण परेशान मोमबत्ती जलाकर पढ़ाई कर रहे छात्र

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। क्षेत्र में विद्युत विभाग के दावे एक बार फिर खोखले साबित हुए हैं। क्षेत्र के साल्हेनगर और बम्हना गांवों में कई दिनों से बिजली आपूर्ति पूरी तरह बंद है। इससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विभाग को बार-बार शिकायतें देने के बावजूद अब तक कोई समाधान नहीं निकला है। बिजली की इस कमी के कारण गांव के बच्चों को अंधेरे में पढ़ाई करनी पड़ रही है। मोमबत्ती की हल्की रोशनी में किताबें पढ़ते बच्चों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस वीडियो ने लोगों की भावनाओं को झकझोर दिया है। वीडियो में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि बच्चे एक कमरे में मोमबत्तियां जलाकर अपनी पढ़ाई कर रहे हैं। स्थानीय ग्रामीण सुनील, राम बचन, मुकेश और सोनू का कहना है कि बिजली न होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। साथ ही रोजमर्रा के कार्य भी ठप हो गए हैं। मोबाइल चार्ज नहीं हो पा रहे हैं। पानी की मोटरें बंद हैं। गर्मी के कारण हालात और भी बिगड़ गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने लाइनमैन से लेकर अवर अभियंता और एसडीओ तक से कई बार संपर्क किया है। लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला है ।विद्युत मंत्री एके शर्मा ने पहले ही निर्देश दिए थे कि किसी भी गांव में अनावश्यक बिजली कटौती नहीं की जाएगी। लेकिन सफीपुर के इन गांवों में इस आदेश का कोई असर नहीं दिख रहा है। इससे स्पष्ट होता है कि फील्ड स्तर पर जिम्मेदार अधिकारियों ने मंत्री के निर्देशों की अनदेखी की है। वायरल वीडियो के बाद क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और स्थानीय प्रशासन की भी जवाबदेही तय होनी चाहिए। ग्रामीणों की मांग है कि जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति बहाल की जाए। साथ ही दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी, दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। शीतलगंज निवासी राजेश ने पुलिस को बताया कि सुनील कुमार पांडेय ने उनके पुत्र और प्रेमशंकर के पुत्र अनिरुद्ध को लखनऊ में आरओ पद पर नौकरी लगवाने का झांसा दिया। सुनील ने हड़हा-अचलगंज के सुनील कुमार तिवारी का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि तिवारी लखनऊ सचिवालय में विशेष सचिव पद पर कार्यरत हैं। वे विजय सिंह चौहान के माध्यम से नौकरी दिलवा सकते हैं। प्रति उम्मीदवार 30 लाख रुपये की मांग की गई। आरोपियों ने बैंक डेट की नौकरी होने का दावा किया। उन्होंने कहा कि यह नेट पर नहीं दिखेगी। इस झांसे में आकर राजेश ने सुनील कुमार तिवारी के खाते में 8 लाख रुपये ट्रांसफर किए। सुनील कुमार पांडेय के माध्यम से 7 बार में 22 लाख रुपये दिए। प्रेमशंकर ने भी तिवारी के खाते में 8 लाख रुपये भेजे। पांडेय के माध्यम से 5 बार में 22 लाख रुपये दिए। जब नौकरी नहीं लगी तो पीड़ितों ने पैसे वापस मांगे। लेकिन आरोपी टालमटोल करने लगे। पीड़ितों का आरोप है कि आरोपियों ने जालसाजी करकूटरचित दस्तावेज तैयार किए। महरामऊ के सोनू मिश्रा ने पीड़ितों की मुलाकात सुनील तिवारी, दुर्गेश, सविता और शशांक से कराई थी। आरोपियों ने सचिवालय में विभिन्न पदों के लिए अलग-अलग राशि मांगी। समीक्षा अधिकारी पद के लिए 30 लाख, मार्शल के लिए 35 लाख और क्लर्क पद के लिए 15 लाख रुपये की मांग की गई। प्रेमशंकर ने 10 लाख नगद और 21 दिसंबर 2023 को 8 लाख रुपये आरटीजीएस के जरिए दिए। इसके अलावा 2-3 बार में 12 लाख रुपये नगद सुनील पांडेय को दिए गए। आरोपियों ने प्रेमशंकर के बेटे को लखनऊ में परीक्षा, मेडिकल और वेरिफिकेशन भी कराया। लेकिन न तो नियुक्ति पत्र मिला और न ही नौकरी। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली प्रभारी अमरनाथ सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# ढाबों के सामने जोखिम पैदा करते खड़े वाहन, तो समाजसेवी ने सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। सड़क किनारे स्थित ढाबों के आस पास खड़े वाहन किस तरह जानलेवा साबित होते हैं उसे सिर्फ वही समझ सकता है जो इसका भुक्तभोगी हो। शाम को तो इन वाहनो की कतार लग जाती ही है पर बड़े ही ऐड़े बेड़े खड़े हो जाते हैं जिससे जन व धन हानि का जोखिम और भी बढ़ जाता है। इस गंभीर समस्या को समाजसेवी व पी न्यूज भारत के प्रधान संपादक राजेश चौधरी पिछले दिनों उठा चुके हैं। लेकिन ज्यादा सुधार न होने पर एक बार फिर राजेश चौधरी ने इस जन समस्या को उठाया। उन्नाव जनपद की पुरवा तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजेश चौधरी ने पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर को एक पत्र देकर पुरवा क्षेत्र में स्थित ढाबों के आस पास सड़क के किनारे वाहनो के खड़े होने पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने पत्र में कहा कि इन वाहनों से राहगीरों को काफी जोखिम रहता है। वाहनो के किनारे खड़ा होने से जन तथा धन हानि होने की संभावना अधिक रहती है। पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्राधिकारी पुरवा ऋषि कांत शुक्ला को निर्देशित करते हुए कहा कि ढाबा संचालको को जल्द से जल्द इस संबंध में अवगत करा कर वाहनो को सड़क किनारे न खड़ा करने के लिए सख्त हितायत दें, और न मानने वालों पर कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने जन समस्या उठाने पर समाजसेवी राजेश चौधरी की प्रसंसा भी की।

## ट्रेन से नीचे उतरते समय गिरा सिपाही, कटा पैर, हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पुलिस लाइन में तैनात मुख्य आरक्षी राम सुमिरन सरोज रविवार की सुबह में मरुधर एक्सप्रेस से लखनऊ से कानपुर जा रहे थे। इस दौरान उन्होंने सोनिक रेलवे स्टेशन को उन्नाव समझकर ट्रेन से उतरने की कोशिश की, तभी अचानक उनका पैर फिसल गया और वे ट्रेन के नीचे गिर पड़े। हादसे में उनका दाहिना पैर घुटने के ऊपर से कटकर अलग हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस और रेलवे अधिकारियों को दी। घायल आरक्षी को तत्काल एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल उन्नाव लाया गया, जहां से उन्हें गंभीर हालत को देखते हुए कानपुर के हैलेट अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस लाइन से दो आरक्षी सहायता के लिए उनके साथ रवाना हुए हैं पुलिस विभाग घायल सिपाही के परिजनों को घटना की जानकारी दी परिजन कानपुर के लिए रवाना हो चुके है

# हुई हल्की बारिश से जलभराव की समस्या गंभीर

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। हुई हल्की बारिश ने तपती गर्मी से राहत दी। लेकिन इसने नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में भारी जलभराव की समस्या पैदा कर दी। बारिश के कुछ ही घंटों बाद शुक्लागंज की पॉश कॉलोनियों से लेकर सामान्य मोहल्लों तक पानी भर गया। नगर पालिका की जलनिकासी व्यवस्था की पोल खुल गई। राजधानी मार्ग के दोनों ओर बने नाले उफन पड़े। फोरलेन मार्ग के किनारे बने नालों का लेवल सड़क से ऊँचा होने के कारण पानी का निकास नहीं हो सका। इससे पॉश कॉलोनियों की गलियों में पानी भर गया। सर्वोदयनगर, कृष्णा नगर, कंचन नगर और आदर्श नगर जैसे मोहल्ले पूरी तरह जलमग्न हो गए। लोगों के घरों के अंदर तक पानी घुस गया। कई स्थानों पर गंदा सीवर का पानी भी घरों में भर गया। स्थानीय निवासी असलम, सुहैल, मोनू, मंसूर, शादाब ने बताया कि घरों से पानी निकालने के लिए बाल्टी और मोटर पंप का सहारा लेना पड़ा। फिर भी राहत नहीं मिली ।नगर के अन्य इलाकों जैसे गांधी नगर, पोनी रोड, नेहरू नगर, साकेत पुरी और अंबिका पुरम में भी जलभराव हो गया। दुकानदारों को अपनी दुकानें बंद करनी पड़ीं। राहगीरों को कीचड़ व गंदे पानी से होकर निकलना पड़ा। बारिश की थोड़ी ही देर में हालात ऐसे हो गए कि लोगों का घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया। ग्रामीण क्षेत्र भी इस समस्या से प्रभावित हुए। पीपरखेड़ा, श्रीनगर, ब्रम्ह नगर, मंशाखेड़ा, नाथूखेड़ा, रामनगर और रहमत नगर जैसे गांवों में भी जलनिकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण गलियों और खेतों में पानी भर गया। ग्रामीणों का आरोप है कि विकास कार्य सिर्फ कागजों पर किए जाते हैं। जमीनी हकीकत इससे एकदम अलग है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तत्काल नालों की सफाई और जलनिकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर ऐसी ही स्थिति बनी रही तो बरसात के पूरे मौसम में लोगों का जीना दुश्वार हो जाएगा। नगर पालिका के ईओ मुकेश मिश्रा ने कहा नालों को साफ कराया जा रहा है।

# लगातार हो रही बारिश से गंगा नदी के जलस्तर में उतार चढ़ाव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के कारण गंगा नदी के जलस्तर में उतार-चढ़ाव जारी है। बीते 24 घंटों में जलस्तर में करीब 10 सेंटीमीटर की वृद्धि दर्ज की गई है। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर निगरानी बढ़ा दी है। केंद्रीय जल आयोग के आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार शाम 6 बजे गंगा का जलस्तर 110.550 मीटर था। यह शनिवार सुबह तक बढ़कर 110.640 मीटर हो गया। दोपहर तक थोड़ी गिरावट आई और जलस्तर 110.620 मीटर रहा। शाम 6 बजे यह और घटकर 110.600 मीटर हो गया। रविवार को फिर से जलस्तर बढ़कर 110.670 मीटर पहुंच गया। आने वाले दिनों में जलस्तर में और बदलाव हो सकता है विशेषज्ञों के अनुसार, यह उतार-चढ़ाव पश्चिमी बांधों से छोड़े जा रहे पानी के कारण हो रहा है। इससे नदी का प्रवाह अस्थिर बना हुआ है। गंगा बैराज से भी नियंत्रित मात्रा में पानी छोड़ा जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, पहाड़ी इलाकों में और बारिश की संभावना है। इससे आने वाले दिनों में जलस्तर में और बदलाव हो सकता है ।प्रशासन ने गंगा नदी के किनारे बसे गांवों के प्रधानों, चौकीदारों और ग्राम प्रहरी समितियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया है। राजस्व विभाग, सिंचाई विभाग और जल आयोग की टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं। आपदा प्रबंधन विभाग को भी तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि गंगा नदी का जलस्तर अभी चेतावनी बिंदू से नीचे है। लेकिन बढ़ती बारिश और बांधों से संभावित जल विसर्जन को देखते हुए प्रशासन सतर्क है। जिला प्रशासन संभावित प्रभावित गांवों में मुनादी करा रहा है। लोगों को सुरक्षित स्थानों की जानकारी दी जा रही।

## लग्जरी बस डिवाइडर तोड़ दूसरी लेन में घुसी दस यात्री घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। थाना औरास क्षेत्र के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर रविवार की भोर पहर दिल्ली से सिद्धार्थनगर जा रही लग्जरी बस डिवाइडर तोड़कर दूसरी लेन में घुस गई। हादसे की सूचना डायल 112 के माध्यम से मिली। घटना एक्सप्रेसवे के किलोमीटर संख्या 272 पर हुई। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक औरास भवन सिंह मौर्य पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। बस में करीब 35-40 यात्री सवार थे। सभी यात्रियों को बस से बाहर निकाला गया, जिनमें से 10 लोग घायल हो गए ।घायलों में बस चालक अजय कुमार (32), नसीम (30), प्रभात कुमार (30), विशाल (25), रघुवीर यादव (22), शाह आलम (35), रेहान (35), जीशान (25), आवेश अहमद (23) और प्रमिला (36) शामिल हैं। सभी घायलों को पहले सीएचसी औरास लाया गया ।अजय कुमार, नसीम, प्रभात कुमार और विशाल कुमार को गंभीर चोटें आने के कारण ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है। बाकी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद एंबुलेंस से लखनऊ भेज दिया गया है। शेष यात्रियों को अन्य वाहनों से उनके गंतव्य स्थान की ओर रवाना कर दिया गया है। बस को सड़क किनारे हटा दिया गया है और एक्सप्रेसवे पर यातायात सामान्य रूप से चल रहा है। घटना से कोई कानून व्यवस्था की समस्या उत्पन्न नहीं हुई है।

## सम्पादकीय

## यूएस से तेज जीडीपी भारत का हमारी अर्थव्यवस्था बेहद मजबूत

गिद्ध के चाहने से कौवे की मौत नहीं होती है। करीब 200 वर्ष तक दमनकारी-शोषणकारी अंग्रेजी हुकूमतों के बावजूद भारत सीना तानकर खड़ा है और दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यस्था है। जर्मनी को पछाड़कर चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की कगार पर है। भारत बहुत जल्द विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इसलिए डोनाल्ड ट्रंप के भारत को डेड इकोनॉमी कह देने से भारतीय अर्थव्यवस्था मृत नहीं हो जाती है। अमेरिका खुद विश्व का सबसे बड़ा कर्जदार देश है। अमेरिका का राष्ट्रीय कर्ज करीब 37 ट्रिलियन डॉलर यानी करीब 32 लाख अरब रुपये को पार कर गया है। अमेरिका का कर्ज पर ब्याज चुकाने का खर्च हर साल 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच रहा है। ट्रंप शायद भूल रहे हैं कि अमेरिकी बॉण्ड से अगर चीन, जापान व भारत अपना पैसा निकाल लें तो अमेरिकी अर्थव्यवस्था का बुलबुला तुरंत फट जाएगा। भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बयान जहां हकीकत से परे है, वहीं यह ट्रेड वार्ता को अंतिम रूप देने से पहले नई दिल्ली पर दबाव की टैक्टिस है। ट्रंप ने इसी तरह की टैक्टिस यूरोपीय संघ, जापान व अन्य देशों के साथ अपनाई थी। भारत कभी भी अमेरिकी दबाव व टैक्टिस के आगे नहीं झुकेगा। भारतीय अर्थव्यवस्था की ताकत घरेलू खपत है, वैश्विक निर्यात में भारत की हिस्सेदारी केवल 2.4 प्रतिशत ही है। भारत की अर्थव्यवस्था की बुनियाद बहुत मजबूत है। इसलिए जब 2008 जैसी मंदी आती है तो अमेरिकन बैंकिंग सिस्टम धराशायी हो जाता है, लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था पर फर्क नहीं पड़ता है। भारत के वित्तीय और बैंकिंग सिस्टम बेहद मजबूत व रेगुलेटेड हैं, भारत का रिजर्व भंडार नौ लाख करोड़ रुपये से अधिक है, भारत दुनिया के शीर्ष 10 स्वर्ण भंडार वाले देशों में शामिल है और 7वें स्थान पर है। भारत में जीवनयापन विश्व में सबसे सुलभ है। भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती की बयां वैश्विक व अमेरिकी वित्तीय संस्थाएं ही कर रही हैं। ट्रंप के घृणित बयान के पहले अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने 29 जुलाई को अपने सदस्य देशों का वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक (डब्लूईओ) का नया आकलन जारी किया था। आईएमएफ ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2025-26 व वित्त वर्ष 2026-2027 के लिए 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जबकि अमेरिकी जीडीपी के लिए विकास की दर 1.9 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। विश्व बैंक ने अप्रैल में 2025-26 के लिए भारत के वृद्धि दर का अनुमान 6.3 फीसदी लगाया है, व कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। एशियाई विकास बैंक ने अभी 23 जुलाई को ही अनुमान लगाया था कि भारत की जीडीपी 2025 में 6.5 फीसदी और 2026 में 6.7 फीसदी की दर से बढ़ेगी। ग्लोबल क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने छह मई को जारी अपनी रिपोर्ट में 2025 में जीडीपीदर 6.3 फीसदी व 2026 में 6.5 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। एसएंडपी ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में विकास दर 6.5 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। फिच रेटिंग्स ने इस साल 22 मई को 2028 तक के लिए भारत की औसत वार्षिक वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.4 फीसदी कर दिया था। परामर्श कंपनी ईवाई इंडिया कहा कि विश्व अर्थव्यवस्था का केंद्र 'ग्लोबल साउथ' की ओर स्थानांतरित हो रहा है और जिसके लिए भारत ने खुद को अग्रणी भूमिका में रखा है। पेरिस स्थित आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) ने वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। सभी वित्तीय आंकड़े भारत के पक्ष में हैं। ट्रंप का बयान पूर्व की तरह एक और झूठ है।

### हेल्थ रिपोर्ट

रोहित कौशिक



## स्वास्थ्य सेवाओं में अभी और सुधार की जरूरत

पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के बिजनौर में मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल परिसर में पीपीपी मोड पर संचालित डायलिसिस विंग में डायलिसिस के दौरान बिजली गुल होने से एक मरीज की मौत हो गई। अस्पताल के जेनरेटर में डीजल भी नहीं था। आश्चर्यजनक यह है कि घटना के समय सीडीओ खुद विंग के निरीक्षण के लिए मौजूद थे। इस दुखद घटना ने एक बार फिर हमारे देश की स्वास्थ्य सेवाओं पर एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। यह सही है कि धीरे-धीरे हमारे देश की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हो रहा है लेकिन हमारे देश की आबादी की जरूरतों के हिसाब से अभी तक भी स्वास्थ्य ढांचा बेहतर नहीं हो पाया है। जब इस दौर में भी गम्भीर रोगों से पीड़ित मरीजों के लिए अस्पतालों में स्ट्रेचर जैसी मूलभूत सुविधाएं न मिल पाएं, तो देश की स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल उठना लाजमी है। इस प्रगतिशील दौर में भी ऐसी अनेक खबरें प्रकाश में आई हैं कि जब अस्पताल गरीब मरीज के शव को घर पहुंचाने के लिए एम्बुलेंस तक उपलब्ध नहीं करा पाए। धीरे-धीरे देश का स्वास्थ्य ढांचा सुधर रहा है लेकिन जिस तेजी के साथ इसे सुधरना चाहिए था, यह सुधर नहीं पाया है। कुछ समय पहले नीति आयोग ने स्वास्थ्य सेवाओं के लिए खर्च बढ़ाने की जरूरत बताई थी। नीति आयोग ने कहा था कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और उन्हें देश के हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए केन्द्र और राज्यों को मिलकर स्वास्थ्य सेवाओं की मद में खर्च को बढ़ाना होगा। भारत में स्वास्थ्य सेवाओं में जीडीपी का मात्र डेढ़ फीसद ही खर्च होता है। दुनिया के कई देश स्वास्थ्य सेवाओं की मद में आठ से नौ फीसद तक खर्च कर रहे हैं। 1940 के बाद से संक्रामक रोगों से प्रभावित होने वाले लोगों की संख्या बढ़ी है। अब कई नए रोग हमारे सामने आए हैं और भविष्य में और नए रोग हमारे सामने आ सकते हैं। गौरतलब है कि कुछ समय पहले अमेरिका के 'सेंटर फॉर डिजीज डाइनामिक्स, इकोनॉमिक्स एंड पॉलिसी' (सीडीडीईपी) द्वारा जारी एक रिपोर्ट में बताया गया था कि भारत में लगभग छह लाख डॉक्टरों और 20 लाख नर्सों की कमी है। भारत में 10,189 लोगों पर एक सरकारी डॉक्टर है, जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एक हजार लोगों पर एक डॉक्टर की सिफारिश की है। इसी तरह हमारे देश मे 483 लोगों पर एक नर्स है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में एंटीबायोटिक दवाइयां देने के लिए उचित तरीके से प्रशिक्षित स्टाफ की कमी है, जिससे जीवन बचाने वाली दवाइयां मरीजों को नहीं मिल पाती हैं। आने वाले समय में हृदय रोग, मधुमेह और कैंसर जैसी बीमारियां भारत की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करेंगी।

इस रिपोर्ट के अनुसार सन 2012 से 2030 के बीच इन बीमारियों के इलाज पर करीब 6.2 खरब डॉलर (41 लाख करोड़ रुपये से अधिक) खर्च होने का अनुमान है। रिपोर्ट में इन बीमारियों के भारत और चीन के शहरी इलाकों में तेजी से फैलने का खतरा बताया गया है। बताया गया है कि असंक्रामक रोग शहरों में रहने वाली मानव आबादी के स्वास्थ्य के लिए ही खतरा नहीं है बल्कि इसके चलते अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होने का अनुमान है। बढ़ता शहरीकरण और वहां पर काम और जीवनशैली की स्थितियां असंक्रामक रोगों के बढ़ने का मुख्य कारण है। सन 2014 से 2050 के बीच में भारत में 404 मिलियन (40 करोड़ चालीस लाख) आबादी शहरों का हिस्सा बनेगी। इसके चलते शहरों में अनियोजित विकास होने से स्थिति बदतर होगी। हमारे देश में व्यवस्था की नाकामी और विभिन्न वातावरणीय कारकों के कारण बीमारियों का प्रकोप ज्यादा होता है। भारत में डॉक्टरों की उपलब्धता की स्थिति वियतनाम और अल्जीरिया जैसे देशों से भी बदतर है। डॉक्टरों की कमी के कारण गरीब लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने में देरी होती है। यह स्थिति अन्ततः पूरे देश के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण पर गठित संसदीय समिति ने पिछले दिनों जारी अपनी रिपोर्ट में यह माना है कि हमारे देश में आम लोगों को समय पर स्वास्थ्य सविधाएं न मिलने के अनेक कारण हैं।

# भगवा आतंकवाद का गढ़ा गुब्बारा फूटा



**मालेगांव बम धमाका**

अरविंद जयतिलक

2008 के मालेगांव बम धमाके मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) की विशेष अदालत ने सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया है। साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर समेत सभी आरोपियों को बरी किए जाने से हिंदू आतंकवाद पर काली सियासत करने वाले तथाकथित सेक्युलर दलों की बेचैनी बढ़ गयी है। उनका मुंह काला हुआ है। उनके भगवा आतंकवाद के जुमले की हवा निकल गई है। उनकी बेचैनी इस कदर बढ़ गयी है कि वे अब एनआइए अदालत के फैसले पर परोक्ष रूप से सवाल खड़ा कर रहे हैं। अब सवाल यह उठता है कि फिर प्रज्ञा सिंह ठाकुर, कर्नल पुरोहित समेत सभी सात लोगों को फंसाने की साजिश किसके इशारे पर रची गयी? मालेगांव कांड का असली गुनाहगार कौन है?

सत्रह साल बाद 2008 के मालेगांव बम धमाके मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) की विशेष अदालत ने सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया है। अदालत ने सभी आरोपियों को निर्दोष करार देते हुए कहा है कि अभियोजन पक्ष साबित नहीं कर पाया कि ब्लास्ट स्थल पर मिली बाइक में आरडीएक्स लगाया गया था। उल्लेखनीय है कि इस मामले में सात लोग आरोपी बनाए गए थे, जिनमें लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित, पूर्व भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर और रिटायर्ड मेजर रमेश उपाध्याय शामिल थे। इन सभी लोगों पर मालेगांव बम धमाके में शामिल होने के तौर पर आरोप लगाए गए थे।

साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर समेत सभी आरोपियों को बरी किए जाने से हिंदू आतंकवाद पर काली सियासत करने वाले तथाकथित सेक्युलर दलों की बेचैनी बढ़ गयी है। उनका मुंह काला हुआ है। उनके भगवा आतंकवाद के जुमले की हवा निकल गई है। उनकी बेचैनी इस कदर बढ़ गई है कि वे अब एनआइए अदालत के फैसले पर परोक्ष रूप से सवाल खड़ा कर रहे हैं। यह प्रवृत्ति ठीक नहीं है। अब जब हिंदू आतंकवाद का गढ़ा-बुना गया गुब्बारा फट गया है और यह सच भी दुनिया के सामने उजागर हो गया है कि यूपीए सरकार के इशारे पर ही प्रज्ञा सिंह ठाकुर एवं अन्य लोगों को फंसाने की साजिश रची गयी तो अब साजिश रचने वाले किंकर्तव्यविमुढ़ हैं और किस्म-किस्म के कुतर्कों का सहारा ले रहे हैं। कांग्रेस समेत उन सभी तथाकथित सेक्युलर दलों की पोल खुल गयी है जो कभी चीख-चीखकर हिंदू संगठनों को आतंकवाद का कारखाना बताने से हिचकते नहीं थे। उचित होगा कि अब वे देश से क्षमा मांगकर पश्चाताप करें कि हिंदू संस्कृति और संगठनों को बदनाम क्यों किया। लेकिन ऐसा करने के बजाए वे अब भी कुतर्कों के आसन पर जमे हैं। याद होगा कि ज्यों ही साध्वी प्रज्ञा की गिरफ्तारी हुई, कांग्रेस एवं तथाकथित सेक्युलर दलों ने यह प्रचारित करना शुरू कर दिया था कि देश के लिए भगवा आतंकवाद खतरा बन रहा है।

ध्यान देना होगा कि जिस समय भगवा आतंकवाद की थ्योरी गढ़ी-बुनी गयी, उस समय कांग्रेसनीत सरकार के गृहमंत्री शिवराज पाटिल थे। उनके बाद गृहमंत्री बने सुशील कुमार शिंदे ने भगवा आतंकवाद को खूब हवा दी। उन्होंने एक कथित जांच रिपोर्ट को आधार बनाते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी पर आतंकवादी ट्रेनिंग कैंप चलाने का आरोप है। तब शिंदे के इस वक्तव्य को लेकर देशभर में आलोचना और निंदा हुई। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण बात यह कि सुशील कुमार शिंदे के वक्तव्य को सही ठहराने के लिए कांग्रेस सरकार ने तब मक्का मस्जिद विस्फोट मामले में असली गुनाहगारों को छोड़कर हिंदू संगठनों के सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। कुतर्क गढ़ा कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल जैसे दल अपने सदस्यों को हथियार चलाने का प्रशिक्षण देते हैं। हद तो तब हो गयी जब उनके बाद पी.चिदंबरम गृहमंत्री बने तो वे भी यह कहते सुने गए कि भगवा आतंकवाद देश की आंतरिक सुरक्षा के लिहाज से बेहद खतरनाक है। भगवा आतंकवाद देश के लिए नई घटना है। गौर कीजिए कि बी रमण जो तत्कालीन कांग्रेसनीत सरकार के मंत्रिमंडलीय





सचिवालय के अपर सचिव रहे, उनकी मानें तो भगवा आतंकवाद की शुरुआत तत्कालीन सरकार की पाकिस्तान और भारतीय मुसलमान समुदाय जो आतंकवाद में लिप्त हैं, के प्रति कथित नरम नीति के कारण हुई। अब जब अदालत ने इस मामले में सभी आरोपियों को बरी कर दिया है, के बाद सवाल उठना लाजिमी है कि फिर मालेगांव विस्फोट मामले का असली गुनाहगार कौन है? कहीं ऐसा तो नहीं कि हिंदू संगठनों को बदनाम करने की साजिश में संलिप्त तत्कालीन कांग्रेसनीत सरकार ने असली गुनाहगारों को छोड़ दिया? गौर करें तो भगवा आतंकवाद को सही ठहराने के लिए उस दौरान जितने भी विस्फोट हुए, सभी में हिंदू संगठनों के सदस्यों को ही आरोपी बनाया गया। 2007 के समझौता एक्सप्रेस धमाके में भारतीय सेना के अफसर रहे श्रीकांत पुरोहित को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह अजमेर दरगाह धमाके में भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को घेरने की कोशिश की गयी। मालेगांव विस्फोट मामले पर गौर करें तो 29 सितंबर 2008 को महाराष्ट्र के मालेगांव में रमजान के दौरान एक मस्जिद के बाहर मोटरसाइकिल में बम धमाका हुआ था जिसमें सात लोगों की मौत हुई थी। सैकड़ों लोग घायल हुए थे। इन धमाकों की जांच करने वाली महाराष्ट्र पुलिस और मुंबई एटीएस ने साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर को धमाकों का मास्टरमाइंड माना और 23 अक्टूबर 2008 को उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इस बम धमाके की शुरुआती जांच मुंबई एटीएस प्रमुख हेमंत करकरे ने की जो अब दुनिया में नहीं हैं। वे 26/11 आतंकी हमले में शहीद हो गए। एक दशक तक चले मुकदमें के दौरान अभियोजन पक्ष ने 323 गवाहों से पूछताछ की जिनमें से 34 अपने बयान से पलट गए। उस दरम्यान कांग्रेस महासचिव दिग्विजय सिंह समेत कई नेताओं ने खूब कुप्रचारित किया कि इस बम धमाके के पीछे हिंदू संगठनों का हाथ है। यहां तक कि शहीद हुए हेमंत करकरे की हत्या के पीछे भी हिंदू संगठनों के हाथ होने का दावा किया गया। लेकिन 2016 में एनआइए द्वारा पूरक एवं अंतिम जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद दूध का दूध और पानी का पानी हो गया। तब एनआइए ने अपर्याप्त सबूतों का हवाल देते हुए आरोपियों को क्लीनचिट दे दी। बता दें कि 2009 में मुंबई एटीएस ने इस मामले में अदालत में जो चार्जशीट दाखिल की थी उसमें प्रज्ञा सिंह ठाकुर समेत सभी सात आरोपियों के विरुद्ध गंभीर आरोप लगाए थे। मुंबई एटीएस ने अपनी जांच में कहा था कि विस्फोटक के साथ रखी मोटरसाइकिल साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर की थी और वह मुस्लिम बहुल इलाकों में धमाके के लिए आयोजित बैठकों में शामिल होती थी। मुंबई एटीएस ने यह भी आरोप जड़ा था कि भोपाल में साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर के साथ हुई एक बैठक में कर्नल पुरोहित ने विस्फोटक मुहैया कराने की बात कही थी। लेकिन अदालत ने स्पष्ट कर दिया है कि कर्नल पुरोहित के घर में आरडीएक्स भंडारण का कोई सबूत नहीं मिला है और न ही यह साबित हुआ है कि उन्होंने बम को असेंबल किया। घटनास्थल से कोई खाली खोल बरामद नहीं हुए जबकि आरोप में फायरिंग की बात कही गई थी। न तो कोई फिंगर प्रिंट और न ही डीएनए सैंपल लिया गया। यहां तक कि मोटरसाइकिल का चेसिस नंबर भी मिटा दिया गया। अदालत ने साध्वी प्रज्ञा सिंह मामले में स्पष्ट कहा है कि मोटरसाइकिल का मालिकाना हक या कब्जे को लेकर कोई ठोस सबूत भी पेश नहीं किया गया।

गौरतलब है कि इन सभी पर यह आरोप लगाए गए कि वे फरीदाबाद और भोपाल में साजिश रचने के लिए बैठक में शामिल हुए। लेकिन अदालत ने कहा है कि इसका कोई सबूत नहीं मिला है। अब सवाल यह उठता है कि फिर प्रज्ञा सिंह ठाकुर, कर्नल पुरोहित समेत सभी सात लोगों को फंसाने की साजिश किसके इशारे पर रची गयी? मालेगांव कांड का असली गुनाहगार कौन है?

## श्रीकृष्ण का क्रिया योग



संकलित

**दर्शन**

योगदा सत्संग सोसाइटी के संस्थापक और 'योगी कथामृत' के लेखक श्री श्री परमहंस योगानंद की श्रीमद्भगवद्गीता पर व्याख्या 'ईश्वर-अर्जुन संवाद' के अनुसार, कृष्ण शब्द की अनेक व्युत्पत्ति में हैं। इनमें 'श्याम' सर्वाधिक प्रचलित है, जो उनके रंग-रूप की ओर संकेत करता है। उन्हें चित्रों में प्रायः गाढ़े नीले रंग का दिखाया जाता है, जो देवत्व का प्रतीक है। नीला रंग दिव्य नेत्र में (भ्रूमध्य के बीच) दिखने वाले नीले प्रकाश का भी प्रतीक है, जो योग में चेतना की कूटस्थ चैतन्य अवस्था को दर्शाता है। मतलब कृष्ण का रंग आध्यात्मिकता का भी प्रतीक है और एक गूढ़ अर्थ की ओर संकेत करता है। योगानंद जी के अनुसार, इंद्रिय जनित लिप्स ग्रस्त संसार दिव्य प्रेम की शुद्धता को नहीं समझ पाता। शाब्दिक अर्थों से परे गोपियों संग कृष्ण लीलाओं का प्रतीकात्मक अर्थ, ब्रह्म और सृष्टि के उस रास से है, जो ईश्वरीय लीला को संसार में व्यक्त करता है। कृष्ण की वंशी की मधुर तान भक्तों को ध्यान जनित समाधि के मंडप में आने को पुकारती हैं, ताकि वह आनंददायक ईश्वरीय प्रेम का पान कर सकें। कृष्ण के जीवन का दर्शन हमें भौतिक जीवन के दायित्वों के निर्वहन और उन्हीं के बीच ईश्वर का सानिध्य पाने के प्रयासों के मध्य सामंजस्य साधना सिखाता है। कृष्ण सिखाते हैं कि परिवेश कुछ भी हो, ईश्वर को वहीं ले आओ, जहां उसने तुम्हें रखा है। कृष्ण ने अपने राजसी दायित्व निभाने हेतु दुष्ट शासकों के विरुद्ध कई अभियान किए, जिनमें कौरव-पांडवों के बीच हुए महाभारत युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## क्या भोग लगाना पाखंड है?



संकलित

**प्रेरणा**

एक बार सन 1989 में मैंने सुबह टीवी खोला तो जगत गुरु शंकराचार्य कांची कामकोटि जी से प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम चल रहा था। एक व्यक्ति ने प्रश्न किया कि हम भगवान को भोग क्यों लगाते हैं। जगद्गुरु शंकराचार्य जी ने कहा यह समझने की बात है कि जब हम प्रभु को भोग लगाते हैं तो वह उसमें से क्या ग्रहण करते हैं। मान लीजिए कि आप लड्डू लेकर भगवान को भोग चढ़ाने मंदिर जा रहे हैं और रास्ते में आपका जानने वाला कोई मिलता है और पूछता है यह क्या है तब आप उसे बताते हैं कि यह लड्डू है। फिर वह पूछता है कि किसका है? तब आप कहते हैं कि यह मेरा है। फिर जब आप वही मिष्ठान्न प्रभु के श्री चरणों में रख कर उन्हें समर्पित कर देते हैं और उसे लेकर घर को चलते हैं तब फिर आपको जानने वाला कोई दूसरा मिलता है और वह पूछता है कि यह क्या है ? तब आप कहते हैं कि यह प्रसाद है फिर वह पूछता है कि किसका है तब आप कहते हैं कि यह हनुमान जी का है। अब समझने वाली बात यह है कि लड्डू वही है। उसके रंग रूप स्वाद परिमाण में कोई अंतर नहीं पड़ता है तो प्रभु ने उसमें से क्या ग्रहण किया कि उसका नाम बदल गया। वास्तव में प्रभु ने मनुष्य के मम-कार को हर लिया। यह मेरा है का जो भाव था, अहंकार था प्रभु के चरणों में समर्पित करते ही उसका हरण हो गया। प्रभु को भोग लगाने से मनुष्य विनीत स्वभाव का बनता है शीलवान होता है। अहंकार रहित स्वच्छ और निर्मल चित्त मन का बनता है। इसलिए इसे पाखंड नहीं कहा जा सकता है। क्या भोग लगाना पाखंड है?

## अंतर्मन





### आज की पाती

#### पूर्व घटनाओं से भी प्रशासन ने सबक नहीं लिया

मनसा देवी मंदिर भगदड़ में छह लोगों की मौत हो गई और 40 लोग घायल हो गए। बिजली का करंट लगने से यह घटना हुई है। हाल ही में जगन्नाथपुरी की घटना और बेंगलुरु में खेले गए मैच के दौरान इन दो घटनाओ के बाद भी प्रशासन ने सबक नही लिया। प्रशासन को हर समय सतर्क रहने की जरूरत है। धार्मिक स्थलों पर घटनाओं का सिलसिला खत्म होता नजर नही आ रहा है। अक्सर ऐसी घटना ज्यादा भीड़भाड़ वाली जगह पर होती है, लेकिन सरकार को सुरक्षा व्यवस्था करनी चाहिए। दर्शन की होड़ और कुप्रबंधन के चलते हादसे हो जाते है। अभी दर्शन के लिए मन्दिरों में पैर रखने की जगह नही रहती है। सावन महीना अगले सप्ताह तक चलेगा। भीड़ बढ़ेगी, जबकि पुलिस प्रशासन अभी भी बन्दोबस्त से आंखे बंद किए हुए है।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

### करंट अफेयर

## ट्रंप प्रशासन के प्रतिबंधों का गंभीर प्रभाव पड़ेगा : फ्रांसेस्का

संयुक्त राष्ट्र की स्वतंत्र जांचकर्ता और गाजा में इजराइल की नीतियों की मुखर आलोचक फ्रांसेस्का अल्बानीज ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने हाल ही में उन पर जो प्रतिबंध लगाए हैं, उनका उनके जीवन और काम पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। फ्रांसेस्का गाजी पट्टी और वेस्ट बैंक के लिए संयुक्त राष्ट्र की विशेष वार्ताकार हैं। वह जेनेवा में 47 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद की ओर से चुने गए एक विशेषज्ञ समूह की सदस्य भी हैं। फ्रांसेस्का को फलस्तीनी क्षेत्र में मानवाधिकारों के कथित हनन की जांच का जिम्मा सौंपा गया है।



### ऑफ बीट

## पुराना पीठ दर्द मस्तिष्क से होता है उत्पन्न

पुराने पीठ दर्द से पीड़ित अधिकांश लोग स्वाभाविक रूप से सोचते हैं कि उनका दर्द चोट या शरीर में अन्य समस्याओं जैसे गठिया या उभरी हुई डिस्क के कारण होता है। लेकिन हमारी शोध टीम ने पाया है कि मस्तिष्क में होने वाली प्रक्रिया के रूप में दर्द के मूल कारण के बारे में सोचने से रिकवरी को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है। हम दर्द पुनर्संसाधन थेरेपी नामक एक मनोवैज्ञानिक उपचार का अध्ययन कर रहे हैं जो मस्तिष्क में अप्रभावी और अनावश्यक दर्द संकेतों को 'बंद' करने में मदद कर सकता है। पुराने समय से चला आ रहा दर्द आज सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। यह अमेरिका में विकलांगता का प्रमुख कारण है,



### ट्रेंड

#### कांग्रेस का अपराध

मालेगांव विस्फोट प्रकरण में सभी आरोपियों का निर्दोष सिद्ध होना 'सत्यमेव जयते' की सजीव उद्घोषणा है। यह निर्णय कांग्रेस के सनातन विरोधी चरित्र को पुनः उजागर करता है, जिसने 'भगवा आतंकवाद' जैसा मिथ्या शब्द गढ़कर अपराध किया है।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र



#### सत्य की विजय

मालेगांव ब्लास्ट केस में साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर एवं लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित समेत सभी अभियुक्त निर्दोष साबित हुए हैं। यह सत्य की विजय है, वह सत्य जो वर्षों से कांग्रेस द्वारा गढ़े गए 'हिंदू आतंकवाद' के झूठे नैरेटिव के विरुद्ध संघर्षरत था।

-डॉ. मेधा कुलकर्णी, राज्यसभा सांसद



#### मेढ़े का निधन दुखद

राष्ट्र सेविका समिति की प्रमुख संचालिका प्रमिल मौसी मेढ़े के निधन का समाचार दु:खद है। उन्हें मातृशक्ति को जागरूक करने व राष्ट्र निर्माण में सशक्त भूमिका निभाने के लिए सदैव स्मरण किया जाएगा।

नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा



#### आत्मनिर्भरता

मित्र देश बताने के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा भारतीय आयात पर कल 25 प्रतिशत शुल्क तथा रूस से तेल आयात करने पर पेनाल्टी लगाने की नई उभरी चुनौती को केन्द्र सरकार इसे अवसर एवं आत्मनिर्भरता में बदलकर देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित नहीं होने देगी।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र



# नेपालगंज में धूमधाम से मनाई गई तुलसी जयंती

## 528 वीं तुलसी जयंती पर नेपाल और भारत के साहित्यकारों का हुआ सम्मान

- अवधी सांस्कृतिक प्रतिष्ठान केंद्रीय कार्य समिति द्वारा आयोजित हुआ कार्यक्रम

**अमन लेखनी समाचार**

**मिथिलेश जायसवाल/संतोष मिश्रा**

बहराइच। पडोसी मित्र राष्ट्र नेपाल के नेपालगन्ज में अवधी तथा हिन्दी भाषा सँस्कृति के प्रकाण्ड पण्डित भक्त कवि संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज के 528 वीं तुलसीदास जयन्ती 26 औं अवधी दिवस तथा गुडिया (नागपञ्चमी) पर्व के पावन अवसर पर "अवधी महोत्सव" विविध कार्यक्रम के साथ नेपालगंज में मनाया गया।नेपालगंज के सोनाखरी रेस्टोरेंट में आयोजित अवधी साँस्कृतिक प्रतिष्ठान केन्द्रीय समिति के आयोजन में प्रतिष्ठान के केन्द्रीय सचिव डा.पंकज कुमार गुप्ता ने स्वागत मन्तव्य व्यक्ति किया।का.ब. अध्यक्ष सुशीला वैश्य के अध्यक्षता में संस्थापक अध्यक्ष बिष्णुलाल कुमाल द्वारा संचालित कार्यक्रम व बिचार तथा बहुभाषिक कवि गोष्ठी सहित शुभकामना कार्यक्रम में 40 से अधिक नेपाल और भारत के साहित्यकार, पत्रकार, समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि तथा मधेशी आयोग के का.व.अध्यक्ष जीवछ साह ,बिशिष्ट अतिथियों में रहे मधेशी आयोग के सदस्य विजय कुमार गुप्ता, प्रमुख जिला अधिकारी धर्मराज जोशी, भारत सीतापुर के अवधी भाषा के वरिष्ठ साहित्यकार संदीप मिश्र सरस, इन्द्रेश बहादुर भदौरिया, विश्व हिन्दी महासभा अन्तर्राष्ट्रीय संगठन महामंत्री अमित रजक, अखिल भारतीय विश्व हिन्दी महासभा उपाध्यक्ष कश्मीर निवासी डा. सुमेर खजुरिया, वरिष्ठ साहित्यकार सनत कुमार रेग्मी, डा. हरि प्रसाद तिमिल्सिना, शिक्षाद किरण आचार्य लगायत लोगों ने कवि, सन्त शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज के चित्र में माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में नेपाल और भारत के महिला तथा पुरुष समेत 40 से अधिक साहित्यकार, पत्रकार, समाजसेविको कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि मधेशी आयोग के का.व.अध्यक्ष जीवछ साह और का.ब. अध्यक्ष सुशीला बैश्य ने अंगवस्त्र और सम्मान-पत्र प्रदान करके सम्मानित किया। सम्मानित व्यक्तित्वों में नेपाल से पत्रकार श्रीराम सिग्देल, रेडियो कृष्णसार एफ.एम.तथा क्रियाशील महिला पत्रकार बाँके अध्यक्ष साबित्री गिरी को "अवधी संचार भूषण गौरव सम्मान और कार्यक्रम अवधी कार्यक्रम घर अंगना के संचालिका संध्या शर्मा को दोसल्ला सहित प्रमाणझपत्र प्रदान किया गया । चन्द्रेश्वर राज त्रिपाठी और नन्दलाल साहू को नगद राशी पच्चीस सौ रुपैया




सहति "बिमला, बिष्णु अवधी सेवा सम्मान 2025" बर्दिया निवासी राममिलन मौर्या को अवधी साहित्य प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। इसी तरह भारत की ओर से सीतापुर निवासी अवधी भाषा के वरिष्ठ साहित्यकार संदीप मिश्र सरस, इन्द्रेश बहादुर भदौरिया, बरेली निवासी इन्द्रजीत सिंह अर्चक, शिवनाथ सिंह शिव, फत्तेहपुर डा. शैलेश गुप्त बीर, बिसवाँ सीतापुर निवासी रजनीकान्त दिक्षित, बहराइच निवासी पत्रकार, साहित्यकार तथा गौरैया संरक्षक मिथिलेश जायसवाल, रेडियोकर्मी तथा साहित्यकार लक्ष्मणप्रेमी राजपूत लगायत साहित्यकारों को अवधी रत्न, साहित्य रत्न अवधी गौरव सम्मान और उसी कार्यक्रम में बी बिकास साहित्य प्रतिष्ठान के अध्यक्ष पंकज कुमार श्रेष्ठ को पिता (स्व. बिष्णुदास श्रेष्ठ) मर्णोपरान्त साहित्य सम्मान और साहित्यकार पुष्पमणि प्रधान को अवधी साहित्य गौरव सम्मान दोसल्ला सहित सम्मान प्रदान किया गया। लोक गीत ब्याह गीत, देवी गीत, सोहर गीत, साँवनी गीत, कविता वाचन, तथा सहयोग करने वालों को भी सम्मान किया गया था । बिमला यादव को शिक्षा गौरब सम्मान सम्मान, सुशीला शर्मा, मंजू शर्मा, मीरा केसी, गायिका किरन वैश्य, मन्जु वैश्य ,आराधना वैश्य, पुष्पा सिंह, राधा जोशी, उषा शाह, सुधा तिवारी लगायत लोगों को साल ओढाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सभाध्यक्ष सुशीला बैश्य, कल्पना पौडेल जिज्ञाशु, बिमला यादव, उषा शाह, साइदा बानौं लगायत लोगों ने रचना वाचन किया । कार्यक्रम में अतिरिक्त कार्यक्रम भी किया गया शाशवत आचार्य प्रतिष्ठान, बी बिकास स्मृति प्रतिष्ठान, बिश्व हिन्दी महासभा नेपाल ने अलग अलग करके भारतीय वरिष्ठ साहित्यकार द्वय इन्द्र बहादुर सिंह इन्देश और संदीप मिश्र सरस को सम्मानित किया गया था ।कार्यक्रम में भारत सीमावर्ती के वरिष्ठ पत्रकार मनीराम शर्मा, शेरसिंह कसौंधन, भेरी साहित्य समाज केन्द्रीय समिति के अध्यक्ष इन्द्र बहादुर बस्नेत, महेन्द्र पुस्तकालय नेपालगंज के अध्यक्ष बलराम यादव, समाजसेवी नन्दलाल वैश्य, बसन्त कुमार कनौजिया, मीना बराल, कल्पना खरेल, चन्द्रवती अधिकारी, अवधी पत्रकार संघ केन्द्रीय समिति के संस्थापक अध्यक्ष सूर्य लाल यादव, ध्रुवराज शर्मा, जहीरुल हक जीनू, रेडियो कर्मी चन्दा सिंह, कृष्ण मुरारी प्रसाद भट्ट, प्रलेस बाँके अध्यक्ष चरित्रा शाह, गायककार नितेष विश्वकर्मा शतक रक्तदाता तथा संचारकर्मी पवन जायसवाल, आनन्द गिरी मयालू, राजेन्द्र वैश्य, अधिवक्ता विश्वजीत तिवारी, अम्बिका प्रसाद पाठक, रमेश कुमार प्रजापति, दीपा प्रजापति, अल्पना वैश्य, काजल शर्मा लगायत 86 से अधिक लोगों की उपस्थिति रही ।कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापित कर किया गया।

## संक्षेप

### विद्युत उपकेंद्र दियरा में बिजली लाइन सुरक्षा अभियान

**तारों से सटे झाड़ियों की छंटाई शुरू, 3 घंटे बंद रहा मोतिगरपुर फीडर**

सुलतानपुर, मोतिगरपुर में बिजली के तारों से सटे पेड़ों की छंटाई का काम शुरू किया गया।इस कारण मोतिगरपुर फीडर की आपूर्ति लगभग 3 घंटे तक बाधित रही।पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शाहपुर लपटा से मोतिगरपुर कस्बे तक लाइन के नीचे उगे पेड़ों और झाड़ियों की कटाई-छंटाई का काम चला। इस दौरान विभाग के जेई विवेक यादव भी मौके पर मौजूद रहे। बिजली विभाग की टीम के काम के दौरान मोतिगरपुर फीडर को बंद कर दिया गया। इससे गौरा, खेमाजितपुर, डड़वाकला, मोतिगरपुर, शाहपुर लपटा, बेलवारी, डींगुरपुर, बनकेगांव, अहदा और खरगपुर जैसे दर्जन भर गांवों की बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई। विद्युत उपकेंद्र दियरा के जेई विवेक यादव ने बताया कि मोतिगरपुर फीडर से जुड़ी बिजली लाइन को पेड़ों से सुरक्षित किया गया है। उन्होंने कहा कि पेड़ों की छंटाई कराई गई है और कुछ चुनिंदा पेड़ों की टहनियां काटी गई हैं।ये वे पेड़ थे जो पूर्व में चले अभियान में छूट गए थे। यादव ने बताया कि अभी डींगुरपुर बनकेगाँव से मलिकपुर बखरा के बीच एक-दो स्थानों पर थोड़ा काम बचा है। इसे जल्द पूरा कर सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति बहाल की जाएगी।पेड़ों और झाड़ियों की कटाई-छंटाई के काम में प्रवेश कुमार, जय नारायण दूबे, राजू मिश्र, रमेश गुप्ता, रुदल, पंकज यादव, संदीप कुमार और बृजलाल आदि लगे हुए थे।

### भारी बारिश से टूटा रास्ता

**बेलासदा और शंकरपुर के बीच आवागमन में परेशानी, स्कूली बच्चों को जोखिम**

सुलतानपुर, विकास खण्ड भदैया के बेलसदा में एक ही पंचायत के दो गांवों को जोड़ने वाला रास्ता भारी बारिश के कारण बह गया है। बेलासदा और शंकरपुर को जोड़ने वाले इस मार्ग पर अब लोग केवल पैदल ही आवागमन कर पा रहे हैं। इस रास्ते पर स्थित प्राथमिक विद्यालय जाने वाले बच्चे भी जोखिम उठाकर आने-जाने को मजबूर हैं। स्थानीय निवासियों के लिए यह स्थिति काफी कठिनाईपूर्ण बन गई है।ग्रामीणों अजय दुबे, पंकज दुबे, रुद्र दुबे और राहुल ने इस समस्या को लेकर ग्राम प्रधान मुन्ना लाल से शिकायत की है।

### आवारा गौवंशों को समाजसेवियों ने भेजा गौशाला

**सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए छुट्टा पशुओं को पदुमरा गौशाला पहुंचाया**

सुलतानपुर, कूरेभार सुल्तानपुर क्षेत्र में समाजसेवियों ने एक सराहनीय पहल की है। क्षेत्र के विभिन्न मार्गों पर घूम रहे आधा दर्जन से अधिक आवारा गौवंशों को गौशाला पहुंचाकर उन्होंने मिसाल पेश की है।रितेश सिंह, संजय सिंह, राजा यादव, बबलू उपाध्याय, आकाश सिंह, सुखराम, अरुण लोहार, गंगा दुबे, रामकरण दुबे, शिवप्रसाद पाल और शमशेर अली की संयुक्त पहल पर इन पशुओं को पदुमरा स्थित गौशाला में भेजा गया। इन आवारा पशुओं के कारण सड़क पर दुर्घटना का खतरा बना हुआ था।

## जंगली नाथ मंदिर जाने वाले रास्ते पर हो रही आए दिन दुर्घटना

**स्थानीय लोगों का कहना है कोई जनप्रतिनिधि नही देते ध्यान**



**अमन लेखनी समाचार**

रिसिया, बहराइच। मटेरा अंतर्गत जंगली नाथ मंदिर के संपर्क मार्ग पर जलभराव से लोगों का आवागमन दूभर है। सावन में हर सोमवार को यहां आने वाले श्रद्धालुओं को जलभराव का सामना करना पड़ता है।बहराइच-नानपारा हाइवे पर स्थित सिद्धपीठ जंगली नाथ भगवान शिवजी का मंदिर है।इसी मार्ग से होते हुए मंदिर तक जाने का संपर्क मार्ग है। सावन में मंदिर में रोजाना काफी श्रद्धालुओं का आना-जाना रहता है। इधर कुछ दिनों पूर्व हुई बारिश के दौरान मार्ग पर भीषण जलभराव हो गया।इससे मार्ग पर कीचड़ फैला है। लिहाजा मंदिर में काफी श्रद्धालु व कांवड़िया भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए पहुंचेंगे। मंदिर मार्ग पर जलभराव होने से श्रद्धालुओं को खासी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन से सावन के पहले ही मंदिर जाने वाले मार्ग को ठीक कराने की मांग की थी, लेकिन प्रशासन ने ध्यान नही दिया।जिससे आज मंदिर मार्ग पर जलभराव की समस्या है।इस समस्या पर कोई जनप्रतिनिधि भी संज्ञान नहीं ले रहा है।

## पूरा दिन रुक रुक कर हुई बरसात, सूख रही धान की फसल को मिला जीवनदान

**अमन लेखनी समाचार**

बहराइच।सावन का महीना खत्म होने वाला है लेकिन अच्छी बारिश न होने से धान की फसल सूख रही थी किसानों ने पंपसेट से धान की फसल की सिंचाई भी शुरू कर दी थी इसी बीच शुरू हुई बारिश से धान की फसल को जहां संजीवनी मिली वहीं किसानों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई।जिले में बारिश न होने से जहां धान की फसल सूख रही थी वही आम जनमानस भीषण गर्मी से परेशान था। तहसील मिहींपुरवा क्षेत्र के जंगल क्षेत्र कतर्नियाघाट मिहींपुरवा गायघाट भज्जापुरवा तथा नानपारा समेत पूरे जनपद में रविवार सुबह 8 बजे से ही शुरू हुई हल्की से लेकर भारी रसेदार बारिश दिनभर जारी रही जिससे जहां भीषण गर्मी से राहत मिली वहीं धान की फसल को भी जीवन दान मिल गया। धान की सूख रही फसल के लिए यह बारिश किसी जीवनदान से काम नहीं है।दिनभर हुई बारिश से धान के खेतों में पानी दिखने लगा है जिससे किसानों के चेहरे पर मुस्कान आ गई है। इस संबंध में कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर संदीप कनौजिया ने बताया कि सूख रही धान की फसल के लिए यह बारिश

## दबंगों ने घर मे घुसकर की तोड़फोड़

**उठा ले गए नगदी व गृहस्थी का सामान**

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच।पीड़ित का आरोप है कि दबंगों ने घर मे घुसकर की तोड़फोड़ व नगदी सहित उठा ले गए गृहस्थी का सामान, मना करने पर दबंगों ने की पिटाई।पीड़ित ने स्थानीय पुलिस से लिखित शिकायत कर माँगा है न्याय।जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर धोबिया गांव निवासी प्रदीप गौतम पुत्र इतवारी ने बताया कि 02/03/2025 शनिवार को दबंग विपक्षी 1- आत्माराम 2- दिनेश पुत्रगण कुन्नू नि0- एकघरा ने मेरे घर पर चढ़ाई कर दिया जिसमे दबंगों द्वारा पीड़ित की पिटाई करने के साथ घर मे तोड़ फोड़ की गई। हाल ही मे कमाकर लाये गए घर मे रखे 10,000 रुपए सहित समस्त गृहस्थी का सामान जबरन उठा कर अपने साथ ले गए हैं।जाते हुए दबंगों ने पीड़ित को जानमाल की काफी धमकी भी दी है।इस संबंध मे चौकी प्रभारी बैबाही राम सुधार यादव ने बताया है कि जाँच करवाई जा रही है, पीड़ित आत्माराम व दिनेश का बहनोई है, पीड़ित द्वारा अपनी पत्नी का उचित देखभाल न करने के कारण पत्नी के भाइयों का आक्रोश फूटा है, हालांकि कानून हाँथ मे लेना अपराध है, अतएव दबंगों के विरुद्ध संवैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## उत्कृष्ट कार्यो के लिए बीईओ चित्तौरा अनुराग मिश्रा सहित 09 हुए सम्मानित

**अमन लेखनी समाचार**

बहराइच। जनपद बहराइच में चलाएं गए संपूर्णता अभियान के अंतर्गत बेसिक शिक्षा विभाग क्षेत्र में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन में सराहनीय कार्य के लिए विकास खण्ड चित्तौरा के खंड शिक्षा अधिकारी अनुराग कुमार मिश्र व खण्ड शिक्षा अधिकारी मिहीपुरवा डॉ. अजीत कुमार सिंह सहित बीईओ अरुण वर्मा, रंजीत कुमार, अरविंद बहादुर सिंह, डी सी निर्माण राकेश सिंह सहित अन्य कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी चित्तौरा अनुराग कुमार मिश्र व डॉ. अजीत कुमार सिंह ने बताया कि जनपद के कपूरथला में स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह में नीति आयोग एवं शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया है।इस दौरान जनप्रतिनिधियों के साथ- साथ जनपद के विभिन्न विभागों के आला अधिकारी मौजूद रहे।



## रिमझिम बारिश से मौसम सुहाना, फसलो को मिल रही संजीवनी

**अमन लेखनी समाचार**

बीघापुर, उन्नाव।रिमझिम बारिश से खेती को फायदा मिला है।पानी की कमी से खेतों में दरार आ गई थीं, वह खत्म हो गई है। उधर बारिश का सिलसिला जारी रहने से उमस भरी गर्मी से भी राहत मिली है। वही राहगीरो को समस्या हुई तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन क्षेत्र में रविवार को पूरे दिन बारिश का दौर जारी रहा।सुबह से ही रिमझिम का दौर शुरू हुआ जो दिनभर चलता रहा। पूरे दिन धूप नहीं निकली और लोगों ने बारिश के मौसम का आनंद लिया। किसानों को भी राहत मिली जुलाई में कम बारिश से धान की रोपाई को झटका लगा था।किसानों को निजी नलकूपों की मदद से रोपाई करनी पड़ी थी।उसके बाद सिंचाई का प्रबंध न होने से फसल सूख रही थी। दो दिन से हो रही बारिश से फसल को संजीवनी मिल गई है। किसानों को कहना है कि यदि इसी तरह बारिश होती रही तो खेतों में पानी की कमी पूरी हो जाएगी। अलग से सिंचाई का प्रबंध नहीं करना पड़ेगा दिन भर रिमझिम लगातार बारिश होने से राहगीरों को आने जाने में भारी समस्या पैदा हुई वही अधिक तक लोग पूरा दिन अपने घरों में ही दुबके रहे रविवार का दिन होने के कारण विद्यालय सहित सरकारी कार्यालय में अवकाश ही रहा दुकानो बाजारों में रिमझिम बरसात होने के कारण लोग नजर नहीं आऐ

## संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला वृद्ध

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव।थाना क्षेत्र के गांव मवाई भान में गांव के बाहर एक पेड़ से 65 वर्षीय राम सेवक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला।राम सेवक पिछले एक वर्ष से मानसिक तनाव से जूझ रहे थे।उनकी पत्नी फूल कुमारी की मौत एक वर्ष पूर्व हो गई थी।पत्नी की मौत के बाद से ही उनका मानसिक संतुलन बिगड़ गया था।ग्रामीणों के अनुसार, वह अक्सर गुमसुम रहते थे।किसी से ज्यादा बातचीत नहीं करते थे।राम सेवक मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे।मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण जुट गए पिछले कुछदिनों से वह काम पर भी नहीं जा रहे थे।रविवार सुबह ग्रामीणों ने गांव के बाहर एक बड़े पेड़ से उनका शव लटका देखा।इसके बाद अफरा-तफरी मच गई।मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण जुट गए।परिजनों को सूचना दी गई।घटना की जानकारी मिलते ही सफीपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची।पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवाकर कब्जे में लिया।पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।मृतक के तीन बेटे और दो बेटियां हैं।घटना के बाद से पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

## चूरन समझकर बच्चों ने खाई जहरीली दवा

### 8 की हालत बिगड़ी, कमरे में ही उल्टी और बेहोश होकर गिरे ; ग्रामीणों का हंगामा

**अमन लेखनी समाचार**

अलीगढ़, आंगनबाड़ी केंद्र में चूरन समझकर जहरीला पदार्थ खाने से 8 बच्चों की तबीयत बिगड़ गई।सभी को उल्टी-दस्त शुरू हो गई।सिर में दर्द की शिकायत पर सभी को सीएचसी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जेएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।मामला अतरौली क्षेत्र के नरौना आकापुर की है। आकापुर नरौना के आंगनबाड़ी केंद्र में रोज की तरह बच्चे आए थे। दोपहर का भोजन मिलने से पहले सभी बच्चे आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ाई कर रहे थे। थोड़ी देर बाद कमरे से बदबू आने लगी। इसके बाद मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चंद्रवती, महेंद्र कौर और योगेश पहुंचे। देखा बच्चे उल्टी कर रहे थे।कुछ बच्चों ने



बताया कि उनके सिर में दर्द हो रहा है। उन्होंने बच्चों से पूछा कि क्या किसी ने कुछ खाया है ? तभी एक बच्ची ने डरते हुए एक पाउच फेंका।जब आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने उसे उठाकर देखा तो वह गेहूं को घुन से बचाने वाली जहरीली दवा का पाउच था।लड़की बताया कि उसने यह पाउच घर की अलमारी से यह सोचकर लिया था कि यह कोई चूरन है।उसने इसे खुद भी खाया और अपने दोस्तों को भी दिया।इसे सभी 8 बच्चों ने चूरन समझकर खा लिया।इस खाने से रोशनी (3) और उसकी बहन राधिका (4), सुमन (5) और उसका भाई यश (4), नेहा (5), और उसकी बहन काव्या (4), मुस्कान (4), निखिल (5) की तबीयत बिगड़ गई है।सूचना पर ग्रामीण पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया। फिर किसी ग्रामीण ने पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। वहीं स्कूल स्टाफ और ग्रामीणों की मदद से बच्चों को बाइकों से तुरंत अतरौली के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। सीएचसी के इमरजेंसी में तैनात डॉ. अमरेंद्र यादव ने बताया- नरौना के 8 बच्चे अस्पताल आए थे। इन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया।सभी की हालत खतरे से बाहर है। लेकिन बेहतर उपचार को उन्हें मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया है।वहीं अलीगढ़ के अस्पताल में बीएसए ने भर्ती बच्चों का हालचाल जाना।बीएसए डॉ. राकेश कुमार सिंह ने बताया- सभी बच्चियों की हालत खतरे से बाहर है।पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## सीएचसी में हुई डाटा वैलिडेशन समिति की बैठक

**अधीक्षक की अध्यक्षता में एएनसी, प्रसव और टीकाकरण समेत कई रिपोर्ट्स की हुई समीक्षा**

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी जिला, संग्रामपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर पर डाटा वैलिडेशन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीएचसी अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह ने की।बैठक में समिति के कई सदस्य मौजूद रहे।इनमें डॉ. धीरेंद्र प्रताप, डॉ. यशवंत राव, विक्रम और शंभूनाथ पांडे (बीपीएम) शामिल थे। तीर्थराज यादव (बीसीपीएम), स्टाफ नर्स रेखा और निधि सिंह भी उपस्थित रहीं। फार्मासिस्ट आनंद गुप्ता, बृजेंद्र यादव और लैब टेक्नीशियन मुकेश यादव, वीरेंद्र वर्मा ने भी बैठक में हिस्सा लिया।आरबीएसके टीम से डॉ. आरिफ इकबाल और डाटा एंट्री ऑपरेटर शालिनी तिवारी भी मौजूद रहीं।बैठक में विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित रिपोर्ट्स की समीक्षा की गई। एएनसी, प्रसव और नवजात बच्चों का विवरण



देखा गया। एनीमिया मुक्त भारत अभियान और पीएनसी जांच रिपोर्ट पर चर्चा हुई।एसटीआई/आरटीआई केस रिपोर्ट और परिवार नियोजन की प्रगति का आकलन किया गया। नियमित टीकाकरण रिपोर्ट और राष्ट्रीय कार्यक्रम रिपोर्ट की भी समीक्षा की गई।जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम रिपोर्ट, लैब जांच रिपोर्ट और माता-शिशु मृत्यु दर रिपोर्ट पर भी विचार-विमर्श हुआ। एचएमआईएस पोर्टल पर इन डाटा में पाई गई त्रुटियों को चिह्नित किया गया। समिति ने इन त्रुटियों को सुधारने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने का निर्णय लिया।सभी सदस्यों ने डाटा की सटीकता सुनिश्चित करने के लिए सुधारात्मक उपायों पर सहमति जताई।

## चोर को पड़कर ग्रामीणों ने किया पुलिस के हवाले

**अमन लेखनी समाचार**

कैसरगंज, बहराइच।कैसरगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दनावल में शनिवार की रात करीब 12:00 बजे तीन चोर प्राथमिक विद्यालय दनावल में ताला तोड़ रहे थे, तभी स्कूल के परिसर में ही सो रहे ग्रामीण की नींद से आंख खुल गई और मौके पर एक चोर को तत्काल रंगे हाथ पकड़ लिया। ग्रामीणों ने 112 नंबर पर कॉल करके चोर को पुलिस के हवाले कर दिया, लेकिन पुलिस ने अभी तक क्या कार्रवाई की, इसका पदार्फाश नहीं हो पाया है। ग्रामीणों का आरोप है कि हम लोगों ने कई बार चोर को पड़कर पुलिस के हवाले किया मगर पुलिस ने आज तक क्या कार्रवाई की हम लोगों को नहीं पता।

मँझारा गोडहीया आदि गांव में लगातार हो रही चोरी का सिलसिला जारी है लेकिन जब ग्रामीण कोतवाली कैसरगंज जाते हैं तो वहां मौजूद दरोगा जी कहते हैं कि चोर का नाम बताइए और पता बताइए हम पुलिस वालों को यह जानकारी कहां की चोर कहां से आते हैं।पुलिस कैसरगंज पुलिस चोरों को ढूंढने में हमेशा असमर्थ दिखाई देती है। लेकिन जब ग्रामीण खुद चोर को पड़कर पुलिस के हवाले करते हैं तो उनसे कोई नतीजा हासिल नहीं होता। ऐसा प्रतीत होता है कि कैसरगंज पुलिस चोरों से मिली भगत करके कैसरगंज के इलाके में हो रही चोरी का पूरा समर्थन चोरों को हासिल है। इसलिए कई बार ग्रामीणों ने कैसरगंज पुलिस को चोर पकड़ कर दिए लेकिन पुलिस ने आज तक कुछ उचित कार्रवाई करने के बजाय पुलिस कस्टडी से ही चोर भाग जाते हैं।

## महिला की गला काटकर हत्या

**24 घंटे से थी लापता, संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शव; पुलिस और फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी**

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी, उत्तर प्रदेश के अमेठी के जामों थाना क्षेत्र के पूरबगौरा फत्ते का पुरवा में महिला की गला काटकर हत्या कर दी गई। महिला इलाइची (50) पत्नी महंगू मंगता लापता थी और घर से 500 मीटर दूर खेत में उसका खून से लथपथ शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।वह कल देर शाम से ही घर नहीं लौटी थी। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया था।पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और फोरेंसिक टीम के साथ जांच में जुट गई है। वहीं घटना स्थल पर जांच करने एसपी अमेठी अपर्णा रजत कौशिक भी पहुंची हैं। मौके का निरीक्षण कर जल्द आगे की कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित परिजनों के अनुसार, महिला कल घर से बाजार के लिए निकली थी।जब वह देर शाम तक वापस नहीं लौटी, तो परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की। महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर से 500 मीटर दूर खेत में खून से लथपथ मिला।जांच में पता चला कि महिला के गले पर धारदार हथियार से हमला कर हत्या की गई है।वहीं महिला के शव से 100 मीटर दूर ही उसके चप्पल मिले है।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।पुलिस ने विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।



घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी समेत सीओ भी घटना स्थल का निरीक्षण कर रहे हैं।सीओ ने कहा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम को भेजा गया है और विधिक जांच पड़ताल करते हुए मामले की जांच के लिए टीमें जांच कर रही है जल्द खुलासा किया जायेगा।

घटना स्थल पर फोरेंसिक टीम को बुलाया गया है और भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

## संक्षेप

### युवक को पेड़ से बांधकर पीटा

**मानसिक रूप से बीमार युवक को समझा चोर, भीड़ ने डंडों से पीटा, पुलिस ने बचाया**

गाजियाबाद, थाना वेव सिटी क्षेत्र की उस्मान कॉलोनी में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब एक युवक को संदिग्ध हालत में घूमते देख लोगों ने उसे चोर समझ लिया। देखते ही देखते लोगों की भीड़ जमा हो गई और युवक को पकड़कर पेड़ से बांधकर जमकर पीटा गया। जब स्थानीय निवासियों ने एक अनजान युवक को कॉलोनी में घूमते देखा। संदेह होने पर लोगों ने शोर मचाया कि चोर-चोर, जिसके बाद दर्जनों लोग इकट्ठा हो गए। भीड़ ने युवक को पकड़कर पहले पेड़ से बांधा और फिर तालिबानी अंदाज में उसकी जमकर पिटाई की। सूचना मिलने पर वेव सिटी थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और युवक को भीड़ से सुरक्षित बाहर निकाला। पुलिस ने बताया कि युवक की पहचान पिंकी पुत्र डोरी लाल निवासी पहासू, बुलंदशहर के रूप में हुई है। एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने बताया कि युवक मानसिक रूप से अस्वस्थ है

### हाईगेज से पिकअप टकराई, 3 की मौत

**हिंडन नदी के पास हादसा, जमीन पर बिखरी लाशें, 8 घायल**

मेरठ, हिंडन नदी के पास बड़ा हादसा हो गया। पिकअप पुल के पास हाईगेज से टकरा गया। हादसे में 2 लोगों की मौके पर जबकि तीसरे की अस्पताल में मौत हो गई। वहीं हादसे में 8 लोग घायल हो गए। पिकअप सवार अमरोहा से बागेश्वर धाम की तरफ जा रहे थे, जैसे ही मेरठ-बागपत के बार्डर के पास हिंडन नदी पुल के पास पहुंचे। सामने लगे हाईगेज से पिकअप टकरा गया। हादसा इतना भीषण था कि पिकअप के परखच्चे उड़ गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। सभी घायलों को सरूरपुर सीएचसी में भर्ती कराया। गंभीर रूप से घायलों को मेडिकल रेफर किया गया। घायल टिंकू ने बताया- हम लोग बागड़ जाने के लिए पिकअप से निकले थे। पिकअप दो फ्लोर में बनी थी। ऊपर और नीचे मिलाकर करीब 30 से 40 लोग सवार थे। जैसे ही पिकअप डिंडन नदी के पुल के पास पहुंची तभी आगे का हिस्सा निकल गया लेकिन ऊपर का हिस्सा हाईगेज से टकरा गया। सीएम ने जताया दुख सीएम योगी ने मेरठ में सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ सदर तहसील पर प्रदर्शन

**करप्शन फ्री इंडिया संगठन ने किसानों के साथ हो रहे अन्याय पर जताया विरोध**

गौतम बुद्ध नगर, करप्शन फ्री इंडिया संगठन के कार्यकताओं ने सदर तहसील पर धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने किसानों के साथ हो रहे अन्याय और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई। प्रदर्शनकारियों ने भ्रष्ट कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। करप्शन फ्री इंडिया संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय ने आरोप लगाया कि तहसील के कर्मचारी किसानों को परेशान करते हैं। उन्होंने बताया कि मुआवजे की फाइल, वारिसान दाखिल खारिज और कूरे बंदी जमीन की पैमाइश जैसे कामों में अड़चन डाली जाती है।

# गोवर्धन में हत्या व लूट का खुलासा

## महिला समेत तीन ने मथुरा जेल में रची थी हत्या और लूट की साजिश

**BSF जवान की हत्या में महिला समेत तीन गिरफ्तार ,स्कूटी और नगदी बरामद**

अमन लेखनी समाचार




मथुरा गोवर्धन पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। थाना गोवर्धन, स्वाट टीम व एंटी रिवाउंड टीम की संयुक्त कार्यवाही में पूर्व बीएसएफ जवान विनोद कुमार पांडेय की हत्या व लूट के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ़्तार कर लिया गया है। पकडे गए आरोपियों में दो पुरुष और एक महिला शामिल है। पुलिस ने इनके कबजे से लूटी गई स्कूटी और 7100 नकद भी बरामद किए हैं। घर में घुसकर की थी हत्या यह सनसनीखेज वारदात 22 जुलाई की रात गोवर्धन थाना क्षेत्र के राधाकुंड स्थित गोपी बिहार कॉलोनी में हुई थी, जहां 55 वर्षीय पूर्व बीएसएफ जवान विनोद पांडेय की उनके ही घर में गला घोंटकर हत्या कर दी गई थी। बदमाशों ने घर से नकदी, जेवरात, बाइक और स्कूटी लूट ली थी। वारदात के बाद मृतक के भाई गिरीश चंद्र पांडेय निवासी गाजियाबाद की ओर से गोवर्धन थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था

**जेल में रची गई थी हत्या व लूट की पूरी साजिश**

पुलिस जांच में सामने आया कि इस वारदात की योजना अलवर जेल में बंद अजीत उर्फ टैनी ने बनाई थी। वहीं उसकी मुलाकात महिला आरोपी से हुई थी। महिला के जरिए ही बाहर मौजूद साथियों तक संदेश भेजा गया। योजना के अनुसार महिला को जेल में रची गई थी पूरी साजिश पुलिस जांच में सामने आया कि इस वारदात की योजना अलवर जेल में बंद अजीत उर्फ टैनी ने बनाई थी। वहीं उसकी मुलाकात महिला आरोपी से हुई थी। महिला के जरिए ही बाहर मौजूद साथियों तक संदेश भेजा गया। योजना के अनुसार महिला को विनोद के घर भेजा गया ताकि वह दरवाजा खुलवाए और कोई शक न हो। इसी दौरान घटना को अंजाम दिया गया।

**डींग बाईपास से हुई गिरफ्तारी**

पुलिस को सूचना मिली कि डींग बाईपास रोड स्थित एक निमार्णाधीन कॉलोनी के पास कुछ संदिग्ध छिपे हैं। इस पर गोवर्धन थाना प्रभारी रवि त्यागी, स्वाट टीम प्रभारी छोटेलाल और एंटी रिवार्डेड क्रिमिनल टीम प्रभारी सावेज चौधरी के नेतृत्व में दबिश दी गई और तीनों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।

# नानवेज बेचने पर हिंदू संगठनों ने काटा हंगामा

## पुलिस ने कराया रेस्टोरेंट बंद, दो हिरासत में

अमन लेखनी समाचार

मथुरा राष्ट्रीय राजमार्ग के कृष्णानगर क्षेत्र में हाईवे पर चल रहे एक रेस्टोरेंट में पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने रेस्टोरेंट को बंद कर दिया है और इसके दो संचालकों को हिरासत में संचालित है। जिसमें मीट मास परोसा जाता है। मीट मांस के कारोबार को लेकर दोपहर गौरक्षक दल के कार्यकताओं ने जमकर हंगामा काटा। जिससे अफरातफरी मच गई। बाद में मौके लेकर पूछताछ की जा रही है। बताया गया कृष्णानगर क्षेत्र के हाईवे स्थित न्यूरो हास्पिटल के पास दिल्ली जायका नाम से एक रेस्टोरेंट इसी सूचना पर आज दोपहर लगभग एक बजे बड़ी संख्या में हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता पहुंच गए और आपस में कहासुनी के बाद विवाद की स्थिति बन गई। हंगामे की स्थिति देखते हुए हंगामे उत्पन्न हो गई। हिंदूवादीसंगठनों के कार्यकताओं का कहना था कि श्रावण-भांदों को लेकर जहां ब्रज में दूर- दराज के श्रद्धालुओं काआवागमन बना है और प्रदेश सरकार द्वारा मांस की बिक्री पर रोक लगाई गई है। उसे बाद कारोबारी और रेस्टोरेंट संचालक कारोबार करके बृज को धूमिल करने पर लगे हैं। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने रेस्टोरेंट को बंद कर दिया है और उसके संचालक को पूछताछ केलिए हिरासत में लिया है।



# दोहों में दीदी मां पुस्तक के द्वितीय चरण का विमोचन

अमन लेखनी समाचार



मथुरा। वात्सल्य ग्राम स्थित विवेक हाउस में आयोजित संत सभा में साध्वी ऋतंभरा के सद्गुरु महामंडलेश्वर युग पुरुष स्वामी परमानंद गिरि जी महाराज ने दोहों में दीदी मां पुस्तक का द्वितीय चरण लोकारण किया। डॉ उमाशंकर राही द्वारा रचित यह पुस्तक साध्वी ऋतंभरा के जीवन पर आधारित है उसमें 121 दोहे सचित्र प्रकाशित किए गए हैं। लोकार्पण करते हुए स्वामी परमानंद जी ने कहा की पुस्तक सच्चाई पर आधारित है ऋतंभरा ने जो सेवा कार्य किए हैं वह अत्यंत सराहनीय हैं उन्होंने अपना पूरा जीवन नारी उत्थान बाल कल्याण के लिए लगाया है। महामंडलेश्वर स्वामी ज्योतिर्मयानन्द ने सामाजिक परिवेश पर अपने उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि आज हमें पारिवारिक प्रबोधन की आवश्यकता है अपने परिवार को संस्कृति और संस्कारों की गंगा जल से सीखना चाहिए। यदि हमारे बच्चे संस्कारित होंगे तभी भारत का अभ्युदय होगा भारत विश्व गुरु बनेगा और यह कार्य माता ही कर सकती हैं क्योंकि मातृशक्ति ही इस सृष्टि की मूल है। साध्वी शिरोमणि ने कहा कि हमारा उद्देश्य समाज को सही दिशा देना है हमें अपनी पौराणिक परंपराओं धार्मिक आस्थाओं का अनुसरण करते हुए अपना जीवन जीना चाहिए। इस अवसर पर साध्वी चैतन्य सिंधु, महा मंडलेश्वर वेदानंद गिरि, साध्वी सुहृदया गिरी, स्वामी सत्यशील, स्वामी सत्यश्रवा, साध्वी साध्या, साध्वी सत्यश्रुति, साध्वी सत्यमूर्ति, संविद की छात्राएं, यसोदा माताएं उपस्थित रहीं। संचालन साध्वी शिरोमणि ने किया।

# खेत पर चारा काटने गए युवक की करंट की चपेट में आने से मौत

अमन लेखनी समाचार



मथुरा। रविवार को सुबह खेत पर पशु चारा काटने गए एक युवक की विद्युत करंट की चपेट में आने से दर्द मौत हो गई। विद्युत विभाग की लापरवाही से हुई इस मौत को लोकर ग्रामीणों में आक्रोश है। उनका कहना है कि कई बार शिकायतो के बाद भी बिजली विभाग ने खंभे से लगे विद्युत तार को अलग नहीं किया जिससे यह हादसा हुआ है। पहले भी गांव में ऐसी कई घटनाएं हो चुकी। मिली जानकारी के अनुसार संदीप (25) पुत्र गोपाल सिंह आज सुबह साढ़े सात बजे अपने खेत पर पशुओ के लिए चारा काटने के लिए गया था। इसी दौरान खेत के ऊपर से जाती 33 हजार केवीए की विद्युत लाइन के खंभे पर लटकी पेड़ की टहनी के जमीन के छू जाने पर वह करंट की चपेट में आ गया। संदीप के गिरते ही आसपास के खेतों में लगे युवक उसे मोटरसाइकिलसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पर लेकर निकले लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना से पूरे कस्बे में विद्युत विभाग के खिलाफ आक्रोश है। पोस्टमार्टम गृह पर मृत युवक के पिता गोपाल सिंह ने बताया कि बेटा उनसे पहले खेत के लिए निकला था और जब वह बुग्गी लेकर खेत की ओर जा रहे थे। तभी उन्हें लोगों से जानकारी हुई कि किसी युवक को करंट ने पकड़ लिया है। बाद में जब पता चला कि वह युवक और कोई नहीं उनका बेटा है जिसके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। बिलखते पिता ने पोस्टार्टम गृह पर कहा कि उसने की बार विद्युत विभाग के अधिकारियों से शिकायत की कि उसके खेत पर लगे खंभे से पेड़ की टहनिया हटा दी जाएं लेकिन उसकी कोई ने नहींसुने जिससे आज वह अपने बेटे को खो बैठा। ग्रामीणों ने कहा कि बिजली विभाग के अधिकारी बिजली का बिल पुलिस कोलेकर आ जाते हैं लेकिन उनकी शिकायतों की ओर ध्यान नहीं दिया जाता। इसके लिए शासन स्तर से ठोस कार्रवाई की जानी चाहिए।

# अंधविश्वास में मां ने ली बेटे की जान

अमन लेखनी समाचार

मथुरा। कोसीकलां के निकट गांव दहगांव में एक हृदय विदारक घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। अंधविश्वास और झोलाछाप इलाज के फेर में 12 वर्षीय मासूम की जान चली गई। अंध विश्वास के चलते मां ने अपने ही बारह वर्षीय बेटे को तमाचे मार-मार कर जान ले ली। इस घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैली है। लोग इसे जहां अंधविश्वास बता रहे हैं वहीं कुछ लोग उसके उपचार में डाक्टरों द्वारा बरती गईलापरवाही बता रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार दहगांव निवासी यादराम का 12 वर्षीय बेटा अंश 30 जुलाई की रात नौ बजे घर से सामान लेने के लिए निकला था और ठोकर लगने से वह सड़क पर गिर गया। किशोर को बदहवास की स्थिति में परिजन तांत्रिक के पास ले गए जहां उसने झाड़फूंक कर उसका इलाज किया। इसके बाद अंश को बुखार आ गया जिसमें गांव के झोलाछाप डाक्टर ने ग्लूकोज की बोतल चढ़ा दी जिससे उसकी दशा और बिगड़ गई। बताते हैं कि बीती शाम उसकी मां पर कोई सवारी आई और उसने अंश को थप्पड़ों से पीटा जिससे उसका चेहरा सूज गया और उपचार के लिए आज सुबह उसे जिला अस्पताल लाया गया जहां कुछ देर के उपचार के बाद उसकी मौत हो गई। लोगों का कहना है कि कथित रूप से मां पर आई जाहरबीर बाबा के थप्पड़ों ने बेटे की जान ले ली। अंध विश्वास की इस घटना से परिवार ही नहीं पूरे गांव में तरह-तरह की चचाएँ हैं।



# यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई

- ट्रांस हिंडन जोन में पुलिस ने 1779 वाहनों के काटे चालान, 44 स्थानों पर चला अभियान

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, ट्रांस हिंडन जोन पुलिस ने यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की है। पुलिस ने एक विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया। यह अभियान ट्रांस हिंडन जोन के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ चलाया गया। इस अभियान के तहत ट्रांस हिंडन के 44 स्थानों पर पुलिस टीमें तैनात की गईं।

यहां यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों की जांच की गई। बिना हेलमेट, तीन सवारी, बिना नंबर प्लेट, गलत दिशा से आने जैसे मामलों में कुल 3542 व्यक्तियों को चेक किया गया। मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कुल 1779 वाहनों का चालान किया गया। पुलिस आयुक्त के निर्देश पर सभी एसीपी, थाना प्रभारी और चौकी प्रभारियों ने अभियान की निगरानी की। थाना वार आंकड़ों के अनुसार सबसे अधिक कार्रवाई कौशांबी थाना क्षेत्र में हुई। यहां 695 व्यक्तियों की जांच की गई और 384 वाहनों का चालान किया गया। साहिबाबाद में 685 जांचें और 355 चालान किए गए। इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में 389 लोगों को चेक कर 275 चालान काटे गए। लिंक रोड पर 446 लोगों की जांच में 247 चालान किए गए। टीला मोड़ पर 490 जांचों में 210 चालान काटे गए।

शालीमार गार्डन में 290 व्यक्तियों की जांच में 159 चालान किए गए। खोड़ा थाना क्षेत्र में 547 लोगों की जांच कर 149 वाहन चालान किए गए। पुलिस का कहना है कि ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

इससे सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी और यातायात नियमों के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ेगी।




# आत्मा की गवर्निंग बोर्ड बैठक में जिलाधिकारी का निर्देश

## कृषकों को गन्ना-धान के अलावा औद्यानिक फसलों और जैविक खेती को बढ़ावा देने पर जोर

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में कृषि तकनीकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) की गवर्निंग बोर्ड बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप कृषि निदेशक ने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पिछले वर्ष आयोजित कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण किया। इस दौरान आत्मा योजना के तहत वर्ष 2025-26 के लिए तैयार की गई 401.19 लाख रुपये की जिला कृषि कार्य योजना को अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही संबद्ध विभागों को प्रस्तावित कार्यक्रमों के लक्ष्यों के आवंटन को भी मंजूरी दी गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि विकास खंड स्तर पर कार्यरत बीटीएम/एटीएम के ज्ञान को अपडेट करने के लिए उन्हें प्रशिक्षित किया जाए। उन्होंने कृषि में विविधीकरण पर जोर देते हुए कहा कि किसानों को गन्ना, धान और गेहूं के अतिरिक्त औद्यानिक फसलों की बुवाई के लिए प्रोत्साहित किया जाए। जिलाधिकारी ने जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने तथा मिलेट्स की फसलों का क्षेत्रफल बढ़ाने के लिए प्रयास करने का आह्वान किया। मुख्य विकास अधिकारी ने कृषि यंत्रों के उपयोग संबंधी समस्या पर कहा कि कृषि विभाग द्वारा अनुदान पर गन्ना एवं सहकारिता विभाग को उन्नतशील कृषि यंत्र उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने संबंधित विभागों को इन यंत्रों की उचित देखभाल करने और किसानों को इनका उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया। बैठक में किसान शराजकुमार बाफर ने सुझाव दिया कि कृषि विश्वविद्यालय से समय-समय पर नई सामयिक जानकारी किसानों को उपलब्ध कराने के लिए बुलेटिन जारी किया जाए। उन्होंने कीटों की रोकथाम के लिए फैरोमैन ट्रैप और ट्राइको कार्ड के प्रयोग के बारे में किसानों को जागरूक करने की बात कही। किसान सोदान सिंह ने सुझाव दिया कि गन्ना और धान की फसलों के क्षेत्रफल को कम करके उनके स्थान पर अन्य उद्यान की फसलों को उगाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाए। बैठक में सीडीओ नूपुर गोयल, उप कृषि निदेशक नीलेश चौरसिया, जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार, जिला उद्यान अधिकारी अरुण कुमार व सम्बद्ध विभागों के अधिकारी एवं आत्मा गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों एवं कृषक आदि उपस्थित रहे।



# ओपीएस की मांग को लेकर अटेवा का प्रदर्शन

**सैकड़ों शिक्षक और कर्मचारी जुटे, एनपीएस को बताया असुरक्षित, डीएम कार्यालय में सौंपा ज्ञापन**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, अटेवा पेंशन बचाओ मंच की ओर से पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर बड़ा प्रदर्शन आयोजित किया गया। जिले भर से सैकड़ों शिक्षक, कर्मचारी और कर्मचारी संगठनों के सदस्य इकट्ठा हुए। प्रदर्शनकारियों ने जमकर नारेबाजी की। डीएम कार्यालय परिसर में हुए इस प्रदर्शन के दौरान मंच के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। इस अवसर पर अटेवा जिला अध्यक्ष मनीष कुमार शर्मा और जिला महामंत्री रामशेष वर्मा ने कहा कि नई पेंशन योजना एनपीएस पूरी तरह असुरक्षित है। उन्होंने बताया कि रिटायरमेंट के बाद कर्मचारियों को नाममात्र की पेंशन मिलती है। इससे बुढ़ापे का जीवन सम्मानपूर्वक नहीं कटता। रामशेष वर्मा ने कहा कि आज के समय में हर चीज की कीमतें बढ़ती जा रही हैं। चाहे वो गैस सिलेंडर हो दवाइयां हों या राशन। उन्होंने सवाल उठाया कि ऐसे में कुछ हजार की पेंशन से एक परिवार कैसे चलेगा। यह नीति बुजुर्ग कर्मचारियों को सीधे तौर पर गरीबी की ओर धकेल रही है। मनीष कुमार शर्मा ने स्पष्ट कहा कि पुरानी पेंशन योजना ओपीएस ही एकमात्र समाधान है।

# पांच जगहों पर आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल

**स्कूल में भूकंप का मॉक सीन, छात्रों को सिखाई गई ड्रॉप, कवर एंड होल्ड तकनीक**

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, आपदा प्रबंधन के तहत जिले की पांच अलग-अलग स्थानों पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं के दौरान आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक तैयारियों का प्रदर्शन करना था। इन्ग्राहम स्कूल में आयोजित मॉक ड्रिल में भूकंप की स्थिति का सिमुलेशन किया गया। स्कूल में हूटर बजते ही आपातकालीन स्थिति का माहौल बना। छात्रों, शिक्षकों और स्टाफ को पूर्व निर्धारित निदेशों के अनुसार अलर्ट किया गया। बच्चों को भूकंप के समय स्वयं को सुरक्षित रखने के लिए ड्रॉप, कवर एंड होल्ड तकनीक व्यावहारिक रूप से सिखाई गई। सभी प्रतिभागियों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। फायर अलार्म, सीढ़ियों का उपयोग और खुले स्थानों की ओर निकलने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। इसके बाद एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। उन्होंने मलबे में फंसे लोगों को खोजने और निकालने की विधि दिखाई। घायलों को स्ट्रेचर पर बाहर लाकर प्राथमिक चिकित्सा दी गई और एम्बुलेंस द्वारा अस्पताल पहुंचाने की प्रक्रिया का अभ्यास किया गया। इस आयोजन में पुलिस, अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, एनसीसी, स्काउट्स-गाइड्स और जिला प्रशासन की टीमों ने सहभागिता की। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर रहकर टीमों के समन्वय और तैयारियों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि ये मॉक ड्रिल्स महज औपचारिकता नहीं बल्कि समय की आवश्यकता हैं।



# पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़

- पैर में गोली लगने से आरोपी घायल, चोरी की बाइक और तमंचा बरामद

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर, बिसरख इलाके में पुलिस और एक टप्पेबाज बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पुलिस की गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। घायल बदमाश की पहचान हरियाणा के फतेहाबाद निवासी अजय उर्फ टिंकू के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, थाना बिसरख पुलिस रात में चिपियाना बुजुर्ग टी-प्वाइंट पर चेकिंग कर रही थी। तभी एक संदिग्ध बाइक सवार आता दिखा। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन वह रुकने के बजाय बाइक मोड़कर तेजी से भागने लगा। पुलिस ने उसका पीछा किया और कुछ ही दूर पर दूसरी पुलिस टीम से सामने से आमना-सामना हो गया। घबराहट में बदमाश की बाइक फिसल गई और वह गिर पड़ा। खुद को घिरा देख उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उसके पैर में लगी और वह घायल हो गया। तमंचा, नकदी, चोरी की बाइक बरामद पुलिस ने मौके से एक तमंचा, एक जिंदा और एक खोखा कारतूस (.315 बोर), बिना नंबर प्लेट की चोरी की बाइक और 5000 रुपए नकद बरामद किए हैं। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ है कि अजय उर्फ टिंकू ने 1 जुलाई को अपने तीन साथियों के साथ मिलकर चेरी काउंटी पेट्रोल पंप के पास एक व्यक्ति से 10 लाख रुपए की ठगी की थी। इस मामले में पहले ही लोकेश मिश्रा, पवन कुमार और संजीव कुमार नाम के तीन आरोपी 5 जुलाई को गिरफ्तार हो चुके हैं। पुलिस के मुताबिक अजय उर्फ टिंकू हरियाणा का रहने वाला है और उस पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह एक अंतरराज्यीय ठग गिरोह का सदस्य है।



# कड़ी सुरक्षा के बीच आज निकलेगी भव्य एवं विशाल कांवड़ यात्रा

## सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम, चप्पे-चप्पे पर रहेगी प्रशासन की पैनी नजर

अमन लेखनी समाचार



गुरसराय(झाँसी)- नगर में श्रीरामदूत शिव सेवा समिति के तत्वाधान में निकाले जाने वाली कावड़ यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। कांवड़ यात्रा के आयोजक संयोजक पं. सुरेन्द्र कुमार व्यास ने बताया कि आज प्रातः 5 बजे बोल बम के जयकारों के साथ कांवड़िए व्यास जी हनुमान मंदिर से एरच के लिए प्रस्थान करेगे। करीब 23 किलोमीटर से अधिक भव्य कांवड़ यात्रा का ग्रामीण क्षेत्रों के साथ जगह-जगह उत्साह के साथ भव्य स्वागत किया जाएगा। कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़िया बेत्रवंती मैया एरच से जल लेकर भीमाशंकर महादेव मंदिर गुरसराय में भगवान शिवजी का भव्य जलाभिषेक करने के पश्चात महाआरती के कार्यक्रम के बाद भंडारा प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि परंपरा के अनुसार सभी भक्त कांवड़ यात्रा को सफल बनाने में सहयोग करें। प्रातः सभी भक्त एक साथ बेतवा नदी एरच को प्रस्थान करेंगे, जिसमे सभी लोग उपस्थित होकर कांवड़ यात्रा को भव्यता प्रदान करें। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का वातावरण है। इसमें लगभग दो हजार की संख्या में कांवड़िए शामिल होंगे। प्रशासन की ओर से एडिशनल एसपी डॉ अरविंद कुमार, डिप्टी कलेक्टर गरौठा सुनील कुमार, डिप्टी एसपी गरौठा असमा वकार, थानाध्यक्ष गुरसराय वेदप्रकाश पांडे, एरच थानाध्यक्ष नीलेश कुमारी एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.ओपी राठौर ने चाक-चौबंद व्यवस्था को लेकर पेंच कसे एवं अपने अधीनस्थ अधिकारियों को चप्पे-चप्पे पर नजर रखने के निर्देश दिए। समिति के लोग तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे हुए है।

### युवाओं द्वारा निकाली जाएगी डाक कावड़ यात्रा

डाक कावड़ यात्रा के लिए पं नितिन व्यास ने बताया कि डाक कावड़ में रघु त्रिपाठी, आशीष यादव मोनू, मयंक बडोनिया, नरेंद्र सोनी, राज यादव, अभिषेक भदरवारा, भरत त्रिपाठी, चंदन यादव, मोनू यादव, बिट्ठू अस्ता, झन्ना अग्रवाल, रवि आमली, छोटू तिवारी, धीरू झा, बच्चन सोनी, जितेन्द्र मोठ, हिंमाशू अग्रवाल, अंशुल सोनी, निक्की चौरसिया, कपिल कोठारी, संजय ठाकुर, सुमित सोनी, शिवम सोनी, अभिषेक सोनी शामिल रहेगे जबकि मोटरसाइकिल में आनंद सोनी, अन्नू सोनी, बिट्ठू अस्ता, छोटू मिश्रा, धीरेंद्र, राघवेंद्र, ऋषभ द्विवेदी, पीयूष खरे, पवन सोनी, ध्रुव यादव, सोनू मुखिया, शिवम सोनी, शिवा तोमर, रजित विश्वकर्मा, नीरज झा, जितेंद्र, मोहित अग्रवाल, केशव चौरसिया, रिंकू कुचवार, यश बिलैया, आकाश सोनी, शुभम सोनी, बेटू बिलैया, राज सोनी सहित अन्य लोग शामिल रहेगे।

# अखंड हिंद फौज संगठन द्वारा दौड़ प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



महोबा। जिला स्टेडियम में अखंड हिंद फौज संगठन द्वारा राष्ट्र सेवा और समाज हित में छात्र छात्राओं को शामिल करने के लिए अभियान चलाया गया। इसके तहत दौड़ प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें चयनित बच्चों को संगठन में शामिल किया गया है जो पुलिस मित्र और सामाजिक कार्यक्रमों में सहयोग के रूप में काम करेंगे। इस संगठन का मकसद बच्चों में राष्ट्र सेवा के प्रति लगाव पैदा करना है। आपको बता दें कि अखंड हिंद फौज संगठन द्वारा प्रदेश में 12 से 17 वर्ष तक के बच्चों को संगठन में शामिल कर पुलिस मित्र एवं समाजसेवी बनाने के साथ-साथ राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करना है। जिसके लिए बच्चों को शामिल कर सेना में होने वाले नियमों और अनुशासन से अवगत कराया जाता है। समाज में कैसे काम करें इसकी ट्रेनिंग भी दी जाती है। छात्र-छात्राओं में देश भक्ति से ओतप्रोत विभिन्न कार्यक्रम भी अखंड हिंद फौज द्वारा चलाए जा रहे हैं। आज जिला स्टेडियम में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें तकरीबन 150 छात्र छात्राओं ने भाग लिया है। इस दौड़ प्रतियोगिता में चयनित होने वाले बच्चों को अखंड हिंद फौज में शामिल कर लिया जाएगा। देश की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए एकता अखंडता, अनुशासन और देश की आन बान शान को बनाए रखने के लिए संगठन काम कर रहा है। जिसके जरिए लगातार छात्र छात्राओं को जोड़ा जा रहा है। संगठन का उद्देश्य है कि छात्र बचपन से ही शिक्षा के साथ-साथ विद्यालय अवकाश के समय तन मन धन से देश को समर्पित हो और उनका शारीरिक मानसिक बौद्धिक विकास हो सके अमित कुमार नागर हरि झंडी शरद तिवारी दाऊ जेजक ने भी हरी झंडी दिखाई है। एडीसीओ अमित वर्मा, पीसी ऋषि देव, पीसी कुनाल शाहू, पीसी बाबू शैलजा राजपूत, पीसी अनुजा पांडेय, मुस्कान चौधरी, एससी गुंजन श्रीवास, यदि लोग मौजूद रहे।

खास समाचार

## नाबालिक बेटी की गड्ढे में गिरने से हुई मौत

अमनलेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव भगलापुर में एक 8 वर्षीय बेटी की गड्ढे में गिरकर मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार नाबालिक बेटी अपनी मां के साथ भगलापुर गांव आई थी जहां बच्चों के साथ खेल खेल में हीं नन्ही बालिका मोहिनी एक गड्ढे में जा गिरी अन्य बच्चों ने शोर मचाया जहां कुछ दूर पर बकरी चरा रहे ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंचे तथा बच्ची को बाहर निकाला परिजन बेटी को लेकर नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली पहुंचे जहां चिकित्सकों ने बेटी मोहिनी को मृत घोषित कर दिया यह सूचना जैसे ही मां सुमन को मिली तो उसका रो-रो कर बुरा हाल था मिली जानकारी के अनुसार बेटी नजदीकी जनपद हमीरपुर के कलुआ का डेरा गांव में रहती थी मृतक बेटी की मां सुमन अपने पिता के घर भगलापुर गांव आई थी मायके में पिता स्वर्गीय जयपाल का स्वर्गवास पूर्व काल में हो चुका है वही मां के साथ बेटी की नानी चुनबुदिया ने भी करूण कृन्दन करते हुए चीख पुकार लगाई

## अनुप्रिया पटेल ने मिजार्पुर के बाढ़ प्रभावित नारायनपुर ब्लॉक का दौरा किया, पीड़ितों की समस्याएं सुनीं

मिजार्पुर : अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य, परिवार कल्याण व रसायन उर्वरक राज्यमंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने आज मिजार्पुर के बाढ़ प्रभावित नारायनपुर ब्लॉक के गांवों का दौरा किया। उन्होंने गंगा नदी से प्रभावित बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का जायजा लिया और स्थानीय बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने बाढ़ आपदा से निपटने के लिए उपस्थित जिलाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि प्रभावित लोगों को त्वरित सहायता और राहत प्रदान की जा सके।

## रायपुर पुलिस द्वारा 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, अशोक कुमार मीणा द्वारा जनपद में वांछित/वारण्टी अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर रणधीर मिश्रा के निकट पर्वेक्षण में थाना रायपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-144/2024 धारा 419, 420, 406, 467, 468, 471 भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त नजीमुद्दीन अंसारी पुत्र बिस्मिल्ला अंसारी निवासी खलियारी थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र उम्र करीब 37 वर्ष को दिनांक 03.08.2025 को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

## मित्रता ही सच्चे प्रेम का धागा है : स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज राजेश तिवारी

प्रयागराज।मित्रता ही सच्चे प्रेम का धागा है यह अभिव्यक्ति स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज मेजा प्रयागराज के ग्राम पंचायत बकचून्दा निवासी राजेश तिवारी ने अपने सम्वर्गीय साथियों के बीच जिला पंचायत अध्यक्ष कार्यालय प्रयागराज में कही।खबर का दृष्टिकोणिक कराते चले कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज श्री तिवारी अपने सम्वर्गीय साथियों के साथ एक विशेष कार्य से जिला पंचायत अध्यक्ष कार्यालय प्रयागराज पधारे हुए थे।आपसी सौहार्दपूर्ण साहित्यिक परिचर्चा के दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज श्री तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि मित्रता ही सच्चे प्रेम का धागा है क्योंकि इस संसार में सच्चा प्रेम केवल मित्र के साथ ही होता है जो एक पवित्र धागे के साथ बंधा रहता है।एक सच्चे मित्र पर दूसरे मित्र का पूर्णतः विश्वास बना रहता है जिससे वे एक दूसरे से अपने सुख-दुःख का हाल बेझिझक कह और बता सकते हैं।एक सच्चा मित्र अपने मित्र के सुख में प्रसन्न एवं दुःख में क्रंदन एवं करुणा का भाव रखते हुए उसके निपटारे में अपना जी जान लगा देता है।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का लिया जायजा

अमन लेखनी समाचार



चित्रकूट। दिनांक 03.08.2025 को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी॰ एन॰ एवं पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह द्वारा थाना क्षेत्र सरधुवा में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र ग्राम पनौटी, अर्की, जमौली, विलाशपुर, खोपा, सुबे का पुरवा मजरा चिल्लीबांगर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। जनपद में लगातार हो रहे भारी वर्षा के कारण यमुना नदी व अन्य नदियों की जल स्तर बढ़ जाने के कारण जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा ग्राम पंचायत सरधुवा में 45 घरों के लगभग 130 लोग प्रभावित हुए हैं। इन प्रभावित लोगों को कम्पोजिट विद्यालय सरधुवा में आश्रय दिया गया है। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का तत्काल संज्ञान लेते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रभावित गांवों में अस्थाई कैंप सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें साथ ही साथ खाने पीने की व्यवस्था समुचित रहनी चाहिए। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी व चौकिया को निर्देशित किया कि आप लोग सतर्क रहकर भ्रमणशील रहे, किसी भी मनुष्य, पशु की जन हानि नहीं होनी चाहिए। जिलाप्रशासन जो भी राहत सामग्री दिया जा रहा है उसको नियमानुसार वितरण कराएं तत्पश्चात जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मेडिकल कैंप लगाकर चिकित्सा उपलब्ध कराए तथा पशुओं को भूसा चारा, पशुओं को शत प्रतिशत टीकाकरण एवं नाव व मोटर नाव में क्षमता के अनुसार ही व्यक्ति को बैठाएं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे स्वप्निल कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी नगर राज कमल, तहसीलदार भारत प्रताप सिंह एवं थानाध्यक्ष राम सिंह, पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

## लगातार 24वें दिन किया गया रुद्राभिषेक पूजन

सोनभद्र। रामगढ़ कसारी भिखारी बाबा आश्रम स्थित शिव मंदिर में लगातार 24वें दिन रविवार को भी रुद्राभिषेक पूजन किया गया। इस दौरान समूचा मंदिर परिसर हर हर महादेव के जयकारे से गुंजायमान हो गया। सावन माह के 24वें दिन रविवार को निक्की केसरी, ऋषिका केसरी, लकी केसरी, संध्या केसरी, विवेकानंद मौर्य, खुशबू देवी, विमला देवी, करुणा सिंह, कृष्णवती, भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट की उपाध्यक्ष चिंता मौर्य, परमानंद मौर्य, कुलदीप मौर्य, कृति मौर्या, डॉक्टर विजय, उर्मिला देवी, कालो देवी, पंडित रेवती नाथ त्रिपाठी, रामा त्रिपाठी, कलावती चौबे, मनोज केसरी, रूपेश केसरी, दीपक केसरी, गोविंद गुप्ता को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आचार्य राधेकृष्ण तिवारी ने दुध व गंगाजल से रुद्राभिषेक पूजन कराया।

# बारिश से गिरा घर, बाल-बाल बचे लोग

अमन लेखनी समाचार

नसीराबाद, रायबरेली। बंगला मजरे फागूपुर में लगातार हुई तेज बरसात में एक गरीब परिवार का घर ढह गया। गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। शनिवार को सवेरे से रुक-रुक कर हो रही बारिश ने रात में जोर पकड़ लिया। इसी घनघोर बारिश के दौरान रामसागर पुत्र बैजनाथ के कच्चे मकान की दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। उसके सहारे रखा गया छप्पर भी गिर गया। गनीमत रही कि दीवार बाहर की ओर गिरी, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई और बड़ा हादसा होने से बच गया। घटना से पीड़ित रामसागर का घरेलू उपयोग का सामान भी मलवे में दब गया और परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गया। जानकारी होने के बावजूद कोई भी सरकारी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। हलका लेखपाल सीतेश सिंह ने बताया कि दीवार गिरने की सूचना पर सर्वे करवा लिया गया है। पीड़ित परिवार से मुख्यमंत्री आवास योजना का आवेदन पत्र भरवाकर सरकारी आवास दिलाने की कार्यवाही की जाएगी।

# हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट का चल रहा हेल्प प्रोग्राम

– राजकीय कॉलेज की छात्र–छात्राओं में विशेष मांग।

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र क अपर राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा माध्यमिक उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशके अनुक्रम में प्रदेश के सभी राजकीय कॉलेज में छात्र-छात्राओं को जीवन की क्षमताओं का हार्टफुलनेस के माध्यम से अनुभव कराने के लिए हेल्प प्रोग्राम शुरू किया गया हैक जिसकी राजकीय कालेज के छात्र-छात्राओं में विशेष डिमांड है। इस क्रम में पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज राबर्ट्सगंज सोनभद्र में माह जून, 2025 से हार्टफुलनेस का कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसमें छात्राओं को हार्टफुलनेस रिलैक्सेशन, मेडिटेशन, हार्टफुलनेस सफाई और हार्टफुलनेस प्रार्थना का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिससे छात्र-छात्राएं एक संतुलित, उद्देश्य पूर्ण और सुखी जीवन जीने योग्य बन सकें क आगामी 16 अतिरिक्त सत्र आवश्यक जीवन कौशल के अंतर्गत समय प्रबंधन, तनाव प्रबंधन, मजबूत रिश्ते बनाने, साझा करने और देखभाल करने, नियति का निर्माण करने, मन को शांत और केंद्रित करने से संबंधित होंगे। सभी सत्रों में शामिल होने वाले छात्र- छात्राओं को हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट की ओर से प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। यह हेल्प प्रोग्राम स्कूल कनेक्ट, सोनभद्र की टीम द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे हैं, जिसमें हार्टफुलनेस प्रशिक्षक गोपाल, वॉलिंटियर प्रशांत कुमार भारती, कंचन लता, अचला एवं श्रद्धा श्रीवास्तव शामिल हैं।

# मिशन शक्ति के तहत महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण को लेकर जनपद पुलिस का प्रभावी जागरूकता अभियान

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता को सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में जनपद सोनभद्र पुलिस द्वारा व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत जिले के सभी थाना क्षेत्रों में गठित मिशन शक्ति टीमों व एंटी रोमियो स्क्वॉड द्वारा बाजारों, शिक्षण संस्थानों, चौराहों, धार्मिक स्थलों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर महिला अधिकारों, सुरक्षा संसाधनों व कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

### प्रमुख गतिविधियां–

महिला सशक्तिकरण योजनाओं की जानकारीः

- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना
- निराश्रित महिला पेंशन योजना
- राष्ट्रीय पोषण मिशन
- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना
- बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना
- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना
- आयुष्मान भारत योजना

### महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों का प्रचार–प्रसार एवं पंपलेट वितरण–

- महिला शक्ति हेल्पलाइन-1090
- महिला हेल्पलाइन-181
- पुलिस आपात सेवा-112
- सीएम हेल्पलाइन-1076
- स्वास्थ्य सेवा-102
- एम्बुलेंस-108
- साइबर हेल्पलाइन-1930

### जन सहभागिता एवं संवाद–

महिला पुलिसकर्मियों ने आमजन, विशेषकर युवतियों व महिलाओं से संवाद स्थापित कर उन्हें आश्वस्त किया कि किसी भी असुविधा अथवा उत्पीड़न की स्थिति में वे निःसंकोच पुलिस से संपर्क करें। आम नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए ऐसे अभियानों को नियमित रूप से आयोजित किए जाने की आवश्यकता जताई।

### जनपद पुलिस की प्रतिबद्धता–

सोनभद्र पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम मिशन शक्ति के तहत सतत रूप से आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे सकारात्मक सामाजिक वातावरण और जनसहभागिता को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके।

# ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा ओबरा-चोपन में भाइयों की कलाई में बांधा गया रक्षासूत्र

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय संस्था द्वारा समाज सेवा के प्रतिबद्धता दूसरे दिन रविवार को ऊर्जांचल नगरी ओबरा मे आत्मिक ज्योति को जागृत कर मानव कल्याण की भावना को साकार करने के लिए ब्राह्मकुमारी बहनो द्वारा भाइयो की कलाइयो मे रक्षासूत्र बाँधा गया। मुख्य कार्यक्रम ओबरा के महेंद्रा होटल के निकट ब्रह्मकुमारीज के उपसेवाकेंद्र पर संपन्न हुआ। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवाकेंद्र रॉबर्ट्सगंज की मुख्य सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी सुमन बहन ने सर्वप्रथम रक्षाबंधन के आध्यात्मिक रहस्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि रक्षाबंधन का पर्व मनुष्यत्माओं को पवित्रता के बंधन में बंधकर समाज में नैतिक मूल्यों और आदर्शों के धर्म को जीवन में व्यावहारिक रूप से अपनाने की प्रेरणा देता है। रक्षासूत्र केवल धागों का बंधन मंत्र नहीं है, बल्कि यह सनातन, भारतीय संस्कृति की महान के महान आदर्शो और पवित्र भावनाओं का बंधन है। वर्तमान समय मे रक्षाबंधन के त्यौहार को इसी व्यापक दृष्टिकोण से समझने और मनाने की आवश्यकता है। तभी आदि सनातन दैवी संस्कृति की संकल्पना साकार हो सकती है। ब्रह्माकुमारी संस्था से जुड़े सदस्यों, गणमान्य नागरिकों, को राखी बांधी गई तथा प्रसाद का वितरण किया गया। इसके बेस्ड चोपन स्थित गीता पाठशाला में भी राखी बांधी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीड्डकेड्ड प्रतिभा, बीड्डकेड्डसीता बहन, मनोरमा बहन डंगर भाई, बृज किशोर भाई, अशोक भाई इत्यादि ने सक्रिय योगदान दिया।

# गोपालपुर में नाली निकासी न होने से सड़क पर बह रहा गंदा पानी

### ग्रामीणों ने गंदे पानी में किया प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर जिले के सैदपुर के गोपालपुर गांव में बीच सड़क पर पानी भरे होने से परेशान ग्रामीणों का सब्र आखिरकार जवाब दे गया। जिसके बाद ग्रामीणों ने आज उसी पानी में खड़े होकर विरोध प्रदर्शन किया और कीचड़युक्त रास्ते को दुरूस्त कराने की मांग की।



वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन से उतरकर गांव में जाने वाली सड़क किनारे जलनिकासी व नालियों की समुचित व्यवस्था न होने के चलते लोगों के घरों से निकला हुआ गंदा पानी सड़क पर ही बहता है और यहीं जमा रहता है। जिससे पूरे साल सड़क पर गंदा पानी बजबजाता रहता है। जिसके चलते उक्त सड़क से गुजरना लोगों के लिए टेढ़ी खीर है। यहां तक कि इस मार्ग से होकर गुजरने वाले स्कूली बच्चों के कपड़े आदि आए दिन गिरकर खराब होते रहते हैं। वहीं वाहन व साइकिल सवार भी गिरते रहते हैं। जिससे ग्रामीणों का बुरा हाल था। साथ ही संक्रामक बीमारियों का भी खतरा बना रहता है। आखिरकार आज ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे गया और ग्रामीणों ने सुबह करीब 10 बजे उसी गंदे पानी में खड़े होकर जमकर नारेबाजी की और जलनिकासी की समुचित व्यवस्था कर सड़क को दुरूस्त कराने की मांग की। इस मौके पर रमेश, दीनानाथ, करिया, जवाहिर, अमर यादव, उषा, आदि ने सड़क को दुरूस्त कराने की मांग की है।

# जनप्रतिनिधियों ने वृक्षारोपण कर दिया हरित क्रांति का संदेश

### बिंदकी विधायक ब्लॉक प्रमुख समेत विशिष्ट गणमान्यों ने किया वृक्षारोपण

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड अंतर्गत गांव इच्छापुर देवचली में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व राज्य कारागार मंत्री वर्तमान बिंदकी विधायक जयकुमार सिंह जैकी एवं अमौली ब्लाक प्रमुख सुशीला सिंह ने ऑक्सीजन युक्त पौधे रोपित कर हरित क्रांति का संदेश दिया आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के साथ मौजूद कुलपति गया प्रसाद वर्मा वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश वर्मा वीरेंद्र वर्मा विशाल वर्मा शिवा गुप्ता समेत सैकड़ो ग्रामीणों ने गांव में वृक्षारोपण कर पौधों को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया आयोजित कार्यक्रम अंतर्गत लगभग डेढ़ सैकड़ा से अधिक जिसमें 75 वृक्ष अशोक 50 पाम 20 फायकास 15 कदम तथा 10 बरगद के वृक्ष लगाए गए वही सभी पौधों में ट्रीगार्ड लगाकर उनकी सुरक्षा और देखरेख का ग्रामीणों ने संकल्प लिया मिली जानकारी के अनुसार हाल ही में जनपद में वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश वर्मा द्वारा संचालित एमजी नर्सरी से सभी शोधित वृक्ष मगाऐ गए

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**





बाकी सारे रिश्ते तो हमें जन्म से मिलते हैं, एक दोस्ती का रिश्ता हम खुद ही बनाते हैं। स्वार्थ से परे, सुख-दुख पर हमेशा साए की तरह मौजूद रहने वाला यह रिश्ता हमारे लिए सबसे अधिक मायने रखता है। भले ही समय के साथ इसका स्वरूप बदल गया हो लेकिन आज भी यह उतना ही मूल्यवान है।

# सबसे प्यारा-अनमोल दोस्ती का रिश्ता

कवर स्टोरी

अंशु सिंह

इस दुनिया में तरह-तरह के लोग रहते हैं। कुछ हमारे परिवार के सदस्य होते हैं, कुछ रिश्तेदार। कुछ हमसे प्रेम करते हैं तो कुछ हमसे ईर्ष्या करते हैं। कुछ ऐसे भी लोग होते हैं, जो बिना किसी फायदे के जरूरत पड़ने पर हमारी हर संभव मदद करने को सदैव तत्पर रहते हैं। हमें जीवन का सही मार्ग दिखाते हैं। दुख और मुश्किल समय में साथ खड़े होते हैं। उन्हें ही हम दोस्त कहते हैं। यह दोस्ती हमारे आपसी विश्वास और आस्था पर टिकी होती है।

**स्वार्थ से परे आत्मीय रिश्ता:** किसी ने कहा है, 'मुझे अपने मित्रों के बारे में बताइए, मैं आपके व्यक्तित्व के बारे में बता दूंगा।' वास्तव में आपके दोस्त किस तरह के हैं, वह काफी हद तक इस बात पर निर्भर करता है कि आपका जीवन में क्या लक्ष्य है? आपका चरित्र कैसा है, आपकी सोच कैसी है?

सच में, धन-दौलत तो बहुत से लोग कमा लेते हैं। लेकिन दोस्ती जैसा सच्चा धन हर कोई नहीं कमा पाता। इस दुनिया में हर इंसान को एक ऐसे शख्स की जरूरत होती है, जिसे वह अपनी दिल की बातें बेझिझक बता सके। इसलिए दोस्त वो होता है, जिस पर आंख बंद कर भरोसा किया जा सके। दोस्तों के बीच स्वार्थ का कोई स्थान नहीं होता। न ही दोस्ती किसी की जाति, पंथ या धर्म देखती है।

**पुराणों-इतिहास में मित्रता:** हिंदू पौराणिक कथाओं में मित्रता के कई आदर्श उदाहरण देखे जा सकते हैं। जैसे, भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा, वानर राज सुग्रीव एवं भगवान श्रीराम, श्रीराम एवं विभीषण की मित्रता हमारे लिए आज भी आदर्श हैं। इतिहास पर नजर डालें तो 19वीं सदी के शुरुआती दौर में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक और मोहम्मद अली जिन्ना बहुत अच्छे दोस्त हुआ करते थे। वे अकसर घर-सार्वजनिक स्थलों पर मिलकर अंग्रेजों को देश से खदेड़ने के तरीकों पर चर्चा करते थे। मुगल काल में छत्रपति शिवाजी और तानाजी भी बचपन के दोस्त थे। बाल्यकाल से ही दोनों मुगलों के अधीन किलों पर विजय पाने की रणनीति बनाया करते थे। जैसे-जैसे दोनों बड़े हुए, शिवाजी ने तानाजी की मदद से कई लड़ाइयां जीतीं और तानाजी उनके योद्धा सेनापति बन गए। इस तरह उन्होंने आजीवन अपनी दोस्ती की मिसाल कायम की। उनकी दोस्ती इतिहास में अमर हो गई।





**होता है मार्गदर्शक :** दोस्ती का संबंध ही ऐसा होता है कि वे सदा एक-दूसरे के लिए मौजूद रहते हैं। अपने दोस्त का हित करने के लिए व्यक्ति उसकी नाराजगी भी झेलने को तैयार रहता है। एक सच्चा दोस्त हमेशा अपने दोस्त का सबसे बड़ा शुभचिंतक होता है, उसका मार्गदर्शक होता है। हो सकता है कि किसी समय कुछ देर के लिए अपने मित्र की बातें या कार्य आपको उचित न लगें। लेकिन कभी न भूलें कि सच्चा मित्र हर स्थिति में आपका हित ही चाहता है। अगर वह कोई कार्य करने से आपको रोकता है तो उसमें जरूर आपका हित ही होगा। हो सकता है उसका मनोभाव आपको कुछ समय बाद समझ में आए।

**मित्रता पर भी पड़ा तकनीकी प्रभाव:** पिछले दो-तीन दशकों में विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और तकनीकी कारणों से मित्रता में काफी बदलाव आया है। 20 वीं सदी तक दोस्ती खतों और आमने-सामने की मुलाकातों के जरिए कायम रहती थी। फिर टेलीफोन और बाद में इंटरनेट ने संपर्क बनाए रखना आसान बना दिया। इक्कीसवीं सदी में टेक्स्ट मैसेज, सोशल मीडिया और वीडियो कॉल के जरिए संवाद होने लगा। व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम और ट्विटर जैसे प्लेटफॉर्म ने तो दोस्ती बनाने और निभाने के तरीके को पूरी तरह बदल कर रख दिया। इनसे लोग दुनिया भर में एक-दूसरे से जुड़ सकते हैं। हालांकि इसमें ज्यादातर रिश्तों में गहराई नहीं होती। कह सकते हैं कि दोस्ती की परिभाषा व्यापक हो गई है। आज दोस्ती पारंपरिक बाधाओं को पार करते हुए अधिक विविध और समावेशी तरीकों से विकसित हो सकती है। बहरहाल, समय और दौर कोई भी हो, दोस्ती आज भी दो इंसानों के बीच सबसे प्यारा और अनमोल रिश्ता होता है। *

## दोस्ती से बेहतर रहता है मानसिक स्वास्थ्य



पल्लवी प्रकाश
साइकोलॉजिस्ट -मोटिवेशनल कोच

**अच्छे मानसिक** स्वास्थ्य के लिए भी दोस्ती का बहुत अधिक महत्व होता है। दोस्त, भावनाओं को व्यक्त करने, समस्याओं को साझा करने और सलाह लेने के लिए एक आत्मीय साथ प्रदान करता है। इस भावनात्मक समर्थन से तनाव, चिंता और उदासी सभी को कम किया जा सकता है। फ्रेंडशिप नेटवर्क का हिस्सा होने से व्यक्ति जुड़ाव और खुद को मूल्यवान महसूस करता है। यह अपनेपन की भावना मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है और उसे अकेलेपन, अलगाव की भावनाओं से बचा सकती है। दोस्त नियमित व्यायाम, संतुलित आहार जैसी स्वस्थ आदतों को प्रोत्साहित करके और धूम्रपान या अत्यधिक शराब पीने जैसे हानिकारक आदतों से बचाकर व्यवहार को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकते हैं।

## बॉलीवुड में दोस्ती



**हिंदी फिल्म** इंडस्ट्री में पिछले कुछ सालों में बहुत कुछ बदला है। एक ऐसी इंडस्ट्री जो अधिकतर बिजनेस बेनिफिट और स्वार्थ के लिए जानी जाती है। उस माहौल में भी कई स्टार्स की दोस्ती एक मिसाल की तरह है। जैसे, करीना-अमृता-मलाइका की एक दशक से भी ज्यादा पुरानी दोस्ती आज भी उतनी ही मजबूत और अटूट बनी हुई है। बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान, अनन्या पांडे और शनाया कपूर बचपन की दोस्त हैं। अनन्या, शनाया को सोल सिस्टर कहती हैं। अभिनेता रणबीर कपूर और निर्देशक अयान मुखर्जी का ब्रोमांस इंडस्ट्री में बेहद चर्चित है। सलमान खान और अजय देवगन भी वर्षों से पक्के दोस्त हैं। इस बारे में अजय कहते हैं, 'सलमान और मैं एक ही समय पर इंडस्ट्री में आए थे। पिछले 25 सालों से हमारी दोस्ती बरकरार है।'

सेल्फ मोटिवेशन



राजयोगी बीके निकुंज जी

# हमेशा साथ रहता है हमारा सच्चा मित्र

यह सही है कि आज के दौर में सच्चा मित्र मिलना बहुत कठिन है। बिना किसी स्वार्थ के हमेशा साथ रहने वाला सच्चा मित्र। ऐसे ही सच्चे मित्र की तरह ईश्वर भी हमेशा हमारे साथ रहता है।

जरूरत के वक्त जो साथ दे, वही सच्चा मित्र होता है। यह पुरानी कहावत आज भी उतनी ही सच है, जितनी वर्षों पहले थी। जीवन के किसी न किसी मोड़ पर हम सभी ने इसे अनुभव किया है, कभी किसी अजनबी से, तो कभी उस शख्स से जिससे हमें कोई उम्मीद नहीं थी। लेकिन आज, जब हमारे जीवन में रिश्तों से ज्यादा 'कांटेक्ट्स' हैं, और मित्र बस केवल स्क्रीन पर दिखाई देने वाले नाम बनकर रह गए हैं, तब यह सवाल जरूरी हो गया है कि मित्रता वास्तव में हमारे लिए क्या मायने रखती है?

**हर रिश्ते से ऊपर:** जब आप आंखें बंद करके खुद से यह पूछते हैं कि मेरे जीवन में कौन वास्तव में मायने रखता है? तो आपका ध्यान शायद उस व्यक्ति की ओर नहीं जाता, जिसने आपको योग्य सलाह दी। बल्कि उस व्यक्ति को मन याद करता है, जो उस समय चुपचाप आपके कंधे पर हाथ रखकर पास बैठा रहा, जब आपकी दुनिया बिखर रही थी। जी हां! मित्रता वही रिश्ता है, जो न खून के रिश्ते से बंधा होता है, न शर्तों पर टिका होता है। एक सच्चा मित्र आपको वैसे ही स्वीकार करता है, जैसे आप हो न कि जैसे वह आपको देखना चाहता है। शायद इसलिए ही परिवार या रिश्तेदार से ऊपर हम हमेशा मित्रता को रखते हैं क्योंकि यही एक ऐसा रिश्ता है, जो हम अपनी पसंद से चुनते हैं।



**बनता है आत्मिक संबंध:** एक सच्चा मित्र शायद हमसे हमारी पसंद की बात हमेशा कह न पाए, लेकिन उसकी बात सीधे दिल तक पहुंचती है और इसीलिए उस व्यक्ति के साथ हमें एक आत्मीयता सी महसूस होती है, जो न किसी तर्क पर टिकी होती है, न किसी प्रयोजन पर। जब यह जुड़ाव दोनों ओर से होता है, जब आत्माएं एक-दूसरे को पहचानें और सम्मान दें, तब एक सुंदर संबंध का जन्म होता है। एक ऐसा संबंध, जो जीवन भर और शायद उसके बाद भी बना रहता है।

**सच्ची नहीं आभासी मित्रता:** आज बदलते युग में मित्रता का अर्थ बदलता जा रहा है। आज हम सहकर्मी, सहपाठी, जिम के साथी या सोशल मीडिया फॉलोअर्स को भी मित्र कह देते हैं। लेकिन साथ रहना और दिल से जुड़ना इन दोनों में बड़ा फर्क है। फेसबुक फ्रेंड होना, इंस्टाग्राम पर जन्मदिन की बधाई देना, ये सब असली मित्रता नहीं है। सच्ची मित्रता वहां होती है, जहां भावनात्मक समानता होती है, दिल से दिल का रिश्ता होता है, जहां न अहं होता है और न किसी भी प्रकार की अपेक्षा।

सवाल उठता है कि तो कौन होता है सच्चा मित्र? एक ऐसा व्यक्ति जिसके समक्ष आप बिना किसी मुखौटे के अपने मूल रूप में रह सकें, बिना कुछ छुपाए, बिना कुछ साबित किए। जो आपके दोषों को जानकर भी आपका साथ न छोड़े। जो शब्दों से नहीं, मौन से भी दिल तक पहुंच जाए और एक हल्के से स्पर्श या दृष्टि से आपको यह जता दे 'मैं यहीं हूं तुम्हारे साथ।' आज के इस तेज रफ्तार जीवन में, सबसे दुर्लभ बात है, उपलब्धता। वर्तमान काल में ऐसा कोई है, जो बिना विचलित हुए बस आपकी बात सुने? है कोई ऐसा? आजकल तो सभी से ज्यादातर, 'थोड़ी देर बाद बात करते हैं', फिर से कॉल करता हूं', 'थोड़ा बिजी हूं' यही सब सुनने को मिलता है, जो भावनात्मक दूरी की नई भाषा बन चुके हैं। इसीलिए इस बात से कोई इंकार नहीं करेगा कि आज हम एक ऐसे दौर में जी रहे हैं, जहां रिश्ते भी सुविधाओं के अनुसार चलते हैं। जब जरूरत हो, तब याद किया जाता है। जब हम किसी के काम के नहीं रहते, तो भुला दिए जाते हैं।

**ईश्वर होता है हमारा परममित्र:** आज के समय में ऐसा मित्र मिलना मुश्किल है, जो बिना किसी अपेक्षा के, बिना किसी शर्त के साथ दे। मैंने अपने अनुभव में पाया कि सबसे स्थायी, सबसे निःस्वार्थ मित्रता मुझे इंसानों में नहीं, बल्कि किसी और में मिली, सर्व शक्तिमान परमात्मा में। जी हां, उस दिव्य सत्ता में जिसे आप भगवान, ईश्वर, खुदा, सर्वोच्च आत्मा या सिर्फ मेरा सबसे प्यारा मित्र कह सकते हैं। हम प्रार्थना में अकसर उसे पिता, माता, गुरु या मार्गदर्शक कह कर पुकारते हैं। लेकिन क्या कभी आपने उससे एक मित्र की तरह बात की है? बिना किसी औपचारिकता, बिना किसी रीति-नीति के, बस सीधे दिल से? एक बार कोशिश कीजिए। जैसे अपने सबसे करीबी दोस्त से आप बात करते हैं, वैसे ही उनसे भी करिए, बिना कोई डर, बिना संकोच। फिर देखना आप अंदर ही अंदर महसूस करेंगे एक ऐसी शांति, ऐसा सुकून, जो किसी मानवीय रिश्ते में नहीं मिलता। उसका प्रेम प्रदर्शन पर नहीं अपितु उपस्थिति पर आधारित है। बस उसे दिल से याद कीजिए और वो आपकी हर धड़कन में मौजूद मिलेगा। *

लाइफस्टाइल

शिखर चंद जैन



अच्छे दोस्त मिलना सौभाग्य की बात है। इससे जिंदगी गुलजार हो जाती है। इसलिए किसी को अपना घनिष्ठ दोस्त बनाने से पहले उसमें मौजूद कुछ क्वालिटीज के बारे में जरूर जान लेना चाहिए।

# जिंदगी में बहुत जरूरी हैं ऐसे दोस्त

जिंदगी में अच्छे दोस्तों की अहमियत बहुत ज्यादा है, क्योंकि हम जो कुछ भी हैं अपने आस-पास के लोगों, अपनी संगत और माहौल की वजह से ही हैं। हमारे सपने, लक्ष्य, सोचने और काम करने का तरीका, रहन-सहन और जीने का अंदाज बहुत कुछ उन्हीं लोगों से प्रभावित होता है, जिनके साथ हम अपना ज्यादातर वक्त बिताते हैं। इसे मनोविज्ञानी लॉ ऑफ अट्रैक्शन कहते हैं। अमेरिकी व्यवसायी जिम रॉन ने कहा है कि आप उन 5 लोगों का एवरेज होते हैं, जिनके साथ आप हमेशा रहते हैं। इसलिए दोस्त बनाने में बहुत सावधानी बरतनी चाहिए।

**जो देते हैं स्मार्ट सोशल सपोर्ट:** हम जो कुछ करते हैं, उसमें प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से बहुत सारे लोगों का इंवॉल्वमेंट होता है। पर्सनल लाइफ हो या प्रोफेशनल लाइफ, अपने आर्थिक, मानसिक, सामाजिक और शारीरिक हितों के लिए हमें कुछ लोगों पर निर्भर होना पड़ता है, अच्छे दोस्त यह जरूरत पूरी करते हैं।

**जो ज्यादा समझदार हों:** महान दार्शनिक कन्फ्यूशियस ने कहा था, 'अगर आप अपने इनर सर्किल में सबसे स्मार्ट या बुद्धिमान व्यक्ति हैं तो आप एक गलत सर्किल में रह रहे हैं।' कहने का तात्पर्य यह है कि आपको खुद से ज्यादा सफल, सक्षम, समझदार और प्रतिष्ठित दोस्तों के बीच रहना चाहिए। इसलिए आप ऐसे लोगों को दोस्ती के लिए चुनें, जो आपकी सफलता और मानसिक सुकून में आपके साथी बन सकें।

**जिनका साथ अच्छा लगे:** मानसिक बीमारियों के प्रबल वर्तमान दौर में मन का सुकून बड़ी दुर्लभ चीज हो गई है। अधिकांश इंसान दुश्चिंता और अवसाद से घिरे रहते हैं। ऐसे में जिन लोगों के बीच रहकर आपको मानसिक सुकून मिलता हो, जिनके साथ हंसी-मजाक का दौर चलता हो, उन्हें अपनी जिंदगी का हिस्सा जरूर बनाएं।

**जिनकी उपस्थिति में सहज महसूस करें:** ऐसे दोस्त जिनकी उपस्थिति में आप सहज महसूस करें और अपने मन की बातें बिना लाग लपेट के खुलकर कह सकें, उनको साथ रखना चाहिए। ये ऐसे लोग होते हैं, जिनके कुछ कहने पर आपका ईगो हर्ट नहीं होता और आप कुछ कह दें तो ये भी दिल पर नहीं लेते। ये शॉक एब्जॉर्बर करने वाले लोग, जिनकी आपको जरूरत होती है।

**जो बुरे वक्त में साथ खड़े रहते हों:** हर व्यक्ति की जिंदगी में दो चार दोस्त ऐसे जरूर होने चाहिए, जो बुरे वक्त में उसके साथ खड़े रह सकें। बीमारी की स्थिति में सही डॉक्टर या अस्पताल तक पहुंचाना और तीमारदारी, दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने वाला और आर्थिक मुसीबत के वक्त पैसों की मदद करने वाले लोग निहायत जरूरी हैं। आपको भी ऐसे लोगों से अपने रिश्ते प्रगाढ़ रखने चाहिए।



**जो आत्मविश्वास बढ़ाते हों:** आप किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करना चाहते हैं, कोई नया बिजनेस करना चाहते हैं या चैलेंजिंग जॉब ज्वाइन करना चाहते हैं तो शुरू-शुरू में हिचक रहती है। ऐसे में आप असफल लोगों से राय मांगेंगे तो वे आप को हतोत्साहित कर देंगे। वहीं सकारात्मक स्वभाव के दोस्त आपका आत्मविश्वास बढ़ाएंगे, पॉजिटिव सजेशन देंगे और आपको प्रेरणा देंगे। ऐसे लोगों से मेल मिलाप अवश्य रखें।

**जो आपसे ईर्ष्या ना करते हों:** कुछ लोग अपने इर्द-गिर्द वालों की तरक्की, खुशहाली और सुकून नहीं देख सकते। ये ईर्ष्यालु होते हैं और मौका मिलते ही टांग खींचते हैं। ऐसे लोगों से दोस्ती करने से दूर रहें। जो लोग आपकी सफलता को सराहते हैं और आपसे प्रेरणा या सलाह लेना चाहते हैं, उन्हें अवश्य अपने सर्किल में रखें। इनसे आप जीवन में कभी खुद को अकेला महसूस नहीं करेंगे। *

दोहे / राजश्री राठी

## बरखा नर्तन करे



झंकृत वीणा हृदय की छेड़ रही अनुराग।
बरखा नर्तन यूं करे जैसे पद में राग।।
नैन बाट जोहत रहे भर-भर कर मनुहार।
बरखा का स्वागत करे हृदय कुसुम बन हार।।
बरखा छम-छम यूं करे ज्यूं पायल झनकार।
दुल्हन रूप धरा लिए सज सोलह सिंगार।।
गरजे घन-घन मेघ जब करते बंद किवाड़।
बैरन सी बरखा हुई मन को रही बिगाड़।।
बादरवा घनन गरजे मन मोरा घबराय।
पिया रहे परदेस में नैन नेह बरसाय।।
छम-छम बरखा जो हुई मन मे भरी उमंग।
आसमान में उड़ रही जैसे कोई पतंग।।

कहानी

विनय कुमार पाठक

## राखी का तोहफा

बेईमानों से भरी इस दुनिया में भी बहुत से ऐसे ईमानदार हैं, जिनका मन विपन्नता में भी किसी के पड़े बैग में ढेर सारे पैसे देखकर भी नहीं डगमगाता। ऐसी ही एक कबाड़ बटोरने वाले गरीब इंसान की दिल को छूती कहानी।



एआई इमेज

राजेंद्र एक कबाड़ बीनने वाला है, वह रोज की तरह रेलवे स्टेशन पर कचरे के ढेर में अपने काम की चीजें तलाश रहा था। उसकी नजरें बेहद सतर्क थीं-प्लास्टिक की बोतलें, टीन के डिब्बे और अपने काम की अन्य चीजे, उसकी निगाहें तलाश रही थीं। इन्हें वह कबाड़ी को बेचकर कुछ पैसे कमा लेता था। उसने अपनी बोरी में ऐसी कई चीजें भर रखी थीं, लेकिन वह कुछ और सामान बटोरना चाह रहा था।

तभी राजेंद्र की नजर दूर पड़े एक भूरे रंग के हैंडबैग पर पड़ी। 'शायद किसी अमीर आदमी ने यूं ही फेंक दिया होगा।' राजेंद्र ने सोचा। उसे मालूम है, जो चीजें अमीरों के लिए बेकार होती हैं, वही किसी गरीब के लिए बहुत काम की होती हैं। उसे पहले भी कूड़े से एक जोड़ी अच्छे जूते मिले थे, जिसे वह खुद इस्तेमाल कर रहा था। यह बैग उसे कुछ ऐसा ही अवसर लग रहा था।

तेजी से चलकर राजेंद्र उस बैग तक पहुंचा। सौभाग्य से आस-पास कोई और रद्दी बीनने वाला नहीं था। बैग अच्छी हालत में था। बस उसका हैंडल टूटा हुआ था, जिसे कोई मोची आसानी से ठीक कर सकता था। राजेंद्र ने इधर-उधर देखा कि कोई देख तो नहीं रहा, फिर बैग के बीच वाला चेंबर खोला। अंदर देखा तो उसके होश उड़ गए-उसमें पांच सौ के नोटों की एक मोटी गड्डी थी। साथ ही एक क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड भी रखा दिखा।

यह अप्रत्याशित दौलत देखकर राजेंद्र के मन में खुशी की लहर दौड़ गई। लेकिन दूसरे ही पल उसे अहसास हुआ कि कार्ड उसके किसी काम के नहीं हैं। राजेंद्र ने सुना था कि किसी और के कार्ड इस्तेमाल करने पर जेल हो सकती है। हो सकता है, यहां कहीं लगा सीसीटीवी कैमरा यह सब कवर कर रहा हो। उसका बेवजह फंसने का कोई इरादा नहीं था। एकाएक राजेंद्र के दिमाग में आया, हो सकता है इस बैग के मालिक को पैसों की बहुत जरूरत हो, दवाई या किसी और जरूरी काम के लिए। अपने मन के बोझ को दूर करने के लिए वह सीधे रेलवे स्टेशन जा पहुंचा। स्टेशन मास्टर के केबिन में जाकर बोला, 'साहब, यह बैग मुझे रेलवे ट्रैक के पास मिला था, जब मैं कबाड़ बीन रहा था।'

'ठीक है, जाकर उधर एक किनारे बैठ जाओ।' स्टेशन मास्टर ने कहा। वहां रूम में एक व्यक्ति बैठा हुआ था। वह चिंतित दिख रहा था।

'मिस्टर अजय, शायद यही वह बैग है, जिसकी आप तलाश कर रहे थे।' स्टेशन मास्टर ने उस व्यक्ति से पूछा।

'संभव है, मेरी कुलीग मीनाक्षी ने बताया था कि उसका ब्राउन बैग खो गया है। इसका डिटेल इससे मेल खाता है। उसमें आईडेंटिटी कार्ड, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और आज की सैलरी थी।' अजय ने जवाब दिया और राजेंद्र को थोड़ा संदेह की नजर से देखा।

'हां, इसमें पांच सौ के नोटों की मोटी गड्डी और दो कार्ड हैं।' राजेंद्र ने बताया।

'हमें इसकी पुष्टि करनी होगी।' स्टेशन मास्टर ने कहा और बैग खोलकर देखा। अंदर मीनाक्षी माथुर का ऑफिस पहचान पत्र और दोनों कार्ड मौजूद थे। नाम कार्ड पर स्पष्ट लिखा हुआ था।

'अजय जी, प्लीज मीनाक्षी जी को तुरंत फोन करें और बताएं कि उनका बैग मिल गया है, मेरे पास सुरक्षित है। आधार, वोटर कार्ड या पैन कार्ड लेकर आएं और सत्यापन करवा लें।' स्टेशन मास्टर ने कहा।

अजय ने तुरंत मीनाक्षी को कॉल किया। वह पहले से ही बहुत परेशान थी। कॉल उठाते ही बोली, 'मैं अभी आ रही हूं। आधे घंटे में पहुंच जाऊंगी। प्लीज उस सज्जन को रोकिए, जिन्होंने बैग लौटाया है। मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहूंगी। मेरे लिए यह पैसा बहुत जरूरी है।'

'सर, अब मैं जा सकता हूं?' राजेंद्र ने पूछा।

'हां, आप जा सकते हैं। आपकी ईमानदारी सराहनीय है। रेलवे प्रशासन को मैं आपके लिए पुरस्कार की सिफारिश करूंगा। आप अपना नाम और पता नोट करवा दीजिए।' स्टेशन मास्टर ने कहा।

'भाई साहब, जरा रुक जाइए। बैग की मालकिन आने ही वाली हैं, वो आपको व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद देना चाहती हैं।' अजय ने आग्रहपूर्वक कहा।

'ठीक है।' राजेंद्र ने कहा और अपना बोरा किनारे रखकर बैठ गया। करीब पैंतालीस-पचास मिनट बाद मीनाक्षी पहुंची, थोड़ी हांफती हुई।

'माफ कीजिए, ट्रैफिक बहुत था, इसलिए देर हो गई।' मीनाक्षी ने कहा। फिर अपना आधार कार्ड देकर प्रक्रिया पूरी की। स्टेशन मास्टर ने उसे बैग सौंप दिया।

'भाई साहब, मैं आपकी ईमानदारी के लिए आपको दिल से धन्यवाद देना चाहती हूं। आज मेरी सैलरी मिली थी, वह कुछ ही घंटों में गुम हो गई। भीड़ में ट्रेन से उतरते समय हैंडल टूट गया था। ढूंढने की बहुत कोशिश की, लेकिन नहीं मिला। मैं आपको कुछ देना चाहती हूं, इसलिए देर हो गई। क्या आपको पता है कि आज रक्षा बंधन है?' मीनाक्षी ने अपने पर्स से एक राखी निकाली और मुस्कुरा दी। राजेंद्र ने बिना झिझक अपना हाथ बढ़ा दिया। मीनाक्षी ने पूरे स्नेह से उसे राखी बांधी। राजेंद्र ने अपनी फटी हुई जेब से एक छोटा पर्स निकाला। उसमें केवल दस रुपए का एक नोट था। उसने उस नोट को निकाला और कहा, 'मेरे पास बस यही है।' 'भैया, आपको कुछ भी देने की जरूरत नहीं है। आपकी ईमानदारी ही मेरे लिए सबसे बड़ा तोहफा है।' मीनाक्षी ने कहा और अपने बैग की ओर इशारा किया, आगे बोली, 'मैं मिठाई नहीं ला पाई तो कृपया ये पैसे रख लीजिए। अपने लिए मिठाई खरीद लीजिएगा।' उसने बैग से पांच सौ के दो नोट निकाले और राजेंद्र को सौंप दिए।

राजेंद्र थोड़ा झिझका, लेकिन स्टेशन मास्टर और अजय ने उसे कहा, 'यह पैसा स्वेच्छा से दे रही हैं, इसे लेने में कोई बुराई नहीं है।' अंततः राजेंद्र ने पैसे ले लिए और कमरे से बाहर निकल गया।

'आज भी ऐसे नेक लोग हैं दुनिया में।' मीनाक्षी ने अजय से कहा। वह राजेंद्र को जाते हुए तब तक देखती रही, जब तक नजरों से ओझल नहीं हो गया। *